

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 वेस्टइंडीज के खिलाफ इतिहास रचने... | द.अफ्रीका के बिजली संकट को दूर करने... 12



वर्ष : 10 | अंक : 72 | पटना, बुधवार, 27 जुलाई 2022 | श्रावण मास कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 32.0°C

न्यूनतम तापमान 27.0°C

मौसम विभाग के अनुसार आज भी मौसम बरकरार रहेगा साथ ही बारिश होने की संभावना है।

**पोल**

क्या उद्धव को उलझाकर खुद भी उलझ गए शिंदे?

| | |
|---|---|
| हां | 60% |
| नहीं | 30% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 52,190 |
| चांदी | 54,500 |
| सेंसेक्स | 55,268 |
| निफ्टी | 16,483 |

# संसद के दोनों सदन में विपक्ष का हंगामा, राज्यसभा के 19 सदस्य निलंबित

**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**



**प्रस्ताव**

- संसदीय कार्य राज्यमंत्री वी मुरलीधरन ने निलंबन का रखा था प्रस्ताव
- निलंबित सदस्यों पर वेल में आकर नारेबाजी व हंगामा करने का आरोप मुरलीधरन ने निलंबन का रखा था प्रस्ताव

महंगाई और वस्तु एवं सेवा कर तथा अन्य मुद्दों पर चर्चा कराने की मांग को लेकर राज्यसभा के 19 सदस्यों को मंगलवार को इस सप्ताह की शेष अवधि के लिए सदन से निलंबित कर दिया गया। निलंबित सदस्यों के आसन के निकट हंगामा करने और सदन से बाहर नहीं जाने पर चार बार के स्थगन के बाद कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गयी। चार बार के स्थगन के बाद पौने चार बजे जब सदन की कार्यवाही पुनः शुरू हुई तो पीठासीन उप सभापति भुवनेश्वर कलिता ने निलंबित किये गये 19 सदस्यों का नाम लेते हुए उन्हें सदन से बाहर जाने और कार्यवाही चलने देने की अपील की। इसी बीच विपक्षी सदस्य आसन के निकट आ गये और निलंबित सदस्यों के साथ नारेबाजी करने लगे। श्री कलिता ने निलंबित सदस्यों से बार बार अपील की कि वे सदन से बाहर चले जायें और कार्यवाही चलने दें लेकिन उनकी अपील का असर न होते देख उन्होंने सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले महंगाई और अन्य मुद्दों पर चर्चा कराने की मांग पर अड़े विपक्षी सदस्यों ने सुबह से ही सदन में जमकर हंगामा किया जिसके कारण शून्यकाल नहीं हो सका और प्रश्नकाल हंगामे के बीच ही हुआ। भोजनावकाश के बाद जब कार्यवाही दोबारा शुरू हुई तो विपक्षी सदस्यों ने फिर से शोर शराबा शुरू कर दिया। इस पर संसदीय कार्य राज्यमंत्री वी मुरलीधरन ने कार्यवाही में बाधा पहुंचाने और सदन तथा आसन का सम्मान नहीं करने के लिए विपक्ष के 19 सदस्यों के निलंबन का प्रस्ताव रखा जिसे ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। उप सभापति हरिवंश ने इसके बाद निलंबित सदस्यों से सदन से बाहर चले जाने की अपील की। उनकी इस अपील का सदस्यों पर कोई असर नहीं हुआ तो उन्होंने सदन की कार्यवाही 15 मिनट के लिए स्थगित कर दी। इसके बाद सदन की कार्यवाही पहले एक घंटे के लिए और फिर एक घंटे के लिए स्थगित कर दी गयी। मानसून सत्र 18 जुलाई को शुरू हुआ था और आज इसका सातवां दिन है लेकिन विपक्ष और सत्ता पक्ष के अपने अपने रुख पर अड़े रहने के कारण सदन की कार्यवाही लगातार बाधित हो रही है तथा कोई खास विधायी कामकाज नहीं हो सका है।

# सोनिया गांधी से 6 घंटे पूछताछ, आज भी पेशी

## कांग्रेस नेताओं ने सड़क पर किया प्रदर्शन, 50 सांसद हिरासत में

**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**

नेशनल हेराल्ड से जुड़े धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से मंगलवार को छह घंटे तक पूछताछ की। ईडी के अधिकारियों ने सोनिया गांधी को बुधवार को फिर बुलाया है। मंगलवार को दो राउंड में उनसे 6 घंटे पूछताछ हुई। उधर, सोनिया गांधी से पूछताछ के दौरान कांग्रेस नेताओं ने सड़क पर प्रदर्शन किया।

इस दौरान पुलिस ने राहुल गांधी समेत कई कांग्रेसी नेताओं को हिरासत में लिया। लंच के बाद सोनिया गांधी करीब 3.30 बजे फिर से ईडी दफ्तर पहुंचीं, यहां उनसे करीब 7 बजे तक पूछताछ हुई। दूसरी ओर पूछताछ के खिलाफ पार्टी सांसदों के साथ राहुल गांधी विजय चौक के पास धरने पर बैठ गए, जिसके बाद दिल्ली पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी भी विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया।

**खड़गे-वेणुगोपाल भी हिरासत में**

कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, केसी वेणुगोपाल, शक्ति सिंह गोहिल समेत 50 सांसदों को हिरासत में लिया गया है। कांग्रेस ने ट्वीट कर कहा है कि इन सांसदों को पुलिस कहीं अज्ञात जगह पर ले जा रही है। कांग्रेस के ये सभी सांसद पार्लियामेंट से राष्ट्रपति भवन तक विरोध मार्च करते हुए जा रहे थे। दिल्ली पुलिस ने राहुल गांधी को भी हिरासत में लिया था, लेकिन सोनिया से पूछताछ खत्म होने के बाद पुलिस ने राहुल गांधी को छोड़ दिया।



पूछताछ के बाद ईडी आफिस से निकलीं सोनिया गांधी, इनसेट में प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेता का बाल पकड़ कर खींचता पुलिसकर्मी

**सोनिया से पूछे कुछ प्रमुख सवाल!**

- एजीएल में कितने डायरेक्टर हैं और उनकी हिस्सेदारी कितनी है?
- एजीएल में आप किस पद पर थीं?
- आप यंग इंडिया से कैसे जुड़ीं?
- फंड कांग्रेस का, शेयर आपके नाम पर कैसे?
- यंग इंडिया का काम क्या है?
- ऐजीएल का टेकओवर कब और कैसे?
- एजीएल का शेयर किस आधार पर दिए गए?
- एजीएल को दिया लोन बैलंस शीट में क्यों नहीं दिखाया?
- 90 करोड़ का लोन देने का फैसला करने वाली बैठक में आप मौजूद थीं?

**महिला कांग्रेस ने काले गुब्बारे उड़ाए**

कांग्रेस महासचिव अजय माकन ने आरोप लगाया कि दिल्ली पुलिस कांग्रेस के बड़े नेताओं को राजघाट भी नहीं जाने दे रही है। हमें प्रदर्शन करने से रोका जा रहा है। हालांकि दफ्तर के बाहर महिला कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने विरोध में काले गुब्बारे उड़ाए।

**राहुल ने साधा केंद्र पर निशाना**

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी इस समय अपने 50 सांसदों के साथ पुलिस हिरासत में थे। अभी कुछ देर पहले ही वह किंग्सवे स्थिति पुलिस हिरासत केंद्र से बाहर निकले हैं। राहुल ने एक और ट्वीट से मोदी सरकार पर निशाना साधा है। राहुल गांधी ने ट्वीट करते हुए कहा कि देश के 'राजा' का हुक्म है - जो बेरोजगारी, महंगाई, गलत जीएसटी, अग्निपथ पर सवाल पूछेगा - उसे कारागृह में डाल दो। भले ही मैं अभी हिरासत में हूं, भले ही देश में अब जनता की आवाज उठाना जुर्म हो, लेकिन वो हमारा हौसला कभी नहीं तोड़ पाएंगे।

# मंकीपॉक्स के संभावित लक्षण वाले मरीजों की करायी जायेगी सैंपल जांच: मंगल पांडेय

## वरीय अधिकारी, सीएस व अधीक्षकों के साथ स्वास्थ्य मंत्री ने की उच्चस्तरीय बैठक

**निर्देश**

- मंकीपॉक्स की जांच, श्रावणी मेला व कोरोना को लेकर मंत्री ने दिए दिशा-निर्देश

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**

दुलर्भ बीमारी मंकीपॉक्स को लेकर राज्य सरकार पूरी तरह अलर्ट है। इसके लिए एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति और डेडिकेटेड सेंटर बनाने की तैयारियां शुरू हो चुकी है। इस कड़ी में मंगलवार को स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने विभाग की एक उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत समेत अन्य वरीय अधिकारियों के साथ मंकीपॉक्स को लेकर केंद्र सरकार की गाईडलाइन, श्रावणी मेला में श्रद्धालुओं की सेवा और कोरोना संक्रमण पर चर्चा हुई। बैठक में राज्य के सभी सिविल सर्जन और मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल के अधीक्षक वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिये उपस्थित हुए, जिन्हें मंत्री श्री पांडेय ने मंकीपॉक्स की जांच व उपचार के संबंध में लेकर आवश्यक निर्देश दिए। श्री पांडेय ने बताया कि मंकीपॉक्स को लेकर स्वास्थ्य महकमा अलर्ट है। राज्य के किसी जगह से ऐसे संभावित मरीज मिलने पर उसके सैंपल मंगवाने की व्यवस्था विभाग करेगा और उसे जांच के लिए पुणे स्थित भायरोलॉजी लैब भेजा जायेगा। जांच के बाद पॉजीटिव होने पर इलाज की व्यवस्था की जायेगी।

श्री पांडेय ने बैठक में कहा कि मंकीपॉक्स को लेकर राज्यभर के स्वास्थ्यकर्मियों को बीमारी की रोकथाम में अपनी अहम भूमिका अदा करनी है। केवल शहरी क्षेत्रों ही नहीं बल्कि ग्रामीण व सुदूर इलाकों में भी इसके मरीज मिल सकते हैं, वहां भी नजर रखनी है। श्री पांडेय ने सिविल सर्जन को निर्देश दिया कि सभी मेडिकल ऑफिसर इन चार्ज (एमओआईसी) की जिम्मेदारी होगी कि जैसे ही किसी मरीज में इस बीमारी जैसे लक्षण मिले, तुरंत मरीज का सैंपल लें और उसे जांच के लिए भेजें। केवल जिला मुख्यालय ही नहीं, बल्कि ग्रामीण क्षेंत्रों में भी विशेष नजर रखें। यह कोई जानलेवा बीमारी नहीं है, लेकिन लोगों को सतर्क रहना आवश्यक है। मंकीपॉक्स को लेकर को गाईडलाइन जारी कर दी गयी है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से जारी गाईड लाइन को सभी चिकित्सा प्रभारियों को भेज दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग के लिए बारिश का मौसम सबसे बड़ी चुनौती होती है। बाढ़ में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को बहाल करना होता है। अभी विभाग कोविड के साथ-साथ ही मंकीपॉक्स, डेंगू एवं टायफाइड को लेकर सतर्क है। हमारी चुनौती है कि आने वाले समय में प्रमुख पर्व व त्योहारों में भी सावधानी कैसे बरतें।

बैठक में श्री पांडेय ने राज्य में चल रहे श्रावणी मेले में विभाग के कार्यों की समीक्षा की। विशेषकर मुंगेर, भागलपुर, बांका, वैशाली और मुजफ्फरपुर में किये जा रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की और कहा कि जो भी बेहतर कार्य करेंगे उन्हें सम्मान दिया जाएगा। कोविड के लिए वैक्सीन कार्यों में दिए गये योगदान के लिए सिविल सर्जनों की सराहना की। साथ ही कोरोना संक्रमण के प्रभाव को और कम करने को लेकर जांच और टीकाकरण में और तेजी लाने का निर्देश दिया। अपर मुख्य सचिव ने मंकीपॉक्स को लेकर राज्य के सभी सिविल सर्जनों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि संभावित लक्षण वाले मरीजों की सैंपल जांच की व्यवस्था अवश्य रूप से सुनिश्चित कराएं। बैठक में विभाग के अपर सचिव कौशल किशोर, राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक संजय कुमार, अपर कार्यपालक निदेशक केशवनेन्द्र, एड्स कंट्रोल सोसायटी के परियोजना निदेशक अंशुल अग्रवाल समेत विभाग के अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

**सरकार अलर्ट : लक्षण दिखे तो जल्द कराएं जांच**

कोरोना के बाद अब मंकीपॉक्स वायरस फैलने की आशंका के चलते सरकार हाई अलर्ट पर हैं। प्रशासनिक स्तर पर मंकीपॉक्स से निपटने की तैयारियां शुरू कर दी गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालयय के दिशानिदेर्शो के मुताबिक कोई भी शख्स जिसने पिछले 21 दिनों में प्रभावित देशों का दौरा किया हो और उसे बुखार, सिरदर्द, शरीर में दर्द और कमजोरी जैसी शिकायत है तो उसे आइसोलेट कर उसकी जांच की जाए। मंकीपॉक्स के नमूनों की जांच के लिए पुणे में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी में सैंपल भेजे जाएंगे। मंकीपॉक्स वायरस एक जूनोटिक संक्रमण हैं। ये वायरस जानवरों से इंसानों में फैल सकता है। इसके अलावा एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में भी ये वायरस तेजी से फैलता है। विशेषज्ञों के मुताबिक मंकीपॉक्स ज्यादातर यौन मार्ग से शरीर में प्रवेश करता है। इसके अलावा एक और खास बात है और वो ये कि दुनियाभर में सबसे ज्यादा मंकीपॉक्स के मामले में समलैंगिक लोगों में पाए गए हैं। माना जा रहा है कि सबसे ज्यादा खतरा इसी वर्ग को है।



### पटना में मिला मंकीपॉक्स का संदिग्ध मरीज

**पटना।** बिहार में मंकीपॉक्स के पहले संदिग्ध मरीज के मिलने से स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप मच गया है। महिला पटना सिटी के गुरहट्टा इलाके की रहने वाली है। जिसमें मंकीपॉक्स के लक्षण मिले हैं। पीएमसीएच के माइक्रो वायरोलॉजी विभाग की टीम ने जांच के लिए सैंपल ले लिया है। स्वास्थ्य विभाग इस केस को संदिग्ध मान रहा है। इसलिए इसकी जांच कराई जा रही है। महिला की ट्रैवल हिस्ट्री का भी अभी तक कुछ पता नहीं चल पाया है। जानकारी के मुताबिक जांच के लिए 4 लोगों की टीम बनाई गई है। मरीज के सैंपल नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी पुणे भेजे जाएंगे। जहां उसकी जांच की जाएगी।

## संक्षिप्त खबर

### सीएम नीतीश कुमार कोरोना संक्रमित

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कोरोना संक्रमित हो गए हैं। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने मंगलवार को अपने फेसबुक पोस्ट के माध्यम से इसकी पुष्टि की है। पिछले चार दिनों से उन्हें बुखार था। इसके बाद उनके ब्लड सैंपल की जांच कराई गई, जिसमें वह कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। सांसद श्री सिंह ने अपने फेसबुक पोस्ट में कहा, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कोरोना जांच में पॉज़िटिव पाये गए हैं। चिकित्सकों की सलाह पर वह होम आइसोलेशन में हैं। ईश्वर से आदरणीय मुख्यमंत्री के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

### वज्रपात से 15 लोगों की मौत पर मुख्यमंत्री ने जताया दुख

पटना। कल देर शाम से आज तक वज्रपात से कैमूर में 07, भोजपुर में 03, पटना में 01, जहानाबाद में 01, अरवल में 01, रोहतास में 01 एवं औरंगाबाद में 01 व्यक्ति की मौत पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मर्माहत हैं और उन्होंने प्रभावित परिवारों के प्रति अपनी गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में वे प्रभावित परिवारों के साथ हैं। मुख्यमंत्री ने सभी मृतक के परिजनों को तत्काल चार-चार लाख रुपए अनुग्रह अनुदान देने निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की है कि सभी लोग खराब मौसम में पूरी सतर्कता बरतें। खराब मौसम होने पर वज्रपात से बचाव के लिये आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी किये गये सुझावों का अनुपालन करें। खराब मौसम में घरों में रहें और सुरक्षित रहें।

# योगी कैबिनेट की बैठक में कई बड़े फैसले

**योजना**

- यूपी से एनसीआर क्षेत्र में प्रवेश पर रोड टैक्स में राहत
- प्राथमिक के स्कूली छात्रों को मिलेंगे 100 रुपये ज्यादा

**लखनऊ, प्रात : किरण संवाददाता**

उत्तर प्रदेश में मंगलवार को मंत्रिमंडल की बैठक हुई, जिसमें कई बड़े फैसले लिए गए। योगी सरकार ने शहरी और ग्रामीण दोनों तरफ के लोगों को ध्यान में रखकर कुछ फैसले

हैं। सबसे बड़ा फैसला यही है कि अब यूपी से एनसीआर के बाकी राज्यों (हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान) में प्रवेश करने पर कैब्स आदि से अलग से रोड टैक्स नहीं लिया जाएगा। इसके अलावा बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूली बच्चों को अब पहले के मुकाबले 100 रुपये ज्यादा भेजे जाएंगे। साथ में कई और सुविधाएं भी मिलेंगी।

सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में कई प्रस्तावों पर मुहर लगी है। रोड टैक्स वाले प्रस्ताव के पास होने से अब राज्य के लाखों लोगों को फायदा होगा। अब इन लोगों को रोड टैक्स नहीं देना होगा। मतलब यूपी से एनसीआर में जाने वाली गाड़ियों जैसे- स्कूल वैन, कैब, एम्बुलेंस आदि पर अब टैक्स नहीं लगेगा। अभी तक एनसीआर में रोजाना आवाजाही के लिए कैब और टैक्सी वालों को एक्स्ट्रा रोड टैक्स देना पड़ता था। अब इन चार राज्यों से करार के बाद उत्तर प्रदेश के लोगों को रोड टैक्स नहीं देना होगा। जानकारी के मुताबिक, कैब और टैक्सी चलाने वालों को एक ही टैक्स देना होगा जो शुरूआत में जमा हो जाएगा। इसके बाद कोई टैक्स नहीं देना होगा।

**स्कूली बच्चों को अब मिलेंगे 1200 रुपये**

बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूली बच्चों को डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से 1200 रुपए की धनराशि दी जाएगी। बेसिक शिक्षा विभाग से 1100 की जगह बच्चों को अब 1200 रुपये खाते में भेजे जाएंगे। इसके साथ-साथ बेसिक स्कूल के छात्रों को यूनिफॉर्म, कापियां और पेंसल-कटर भी मुफ्त मिलेगा।

### पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. फारूक अब्दुल्ला को समन

**नई दिल्ली।** पीएमएलए की एक विशेष अदालत ने जेकेसीए फंड की हेराफेरी मामले में पूरक अभियोजन शिकायत का संज्ञान लेते हुए जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. फारूक अब्दुल्ला, सहयोगी अहसान अहमद मिर्जा, मीर मंजूर गजानफर और अन्य के खिलाफ समन जारी किया। ईडी के मुताबिक, उन्हें 18 अगस्त को पेश होने के लिए कहा गया है। ईडी के एक अधिकारी ने कहा, पूरक अभियोजन शिकायत से पहले तीन अनंतिम कुर्की आदेशों के साथ-साथ चल और अचल संपत्ति को संलग्न किया गया था, जो कुल मिलाकर 21.55 करोड़ रुपये की थी, जो कुल मिलाकर डॉ. फारूक अब्दुल्ला, निजी फर्म मिर्जा संस, मीर मंजूर गजानफर और अहसान अहमद मिर्जा से संबंधित थी।

# उद्धव को उलझाकर खुद भी उलझ गए शिंदे!

## सरकार गठन के करीब 27 दिन खिंच गया लेकिन मंत्रिमंडल का विस्तार नहीं हो पाया

**मुंबई, एजेंसी**





महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे का तख्तापलट कर सत्ता पर एकनाथ शिंदे बीजेपी के सहयोग से सत्ता पर काबिज हुए एक महीने होने जा रहे हैं, लेकिन अभी तक मंत्रिमंडल का विस्तार नहीं हो सका। सीएम एकनाथ शिंदे और डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ही मिलकर सरकार चला रहे हैं, लेकिन कैबिनेट को लेकर स्थिति साफ नहीं हो पा रही है। ऐसे में सभी के मन में एक सवाल उठ रहा है कि किस फॉर्मूले पर कैबिनेट का गठन होगा और कितना बड़ा होगा। भाजपा और शिंदे गुट से कितने-कितने नेता मंत्री बनेंगे?

महाराष्ट्र विधानसभा में कुल सदस्यों की संख्या 288 है। ऐसे में संवैधानिक रूप से 15 फीसदी ही मंत्री बन सकते हैं। इसका मतलब ये है कि महाराष्ट्र में ज्यादा से ज्यादा 42 लोग ही मंत्री बनाए जा सकते हैं। इसमें मुख्यमंत्री और डिप्टी सीएम शामिल हैं। इस तरह से महाराष्ट्र कैबिनेट में 40 मंत्री के लिए जगह है, लेकिन अब सवाल यही उठता है कि शिंदे सरकार अपनी कैबिनेट में कितने लोगों को शामिल करती है। 30 जून को एकनाथ शिंदे ने मुख्यमंत्री और देवेंद्र फडणवीस ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। इस तरह से सरकार गठन के करीब 26 दिन हो गए हैं, लेकिन कैबिनेट राष्ट्रपति चुनाव के बाद महाराष्ट्र में कैबिनेट गठन की बात कही जा रही थी। इस लिहाज से राष्ट्रपति चुनाव के शपथ ग्रहण कार्यक्रम भी चुका है। ऐसे में अब सभी की निगाहें इस बात पर है कि कैबिनेट गठन कब होगा और कैसे शिंदे-फडणवीस आपस में मंत्रालय का बंटवारा करते हैं। दरअसल, एक ओर शिवसेना के बागी खेमे में सीएम एकनाथ शिंदे को छोड़कर 8 पूर्व मंत्री हैं। उद्धव के खिलाफ शिंदे के साथ बगावत करने वाले 9 मंत्री थे, जिनमें 5 कैबिनेट और चार राज्यमंत्री शामिल थे। ऐसे में शिंदे सीएम बनने के बाद 8 नेता अभी भी मंत्री बनने की राह देख रहे हैं। इसके अलावा शिवसेना के दूसरे बागी नेताओं को भी मंत्री बनाने का आश्वसन दिया गया था, जो मंत्री बनने की आस लगाए बैठे हैं।

**अपील** | इनवेस्टर्स मीट : उद्योग मंत्री शाहनवाज हुसैन ने उद्यमियों से की निवेश की अपील

# उद्यमियों ने कहा - बिहार टेक्सटाइल पॉलिसी सबसे बेहतर

- निवेश को लेकर उद्यमियों ने दिखाई दिलचस्पी

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**



हैदराबाद, लुधियाना के बाद दिल्ली में भी बिहार इंवेस्टर्स मीट अत्यंत सफल रहा। मंगलवार को दिल्ली में हुए बिहार इंवेस्टर्स मीट में टेक्सटाइल और गारमेंट्स की देश की टॉप कंपनियां और एक्सपोर्टर्स शामिल हुए। दिल्ली में बिहार इंवेस्टर्स मीट में राज्य के उद्योगमंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन और उद्योग विभाग के प्रधान सचिव संदीप पौण्डरीक ने टेक्सटाइल और गार्मेंट्स के देश के तमाम बड़े एक्सपोर्टर्स के समक्ष बिहार की टेक्सटाइल और लेदर पॉलिसी 2022 और राज्य के औद्योगिकीकरण के लिए किए जा रहे तमाम प्रयासों, भावी योजनाओं को लेकर विस्तृत प्रस्तुतिकरण दिया। इंवेस्टर्स मीट में जुटे तमाम उद्योगपतियों ने बिहार की पॉलिसी और राज्य उद्योग के लिए उठाए गए कदमों की प्रशंसा की। टेक्सटाइल और गार्मेंट्स के बड़े उद्योगपतियों ने अन्य कई राज्यों द्वारा लाई गई पॉलिसीज की तुलना में बिहार की टेक्सटाइल और लेदर पॉलिसी को देश का बेस्ट बताया। बैठक को संबोधित करते हुए शाहनवाज हुसैन ने कहा कि बांग्लादेश में निवेश से अच्छा है कि बिहार में निवेश करें। इससे देश का तो भला होगा ही, बिहार भी देश की अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण में अपनी पूरी भागीदारी निभा पाएगा। उद्योग मंत्री ने तमाम उद्योगपतियों से एक बार बिहार आकर वास्तविकता को करीब से देखने की अपील की और कहा कि आपको उद्योग की सफलता के लिए जो भी संसाधन, उपयुक्त आधारभूत संरचना और सरकार से नीतिगत स्तर पर या अन्य सहायता चाहिए, वो जरुर मिलेगा। विभाग के प्रधान सचिव संदीप पॉण्डरीक ने कहा कि बिहार में तेजी से प्लग एंड फैसिलिटी के साथ आधारभूत संरचना का विकास किया जा रहा है और ये सुविधाएं उन इलाकों में विकसित की जा रही है जहां टेक्सटाइल, गार्मेंट्स और संबधित उद्योगों के लिए पर्याप्त वर्कफोर्स उपलब्ध है। एपेरल एक्सपोर्ट्स प्रोमोशन काउंसिल के चैयरमैन और टेक्सपोर्ट इंडस्ट्रीज के एमडी नरेन गोयनका ने कहा कि पॉलिसी बहुत अच्छी है लेकिन पॉलिसी के तहत दिए जाने वाले सब्सिडी का लाभ तत्काल मुहैया कराया जाना चाहिए।

इसके जवाब में उद्योग मंत्री ने कहा कि अभी बिहार में जो भी उद्योग लगे हैं, उन्हें बिना किसी देरी के सब्सिडी का भुगतान किया जा रहा है और इसमें आगे भी कभी देरी नहीं होगी, इसके लिए उनकी गारंटी है।बिहार इंवेस्टर्स मीट में टेक्सटाइल और गार्मेंट्स के तमाम बड़े उद्योगपतियों ने एक सुर में बिहार के कामगारों की दिल से तारीफ की।

**देश के बड़े-बड़े उद्योगपति हुए शामिल**

बिहार टेक्सटाइल पॉलिसी 2022 की खूबियों और बिहार में निवेश की संभावनाओं को देश के बड़े उद्योगपतियों के साथ साझा करने के मकसद से दिल्ली में रखे गए बिहार इंवेस्टर्स मीट में देश के बड़े-बड़े उद्योगपति शामिल हुए हैं। मीट में शाही एक्सपोर्ट के एमडी हरीश आहूजा, रिचा ग्लोबल के सीएमडी वीरेंद्र उप्पल, मैट्रिक्स क्लोथिंग के एमडी गौतम नायर, फीयो के प्रेसिंडेट और पॉपिस ग्रुप के संस्थापक और एमडी ड़ॉ. ए शक्तिवेल, एपेरल एक्सपोर्ट्स प्रोमोशन काउंसिल के चैयरमैन और टेक्सपोर्ट इंडस्ट्रीज के एमडी नरेन गोयनका, पर्ल ग्लोबल एमडी दीपक सेठ, ज्योति अपैरल के एमडी एच के एल मागू, मोनिका गावेमेंट्स के एमडी अनिल वर्मा, ऊषा फैब्स के एमडी राकेश वैद, अनिका ऐपैरेल के एमडी प्रवीण अग्रवाल, केटी कॉपोरेशन के एमडी प्रेमल एच उडानी, फैशन नीट्स के एमडी आर रामू, केजी एक्सपोर्ट के एमडी हरीश दुआ, ओरिएंट फैशन के एमडी विनीत सेठी, नीति क्लोथिंक के एमडी अनिमेश सक्सेना, उद्योगपति विवेक सक्सेना, अतुल सूद, एन तिरुकुमारन सहित अन्य शामिल हुए।

## संक्षिप्त खबरें

### थावे जंक्शन पर बगैर काम के घूमते एक धराया

गोपालगंज। थावे जंक्शन पर अनाधिकृत रूप से घूमते एक व्यक्ति को आरपीएफ ने गिरफ्तार कर लिया। आरपीएफ उपनिरीक्षक अबू फरहान गफ्फार ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति नगर थाने के खजुरिया गांव का पिंकू कुमार उर्फ अंबर बताया जाता है। वह बिना टिकट के प्लेटफार्म पर घूम रहा था। उससे पूछताछ के बाद रेल अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर मंगलवार को सोनपुर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### शराब व बाइक के साथ तस्कर धराया

गोपालगंज। जिले के थावे थाने की पुलिस ने समकालीन अभियान के तहत कबिलासपुर में शराब व बाइक के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। वहीं, एक मौके से भागने में सफल रहा। थानाध्यक्ष मिथिलेश प्रसाद सिंह ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर कबिलासपुर का मनीष कुमार है। जबकि फरार तस्कर की पहचान धोबवलिया बाजार के विशाल कुमार के रूप में की गयी है। दोनों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार मनीष कुमार को मंगलवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### सड़क दुर्घटना में युवक जख्मी

गोपालगंज। जिले के बैकुंठपुर थाने के खैरा आजम गांव के समीप महम्मदपुर पटना स्टेट हाईवे 90 पर हुई दुर्घटना में एक युवक घायल हो गए। जख्मी पप्पू कुमार को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों ने उसकी हालत खतरे से बाहर बताई है।

### आपसी विवाद में मां-बेटी को किया घायल

गोपालगंज। जिले के बैकुंठपुर थाने के सफियाबाद गांव में कुछ लोगों ने आपसी विवाद को लेकर मां-बेटी को मारपीट कर घायल कर दिया। घायल सीमा देवी एवं खुशबू कुमारी को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना पाकर पंहुची पुलिस घायलो का बयान दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है।

### वाहन की ठोकर से बाइक सवार तीन जख्मी

गोपालगंज। जिले के बैकुंठपुर थाने के दिघवा दुबौली पेट्रोल पंप के समीप एसएच 90 पर सोमवार की रात अनियंत्रित वाहन ने बाइक सवार तीन लोगों को रौंद डाला। हादसे में बैकुंठपुर थाने के रेवतिथ छठी तीर गांव के किसलय पांडेय, संतोष पांडेय तथा रितांबर पांडेय घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने तीनों को सदर अस्पताल गोपालगंज रेफर कर दिया।

### ट्रेन में चेनपुलिंग करते पकड़ा गया युवक

गोपालगंज। पूर्वोत्तर रेलवे के थावे-कप्तानगंज रेलखंड पर आरपीएफ ने चेनपुलिंग करते एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। आरपीएफ उपनिरीक्षक अबू फरहान गफ्फार ने बताया कि सासामुसा स्टेशन और सिपाया हाल्ट के बीच मेल एक्सप्रेस गाड़ी संख्या15113 गोमतीनगर-छपरा कचहरी में चेनपुलिग करते हुए कुचायकोट थाने के मठिया टोला गांव के सुमित कुमार को पकड़ा गया। उससे पूछताछ के बाद रेल अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर सोनपुर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### शनि आमावस्या पर भक्तों ने न्याय के देवता भगवान शनिदेव की पूजा अर्चना

भागलपुर। शनि आमावस्या पर भक्तों ने न्याय के देवता भगवान शनिदेव की पूजा अर्चना की। एमपी द्विवेदी रोड स्थित प्राचीन शनि मंदिर में काफी संख्या में भक्तों ने पूजा अर्चना की है। भक्तों ने सरसों तेल दीपक जलाए और सभी कष्टों के निवारण हेतु दुआएं भी मांगी है। इस अवसर पर भगवान शनिदेव का फूल मालाओं से भव्य श्रृंगार किया गया। मंदिर के महंत परमेश्वरानंद काला बाबा ने बताया कि शनिदेव न्याय के देवता है। उनके दर्शन मात्र से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती है। उन्होंने कहा कि तीनों लोको में महादेव जैसा कोई नहीं और तीनों लोको में न्याय के देवता शनि जैसा कोई भी नहीं है। मौके पर शोभा देवी, रिंपा देवी, पूजा कुमारी, किरण देवी, पूनम देवी, रोशन, शिवानी, प्रकाश वर्मा, संजय शर्मा, धर्मेंद्र कुमार, राकेश भगत, गोविंद शर्मा, दीपक जैन आदि के आलावा भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंच कर पूजा अर्चना की।

# कारगिल विजय दिवस के अवसर पर मा. विद्यालय में हुआ पौधरोपड़

**कैमूर, प्रात: किरण संवाददाता**



**निरीक्षण**

- जिला शिक्षा पदाधिकारी तथा जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना ने किया विद्यालय का सांगोपांग निरीक्षण

26 जुलाई 2022 दिन कारगिल विजय दिवस के शुभ अवसर पर, माता भारती के सपूतों को सच्ची श्रद्धांजलि देने के निमित्त, कुदरा प्रखंड स्थित, मध्य विद्यालय जहानाबाद के प्रांगण में, जिला शिक्षा पदाधिकारी तथा जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना के द्वारा वृक्षारोपण किया गया।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरुण कुमार त्रिपाठी ने बताया की विद्यालय परिवार के आग्रह पर जिला शिक्षा पदाधिकारी सुमन शर्मा, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार पांडे, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी पुष्पा कुमारी, वरीय प्रखंड साधन सेवी रामप्रकाश साह के साथ चेतना सत्र में ही विद्यालय परिसर में उपस्थित हुए। शिक्षा विभाग के आला पदाधिकारियों की उपस्थिति में ही आज चेतना सत्र प्रारंभ हुआ आज के चेतना सत्र की विशेषता यह रही कि छात्रों तथा छात्राओं के साथ ही, सभी शिक्षक व शिक्षिकाएं भी समान वेशभूषा में थी। प्रधानाध्यापक ने बताया कि विगत दिनों संपन्न हुई बाल संसद की बैठक में बाल संसद के बच्चों ने यह प्रस्ताव रखा था, कि बच्चों की भांति यदि शिक्षक तथा शिक्षिकाएं भी एक तरह की वेशभूषा में विद्यालय आएंगे तो अच्छा लगेगा। उनके प्रस्ताव पर अमल करते हुए विद्यालय के सभी शिक्षकों तथा शिक्षिकाओं ने आम सहमति से स्कूल ड्रेस बनवाया। तथा आज पहली बार सभी शिक्षक व शिक्षिका एक तरह की वेशभूषा में स्कूल में उपस्थित हुए। चेतना सत्र की समाप्ति के पश्चात जिला शिक्षा पदाधिकारी तथा जिला कार्यक्रम पदाधिकारी के हाथों विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण का कार्यक्रम हुआ। तत्पश्चात पदाधिकारी महोदय द्वारा बारी बारी से कंप्यूटर कक्ष पुस्तकालय एवं वर्ग कक्ष का गहनता से निरीक्षण किया गया। वर्ग भ्रमण के क्रम में जिला शिक्षा पदाधिकारी तथा जिला कार्यक्रम पदाधिकारी महोदय शिक्षक के रूप में भी प्रश्न उत्तर करते दिखे। विद्यालय की व्यवस्था से पदाधिकारी खुश दिखें। तथा विद्यालय परिवार को उन लोगों ने प्रोत्साहित किया। प्रधानाध्यापक ने चाहरदीवारी निर्माण की आवश्यकता को गंभीरता से रेखांकित किया। बताते चलें कि आज से सभी शिक्षकों तथा शिक्षिकाओं के साथ ही, रसोईया बहनों के लिए भी समान ड्रेस कोड अनिवार्य कर दिया गया है। जिसे स्वेच्छा से सभी लोगों ने स्वीकार किया। विद्यालय के वरीय शिक्षक संजय कुमार ने बताया कि प्रधानाध्यापक की पहल पर हम लोगों ने सहमति जताई, तथा यह अनुरोध किया कि पहली बार प्रधानाध्यापक महोदय की ओर से सबको ड्रेस उपलब्ध कराया जाए, तत्पश्चात हम लोग आगे भी इसे जारी रखेंगे।

हम लोगों के अनुरोध को प्रधानाध्यापक ने स्वीकृति प्रदान की, इसका प्रतिफल है कि आज सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं रसोईया समरूप वेशभूषा में दिखाई दे रहे हैं। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक अलेंद्र तिवारी, अभिषेक कुमार, सत्येंद्र कुमार, रविंद्र कुमार रौशन, दिवाकर शर्मा, संतोष कुमार भारती, सरोज कुमार, अवध बिहारी सिंह, पूनम कुमारी, विद्या कुमारी, प्रेमा कुमारी, सरस्वती कुमारी, रंजू कुमारी, उषा कुमारी आदि भी उपस्थित थे। इसी क्रम में बच्चों की सुविधा हेतु विद्यालय के शिक्षक सत्येंद्र कुमार राम ने, विद्यालय को 4 पंखे भी अनुदान के रूप में उपलब्ध कराए।

# गंगा में डूब रहे तीन बच्चियों को बचाने के लिए आपदा फरिश्ता सम्मान से हुए सम्मानित विनीत

**भागलपुर, प्रात: किरण संवाददाता**

जिले के डीआईजी विवेकानंद द्वारा विनीत कुमार राय को मोमेंटो, अंग वस्त्र एवं आपदा फरिश्ता सम्मान से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें गंगा में डूबतें 3 बच्चियों की जान बचाने के लिए मिला है। ज्ञात हो कि विगत 18 जुलाई को कहलगांव के सिढ़ी घाट में नहाने के दौरान एक बच्ची डूब रही थी। बच्ची को बचाने के क्रम में डूब रही बच्ची के साथ दौ और बच्ची डूबने लगी। जिसके बाद घटना स्थल पर मौजूद विनीत कुमार राय नाम का एक युवक भी वहां गंगा स्नान करने पहुंचा था।

अचानक चीख-पुकार सुनकर उन्होंने अपनी जान की बगैर परवाह किए गंगा में छलांग लगा दी और एक के बाद एक कर डूब रही तीनो बच्चियों को गंगा से बाहर निकाल कर जान बचाने का काम किया है। इसी बीच चौथी बच्ची नदी के धार में बह गई। जिसे वे नहीं बचा पाए। इस पूरे घटना क्रम की जानकारी जीवन जागृति सोसायटी के कहलगांव इकाई के अध्यक्ष को नितीन कुमार की बहादुरी की जानकारी मिली। इसके बाद जीवन जागृति सोसायटी



उस जांबाज युवक विनीत को आपदा फरिश्ता सम्मान से सम्मानित करने का फैसला किया। इस मौके पर डीआईजी श्री विवेकानंद ने कहा कि बहुत कम ऐसे लोग होते है जो जान को जोखिम में डालकर दूसरे की जान बचाने की हिम्मत जुटाते है।

सोसायटी की ओर से ऐसे लोगों को आपदा फरिश्ता से सम्मानित करना बहुत ही नेक कार्य है। उन्होंने कहा कि हम चाहेंगे कि ऐसे युवक को स्वत्रंता दिवस एवं गणतंत्र दिवस पर भी सरकार की ओर से राज्य स्तर एवं देश स्तर पर सम्मानित किया जाए। जीवन जागृति सोसायटी के अध्यक्ष डा. अजय कुमार सिंह ने कहा कि आपदा फरिश्ता सम्मान का आगाज 30 अप्रैल को विधान परिषद उप सभागार में किया गया था।

उन्होंने लोगों से अपील किया कि वे संकट में फंसे लोगों को बिना मदद किए आगे न बढ़ें। मौके पर विनीत के आलावा सुबोध मंडल, कार्यकारी अध्यक्ष पुरुषोत्तम प्रसाद सिंह, उपाध्यक्ष श्यामल सिंह, कोषाध्यक्ष राकेश माही, महीला प्रकोष्ठ के कोषाध्यक्ष आभा पाठक, कहलगांव इकाई के सह प्रभारी दीपक कुमार, अखिलेश, मृतुंजय, जितेंद्र सिंह, रूपेश आदि मौजूद थे।

# कैमूर से सत्यप्रकाश तिवारी जदयू के प्रदेश सचिव बने



**कैमूर, प्रात: किरण संवाददाता**

बिहार प्रदेश कमेटी जदयू के अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कैमूर से सत्यप्रकाश तिवारी को प्रदेश सचिव पद पर नियुक्त किया है। रामगढ़ थाना के गोड़सरा गांव निवासी सत्यप्रकाश तिवारी जदयू के प्रदेश सचिव पद पर नियुक्त होने के बाद प्रेस वार्ता में बताया कि पार्टी ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है उससे मैं बखूबी रूप से निभाने का कार्य करूंगा। उन्होंने कहा कि मैं पार्टी का सिपाही हूं कप्तान का जो आदेश होगा उसका अनुपालन करना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री माननीय नीतीश कुमार के नेतृत्व में हर प्रकार का विकास हो रहा है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार के प्रदेश अध्यक्ष ने पार्टी विस्तार हेतु पार्टी हित में कार्य कर रहे है। उन्होंने कहा कि पार्टी के बुनियादी उसूल है कि पंचायत स्तर से लेकर राज्य स्तर तक पार्टी को मजबूत करना हर सच्चे सिपाही का दायित्व बनता है। उन्होंने कहा कि मैं धन्यवाद देता हूं की पार्टी ने मुझे इस स्तर का दायित्व सौंपा। सत्यप्रकाश तिवारी को जदयू के प्रदेश सचिव नियुक्त होने पर कैमूर जिले से विभिन्न सामाजिक संगठन से जुड़े हुए लोग एवं पार्टी के सदस्यों एवं पदाधिकारियों द्वारा बधाई दिया जा रहा है।

### सावन के शिवरात्रि पर शिवभक्तो ने शिवालयो मे किया जलाभिषेक

**अगिआंव।** सावन मास शिवरात्रि के अवसर पर अगिआंव पवना सेवथा वाजिपुर वन बेरथ नारायणपुर बरुना बड़गांव समेत अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में श्रद्धालुओं ने शिवालयों में पूजा अर्चना किया। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मड़नपुर गाँव के प्राचीन शिव मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। भक्त जलाभिषेक और शिव आराधना के लिए कतारबद्ध होकर अपनी बारी का इंतजार किये। मंदिर परिसर में सावन के मास शिवरात्रि के शोभायात्रा के आयोजक मंदिर कमेटी के सदस्य इस महापर्व को लेकर तत्पर रहें। वहीं बेरथ गाँव स्थित बुढवा महादेव शिव मंदिर शिव भक्तों ने शिव लिंग पर पुष्प वेल पत्र जलाभिषेक कर पूजा अर्चना किया। जलाभिषेक और आराधना के लिए भक्तों की भीड़ लगी रही। इस मौके पर प्रखंड के प्राचीन मंदिर परिसर सहित प्रखंड के अन्य मंदिर परिसर में भी पूजा समितियों द्वारा सजावट व भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। हरहर महादेव के जयघोष से गुंजयमान हो उठा शिवालय।

# जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने किया नवनिर्मित भवन का भव्य उद्घाटन

**औरंगाबाद, प्रात: किरण संवाददाता**

जिला को ऑपरेटिव बैंक की वार्षिक आम सभा संपन्न हुई। डीएम सौरभ जोरवाल ने किया उद्घाटन, कार्यों को सराहा बैंक के एमडी तथा चेयरमैन ने गिनाई अनेकों उपलब्धियां। नवनिर्मित भवन का स्थलीय निरीक्षण के उपरांत आम सभा का विधिवत उद्घाटन डीएम सौरभ जोरवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। नवनिर्मित भवन में सहकारिता विभाग के कई कार्यालय, बैंक सहित अन्य कार्यों का संपादन किया जाएगा। सहकारिता विभाग की ओर से वार्षिक आमसभा वित्तीय वर्ष 2021 22 का आयोजन चेयरमैन संतोष कुमार सिंह की अध्यक्षता में की गई।

डीएम सौरभ जोरवाल बताया कि बैंक ने जिस प्रकार अपने आप को संकट से उबार किया है सहकारिता विभाग के सभी कर्मी धन्यवाद के पात्र हैं। आशा है कि बैंक निकट भविष्य में और बेहतर कार्य करेगा तथा सहकारिता के क्षेत्र में एक नई ऊंचाई हासिल कर मिसाल कायम करेगा। चेयरमैन संतोष कुमार सिंह



ने इस दौरान बताया गया कि पैक्स जो डिफॉल्टर थे उनसे वसूली कर न सिर्फ डिफॉल्टर से मुक्त किया गया बल्कि बांटे गए ऋण की भी वसूली की गई।

लेकिन पिछले समय में डिपाजिट घटा है ज्यादा निकासी की गई है यह चिंता का विषय है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सौरव जोरवाल जिलाधिकारी औरंगाबाद, तथा अध्यक्षता संतोष कुमार सिंह चेयरमैन कोऑपरेटिव बैंक औरंगाबाद और मंच का संचालन महेश्वर सिंह व्यापार मंडल अध्यक्ष औरंगाबाद ने किया।

कार्यक्रम में अमरनाथ झा प्रबंध निदेशक सहकारिता बैंक औरंगाबाद, सुशील कुमार सिंह औरंगाबाद डीडीएम नाबार्ड, रिशु सिंह मदनपुर व्यापार मंडल अध्यक्ष, पैक्स अध्यक्ष नीतू कुमारी, पैक्स अध्यक्ष कपिल कुमार सिंह आदि पैक्स अध्यक्ष मौजूद रहे।

### पुलिस ने हेरोइन के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**कैमूर।** स्थानीय प्रखंड के बेलॉव थाना क्षेत्र अंतर्गत गम्हरिया नहर और पुल बड़कागाँव मोड़ के पास से, मैजिक से 18 पुड़िया मादक पदार्थ हेरोइन के साथ एक तस्कर को थाना प्रशासन द्वारा गिरफ्तार कर, मंगलबार को जेल भेज दिया गया।थानाध्यक्ष सुहैल अहमद से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की देर शाम गस्ती के दौरान, गुप्त सूचना मिली कि एक लाल रंग की मैजिक में एक व्यक्ति मादक पदार्थ लेकरआ रहा है। सूचना पर गम्हरिया नहर पुल के समीप बड़कागाँव मोड़ के पास सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इसी दौरान उतर दिशा से एक लाल मैजिक आ रही थी,जिसे पुलिस द्वारा रुकने का इशारा की गई लेकिन वह नहीं रुका, और पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया। तभी पुलिस द्वारा चालक सहित उक्त मैजिक को पीछा कर पकड़ लिया गया। जब मैजिक की तलाशी ली गयी तो ड्राइवर सीट के पीछे वाली हिस्से में एक स्टील के खैनी के डिब्बा में 18 पुड़िया 2.390 मादक पदार्थ हेरोइन बरामद किया गया। जिसे वाहन सहित उक्त चालक को गिरफ्तार कर थाना लाया गया।

# हल्की बारिश ने नगर पंचायत की खोली पोल

**सुगौली, प्रात: किरण संवाददाता**



हल्की हुई बारिश ने नगर पंचायत के विकास का पोल खोल दिया। पंचायत क्षेत्र में कई जगहों पर जल जमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। जल की समुचित निकासी न होने और एकत्रित पानी के चलते संक्रमण रोगों का खतरा बना हुआ है। लोग परेशान हाल मे हैं। नप के विभिन्न मुख्य सड़कों पर जलजमाव नगर पंचायत प्रशासन के जल निकासी के दावे की पोल खोलता प्रतीत होता है।

हाल यह है कि नप के देवान चौक व विशुनपुरवा चौक से जाने वाली मुख्य सड़क बारिश के पानी से झील में तब्दील हो जाती है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे बन चुके हैं, जिससे आये दिन लोग दुर्घटना का शिकार होते हैं। मुख्य बाजार की जाने वाली मुख्य सड़क पर जल जमाव व गंदगी को लेकर बदहाली पर विवश होकर रो रहा है। नाले का निर्माण नही होने से पानी का जल जमाव लगा रहता है।इस समस्या पर आज तक अधिकारियों ने अपना ध्यान केंद्रित नही किया। वहा के लोग नर्क की ज़िन्दगी गुजारने पर बेबश है। वही स्टेशन रोड सडक चर्चाओ की सुर्खियों मे है, जहां बरसात के पानी के जल जमाव से लोग हाथ में जूते चप्पल लेकर घुटने तक कपड़े उठाकर चलने को विवश हो जाते हैं। देवान चौक के पास जल जमाव से स्थिति भयावह बनी हुई रहती है। जलजमाव से आसपास के लोग सहित दुकानदार तक को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। जिसका हाल देख लोग नगर पंचायत को नरक पंचायत कहने लगे है। रोड़ के एक साइड में नाला का निर्माण हुआ है जो लाल मंदिर तक ही रह गया है, अगर नगर पंचायत प्रशासन 500 फीट और नाला का निर्माण कर देता तो जलजमाव का समस्या से निजात मिल जाती, परंतु कार्यपालक पदाधिकारी बारिश के बाद मशीन से पानी खिंचवा कर अपना किरकिरी खुद करा रहे हैं। गौरतलब हो कि कार्यपालक पदाधिकारी ने बीते छहः माह मे नगर के कुछ वार्डो में करीब आधे करोड़ की लागत से नाले का निर्माण कराया है, जो उसकी वहां कोई उपयोगिता नही है। अगर उतनी राशि शहर के मुख्य सड़क के साथ नाले का निर्माण करा दिया गया होता तो आज ये दिन देखने को नही मिलता। इतना ही नही नगर के वार्ड 7 के सब्जी मंडी, अंडा गली, मदरसा के पीछे की समस्या इतनी विकराल है, जहां पर वर्षों से जलजमाव का समस्या बना रहता है।

### वंडर अप्प के बारे में दी गई जानकारी

**गया।** परैया प्रखण्ड के अन्तर्गत आए सी. एच. सी परैया में जिला पदाधिकारी के आदेशानुसार सभी जी. एन. एम.। ए. एन. एम आशा फसलीटेटर एवं अन्य कार्यकर्त्ता को वंडर अप्प के बारे में विशेष रूप से जानकारी दी गई यह जानकारी परैया के चिकित्सा पदाधिकारी ज्ञानी गौरव कुमार, प्रखण्ड स्वास्थ्य प्रबंधक विजय कुमार प्रखण्ड सामूहिक उत्प्रेरक राकेश कुमार, प्रखण्ड अनुश्रवण एवं मूल्यांकन सहायक राकेश कुमार और उपप्रमुख पति राजेश पाण्डेय के द्वारा दी गई जो हम पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता है सभी जी. एन. एम.। ए.एन. एम और आशा कार्यकर्त्ता के सभी कर्मचारीओ को दी गई वंडर अप्प एक ऐसा अप्प है जिस में सभी काम ऑनलाइन होगा इसमें वैक्सीन से लेकर गर्भावती महिला का पूरा ब्योरा ऑनलाइन होगा यह वंडर अप्प का उपयोग केवल परैया अस्पताल में नहीं बल्कि पुरे बिहार भर में उपयोग किया जा रहा है यह अप्प आने से किसी भी गर्भावती महिला का रिपोर्ट भेजना है तो वह रिपोर्ट मिनट का काम सेकेण्ड में हो जायेगा इस से सभी कर्मचारी को काम करने में सुविधा होंगी।

# पीएचडी नामांकन में हुई धांधली के विरोध में विश्वविद्यालय का घेराव

**मोतीहारी, प्रात: किरण संवाददाता**

महात्मा गाँधी केंद्रीय विश्वविद्यालय में पीएचडी नामांकन में हुई धांधली के विरोध में तथा नामांकन को रद्द करते हुए दोषियों पर कारेवाई कर पुनः निष्पक्ष तरीके से नामांकन करने की। मांग को लेकर संयुक्त छात्र मोर्चा द्वारा शहर के चांदमारी चौक से विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन का घेराव किया गया।

घेराव के बाद छात्र नेताओं की एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रॉक्टर से मिल कर मांग पत्र को सौंपा, धांधली का पदार्फाश करने वाले जन अधिकार पार्टी, लोक के छात्र जिलाध्यक्ष आकाश कुमार सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय के मीडिया अध्ययन विभाग, जूलॉजी विभाग और हिंदी विभाग में पीएचडी का नामांकन सारे नियमो को दरकिनार गलत तरीके से किया गया है। जाप छात्र परिषद के




जिलाध्यक्ष आकाश कुमार सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा पिछड़ा और अतिपिछड़ा के सीटों को खत्म कर मनमानी तरीके से पैसे लेकर और सत्ताधारी दल के विचारधारा को मानने वाले कम नम्बर वाले लोगो का नामांकन लिया गया है, यह भी कहा कि सारी मामले विश्वविद्यालय प्रशासन और कुलपति के संज्ञान में होने के बाद दोषियों पर कारवाई करने के बजाय उनको बचाने में ताकत लगा दिये हैं। आखिर अभी तक इतनी बड़ी धांधली की जाँच क्यो नही हुई? धांधली में संलिप्त लोगो पर कारवाई नही होना कई प्रश्नचिन्ह को खड़ा करता है। श्री सिंह ने विश्वविद्यालय प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि इस धांधली में विश्वविद्यालय के बड़े पदाधिकारी के साथ -साथ कुलपति भी संलिप्त है, उनकी काले कारनामे की पोल न खुल जाये इससे बचने के लिए मामले को लीपापोती करने में जुटे हुए हैं।

सभी छात्र संगठनों की ओर से स्पष्ट माँग है कि मेरिट वाले छात्रों को न्याय मिले, अन्यथा भूख हड़ताल की जायगी। मौके पर पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ उपाध्यक्ष निशांत यादव, आईसा नेता शाश्वत शेखर, जाप के छात्र नेता पुन्नू सिंह, अनिरुद्ध यादव, आशिक कुमार, आकाश कुमार, मुसर्रफ खान, मनीष पासवान, छात्र राजद नेता मंदिप कुमार, आलोक यादव, विवेक यादव अनिरुध यादव, कुंदन व विश्वजीत सहित सैंकड़ों छात्र उपस्थित रहे।

# दहेज के लिए विवाहिता की हुई हत्या

**सुगौली, प्रात: किरण संवाददाता**

थाना क्षेत्र के करमवा में दहेज के लिए एक विवाहिता की हत्या कर दी गई। करमवा गांव के रामजनम साह की बहु रिंकी देवी की मृत्यु हो गई थी, जिसके संबंध में मृत्तिका की मां सरिता देवी पति स्व. पन्ना लाल साह ग्राम मुरला थाना रामगढ़वा अपना लिखित आवेदन दी हैं कि वर्ष 2017 में हम अपनी बेटी रिंकी देवी की शादी करमवा गांव के विकास कुमार पिता राम जनम साह के साथ किए थे।

ससुराल वाले लोग अपाची मोटर साइकिल के लिए हमारी बेटी को मारपीट करते थे, कई बार पंचायत भी हुआ, लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ। अब 25 जुलाई 2022 को सूचना मिली कि हमारी बेटी को मारपीट कर हत्या कर दिए हैं। हम अपने गांव के लोगों के साथ करमवा आकर पता किए तो जानकारी मिली कि अपाची मोटर साइकिल के लिए हमारी बेटी रिंकी देवी को उसके पति



विकास कुमार, देवर मंतोष कुमार, निकेश कुमार, गोलू कुमार, सास रीता देवी, ससुर राम जनम साह, चचेरे ससुर राम बाबू साह, मुन्ना साह सभी मिलकर मारपीट कर हत्या कर दिए हैं तथा लाश को जलाने जा रहे थे, हम लोग रोकने का प्रयास किए तो हम लोगों के साथ भी मारपीट किए।

थानाध्यक्ष ने बताया की शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्राथमिकी दर्ज कर छापामारी किया जा रहा है। सभी अभियुक्त फरार हैं।

# कारगिल विजय दिवस के अवसर पर कार्यक्रम हुआ आयोजित

**सुगौली, प्रात: किरण संवाददाता**

प्रखंड दक्षिणी छपरा बहास मे कारगील विजय दिवस के अवसर पर जीके मेमोरियल स्कूल में बच्चों ने देश भक्ति थीम को लेकर बड़े मनभावन कार्यक्रम प्रस्तुत किए। उसके बाद दादा-दादी के सम्मान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को पूरी तरह से सफल बनाने में स्कूल के छात्रो और शिक्षको मे मिलकर सराहनीय योगदान दिया। विद्यालय के छात्रों ने स्कूल में संगीत एवं नृत्य शिक्षकों के उम्मीद से कुछ मंत्र मुग्ध कर देने वाले संस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कई छात्रों के दादा-दादी ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा और उनका उत्साह वर्धन किया। इस समारोह के दौरान उपस्थित गणमान्य व्यक्ति में संजय जायसवाल, अध्यक्ष चेंबर ऑफ




कॉमर्स, रवि किशन लोहिया संस्थापक चेंबर ऑफ कॉमर्स, राकेश गुप्ता पूर्व अध्यक्ष रोटरी क्लब सह वरिष्ठ भाजपा नेता, पवन राज, अध्यक्ष भाजपा लघु उद्योग विकास, राम गोपाल खंडेलवाल वरिष्ठ भाजपा नेता, अरविंद सर्राफ, सदस्य चेंबर ऑफ कॉमर्स की उपस्थिति मे अतिथियों व अभिभावकों ने बच्चों को अपने दादा-दादी के प्रति सम्मान की भावना जागृति करने एवं उनके प्रति कर्तव्य का पालन करने के लिए छात्रों और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। विद्यालय के निर्देशक अमरेंद्र पांडे इस कार्यक्रम के प्रति अपना मंतव्य व्यक्त करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में देश के जांबाज जवानों व बुजुर्गों के प्रति सम्मान की भावना को जागृत करना था। साथ ही उन्होंने कहा कि जिस प्रकार इस सृष्टि का निर्माण 5 तत्व से हुआ है। ठीक उसी प्रकार हमारे विद्यालय की स्थापना के 5 बुनियादी मूल्य सम्मान, निष्ठा, इंटीग्रिटी परिवर्तन, इनोवेंट, चुनौती और उपलब्धि आदि है।

# काली मां मूर्ति की आंख और कंगन की हुई चोरी, मूर्ति को भी किया खंडित

**रोहतास ब्यूरो, प्रात: किरण**

**सासाराम।** रोहतास जिले के करगहर थाना क्षेत्र के सेमरी गांव में सोमवार की रात काली मंदिर में चोरी की वारदात हुई है। ग्रामीणों को घटना की जानकारी मंगलवार सुबह में हुई जब मंदिर का ताला टूटा देखा, ग्रामीणों ने अंदर जा कर देखा, तो काली मां की मूर्ति भी गर्भगृह में अपने स्थान पर नहीं थी, बाहर में मूर्ति भी खंडित अवस्था में पड़ी मिली, मूर्ति का सर तोड़ा गया है, और एक हाथ भी टूटा हुआ था। ग्रामीणों का कहना है कि मूर्ति की आंख सोने की थी, माथे पर सोने की बिंदिया थी और हाथ में कंगन था। ये सभी चोर चुरा कर ले गए। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी, पुलिस ने मौके पर पहुंच जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार कि रोज कि तरह सोमवार शाम को संध्या आरती के बाद मंदिर के द्वार बंद कर दिए गए थे। परंतु



सुबह उसका ताला टूटा मिला और मूर्ति को खंडित कर, उसमें जड़ित सारे सोने की आंख, बिंदी और कंगना चोर चुरा ले गए। कितने कीमत के गहने चोरी हुई है इसका आकलन किया जा रहा है। ग्रामीण बताते हैं कि एक लाख के मूल्य के गहनों की चोरी हुई है। ग्रामीणों में क्षेत्र में बढ़ती चोरी को लेकर अक्रोश है। उनका कहना है कि चोरी की घटनाओं पर पुलिस कार्रवाई नहीं करती, इसलिए चोर बेखौफ होते जा रहे हैं, और आए दिन चोरी की घटनाए अंजाम दे रहे हैं।

राष्ट्रीय दैनिक **प्रात:किरण**

पटना, बुधवार, 27 जुलाई , 2022



## संक्षिप्त खबरें

### पटना समेत 6 जिलों में ऑरेंज अलर्ट

पटना। राजधानी पटना समेत प्रदेश के आधा दर्जन जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। पटना के साथ-साथ समस्तीपुर, दरभंगा, भोजपुर, सारण और वैशाली जिलों में अगले 2 से 3 घंटे के लिए भारी बारिश और वज्रपात का अलर्ट जारी किया गया है। पटना समेत प्रदेश के अलग-अलग जिलों में अधिकतम तापमान में वृद्धि दर्ज की गई। राजधानी का अधिकतम तापमान सामान्य से 2 डिग्री ऊपर चढ़ने के साथ 34.6 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं 35.8 डिग्री सेल्सियस के साथ गया सबसे गर्म शहर रहा। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार पटना समेत प्रदेश के अलग-अलग स्थानों पर 24 घंटों में मेघ गर्जन, वज्रपात और हल्की वर्षा का पूवानुर्मान है। वज्रपात व मेघ गर्जन को लेकर मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से यलो अलर्ट जारी किया है। अररिया व किशनगंज में कल बुधवार को भारी वर्षा की चेतावनी दी गयी है। प्रदेश के डेहरी में 33.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई।

### जिलाधिकारी ने आईसीएसई टॉपर को किया सम्मानित

पटना। पटना के जिलाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने मंगलवार को आईसीएसई बोर्ड द्वारा वार्षिक माध्यमिक परीक्षा-2022 में अखिल भारतीय स्तर पर द्वितीय स्थान एवं बिहार राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा नेहा को सम्मानित किया है। संजीव कुमार की पुत्री नेहा पटना के ही कार्मेल हाई स्कूल में पढ़ती थी। समाहरणालय में जिलाधिकारी के कार्यालय प्रकोष्ठ में आयोजित सम्मान समारोह के अवसर पर छात्रा के माता, पिता, भाई एवं बहन भी उपस्थित थे। डीएम डॉ. सिंह ने कहा कि नेहा ने जिला के साथ-साथ राज्य का भी नाम रौशन किया है। उन्होंने छात्रा से उनके लक्ष्य के बारे में पूछा तथा अपनी शुभकामनाएं दी। डीएम डॉ. सिंह द्वारा नेहा को सम्मान-पत्र प्रदान किया गया तथा श्री दुर्गा दास बसु द्वारा रचित पुस्तक द कॉन्स्टिट्यूशन ऑफ इंडिया भेंट की गई। उन्होंने कहा कि यह पुस्तक भविष्य में उनके लिए मार्ग दर्शक का काम करेगा। हम सबको भारतीय संविधान का ज्ञान आवश्यक है। डीएम डॉ.सिंह ने सुश्री नेहा के उज्जवल भविष्य की कामना के साथ सफलता के उत्तरोत्तर उत्कर्ष की शुभकामनाएं प्रदान किया।

# विश्वविद्यालयों की परीक्षाएं होंगी नियमित : विजय चौधरी

## प्रदेश मुख्यालय में आयोजित कार्यकर्त्ताओं के दरबार में शिक्षा एवं संसदीय कार्य मंत्री हुए शामिल

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



- सभी विश्वविद्यालयों से लिखित रूप में लिया गया है टाइमलाइन
- कोऑर्डिनेशन कमिटी के बगैर भी एनडीए में है सब कुछ परफेक्ट

शिक्षा मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि सरकार विश्व विश्वविद्यालयों एवं कॉलेजों के सत्र तथा परीक्षाओं को नियमित करने के प्रयास में अनवरत लगी हुई है। इस संदर्भ में छात्रों की मांग बिल्कुल जायज है, कॉलेजों में नियमित कक्षाएं चलनी ही चाहिए और परीक्षाएं भी समय पर ही होनी चाहिए। अन्यथा बच्चों का समय बर्बाद होता है। राज्य सरकार ने विगत वर्ष अगस्त 2021 में महामहिम राज्यपाल एवं प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ इस संदर्भ में बैठक कर विस्तार से चर्चा की थी। शिक्षा एवं संसदीय कार्य मंत्री मंगलवार को जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यकर्त्ताओं के दरबार में सम्मिलित हुए। इस दौरान उन्होंने प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याओं को सुन उनका त्वरित समाधान किया व संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बात करते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा कि अभी 15 दिन पूर्व भी सभी कुलपतियों, कुलसचिवों एवं परीक्षा नियंत्रकों के साथ बैठक कर सरकार की भावना और मंशा उनके सामने स्पष्ट कर दी गई है। सभी ने कक्षा और परीक्षा नियमित करने के प्रति अपनी वचनबद्धता व्यक्त की है। इस संदर्भ में सरकार उन्हें हर प्रकार का सहयोग करने को तैयार है। उन्होंने कहा कि सरकार की पूरी हमदर्दी छात्रों के साथ है।

हम पूरी गंभीरता से इस मामले को देख रहे हैं और सभी विश्वविद्यालयों से लिखित रूप में टाइमलाइन लिया गया है। विश्वास है कि आगामी 6 से 12 माह के भीतर प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों की परीक्षाएं नियमित हो जाएंगी। कुछ विद्यालयों में रविवार के स्थान पर शुक्रवार को छुट्टी करने संबंधी एक सवाल का जवाब देते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा कि यह शिकायत सरकार को मिली है और वहां के पदाधिकारियों से प्रतिवेदन मांगा गया है। जो कुछ भी नियम संगत व वैधानिक होगा उस अनुसार कार्रवाई होगी। श्री चौधरी ने कोरोना के बढ़ते मामलों के संदर्भ में पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा कि सरकार के संज्ञान में सारी स्थिति है और हर स्तर पर व्यापक इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने इसमें जागरूकता की आवश्यकता पर बल देते हुए सभी लोगों से बूस्टर डोज लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि बिहार ने बूस्टर डोज को भी फ्री में देने का सबसे पहले निर्णय लिया था, अब तो केंद्र सरकार ने भी इसे फ्री में देने का निर्णय ले लिया है। मंत्री ने एक अन्य सवाल के जवाब में एनडीए में सब कुछ ठीक और परफेक्ट बताते हुए कहा कि बगैर कोऑर्डिनेशन कमिटी के भी हमको कहीं कोई कमी नजर नहीं आ रही है। शराबबंदी पर एनडीए के कुछ नेताओं द्वारा दिए जा रहे बयान के संदर्भ में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि एनडीए की बैठक में और कैबिनेट की बैठक में सभी एकमत से शराबबंदी के पक्ष में खड़े रहते हैं। एक अन्य सवाल के जवाब में श्री चौधरी ने कहा कि अपने भौगोलिक कारणों से हम लैंडलॉक प्रदेश हैं। यहां कोई खान भी नहीं है और ना ही समुद्री किनारा है, फिर भी पिछले 16 वर्षों से हम लगातार विकास कर रहे हैं। हमारी दिशा भी सही है, यह एक बड़ी उल्लेखनीय बात है। बिहार के लोग स्वाभिमानी होते हैं और अपने बल पर ही आगे बढ़ते हैं। उक्त अवसर पर मुख्यालय प्रभारी उपाध्यक्ष डॉ नवीन आर्य चन्द्रवंशी एवं प्रदेश महासचिव लोक प्रकाश सिंह भी मौजूद रहे।

# पीएम मोदी के मन की बात पटना में सुनेंगे जेपी नड्डा, बैठक को लेकर तैयारी जोरों पर

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



- प्रदेश अध्यक्ष संजय जासवाल लगातार कर रहें मॉनिटरिंग

बिहार में पहली बार भाजपा के सात मोर्चों की संयुक्त बैठक को लेकर तैयारी जोरों पर है। यह बैठक 30 और 31 जुलाई को दो दिवसीय होगी। बैठक का उद्घाटन 30 जुलाई को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा करेंगे, जबकि इसका समापन 31 जुलाई को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह करेंगे। इसके लिए जेपी नड्डा और अमित शाह बिहार आ रहे हैं। वहीं,30 जुलाई को होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पटना में ही सुनेंगे। इसकी जानकारी बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल ने दी है। संजय जायसवाल ने मंगलवर को मीडिया से बात करते हुए कहा कि बिहार में भाजपा के सात मोर्चों की बैठक हो रही है। इसके लिए तैयारियां चल रही है। उन्होंने कहा कि 30 जुलाई को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा आएंगे और 31 जुलाई को को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आएंगे। 31 जुलाई को ही कार्यक्रम का समापन कर जेपी नड्डा और अमित शाह दिल्ली लौट जाएंगे। वहीं, सीएम नीतीश कुमार को कोरोना पॉजिटिव होने पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय जासवाल ने कहा कि वे जल्द स्वस्थ हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सभी देशवासियों के लिए वैक्सीन बनवाया है। यह वैक्सीन देशवासियों को लगायी गयी है। सीएम ने भी वैक्सीन लगायी है। वे जल्द इस वायरस से स्वस्थ हो जाएंगे। बताया जा रहा है कि भाजपा के सात मोर्चों की बैठक का मूल उद्देश्य बिहार विधानसभा के 200 सीटों पर तैयारियां करने का है। इसको लेकर भाजपा के शीर्ष नेतृत्व प्रदेश के नेताओं को निर्देश देंगे। बताया जा रहा है कि जिस सीट पर भाजपा मजबूत स्थिति में है, वहां नेता महीने में एक बार दौरा करेंगे। जबकि जहां कमजोर स्थिति में है, वहां हर सप्ताह दौरा करेंगे।

## बाढ़, सूखाड़ पर अब तक सिर्फ जुमलेबाजी : लोजपा-(रा.)

पटना। लोजपा-(रा.) के राष्ट्रीय महासचिव सह पूर्व विधायक सतीश कुमार ने कहा कि बिहार में बाढ़, सूखाड़ पर विभागीय मंत्री एवं अधिकारियों द्वारा दिया गया बयान सिर्फ जुमलेबाजी है। 17 वर्षो से सत्ता पर काबिज एनडीए की सरकार द्वारा किसानों को कभी कृषि रोड मैप की बात की गयी तो कभी बिहारी व्यजंन केला,आम,लीची,मखाना, मछली, मुर्गा और दूध की चर्चा की गई और लोक लुभावन नारों से भरमाने का काम किया गया। 2025 तक हर खेत को पानी देने की बात कहकर सब्जबाग दिखाया गया। आगे श्री कुमार ने कहा कि 17 वर्षो से बिहार के किसान कभी बाढ़ और सुखाड़ की त्रासदी झेल रहे हैं। प्रतिवर्ष 250 से 500 से अधिक लोगों की बाढ़ से मौत हुई है। पशु भी 600 से 700 तक बाढ़ के बहाव में मरे है। उन्होंने कहा कि बाढ़ सूखाड़ के नाम पर अरबों रुपये भ्रष्टाचार के पेट में चला गया।

# तीन दिवसीय 7वीं राज्यस्तरीय सॉफ्ट टेनिस टूर्नामेंट का हुआ समापन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



- पूर्व मंत्री उपेन्द्र कुशवाहा ने विजयी प्रतिभागियों को किया सम्मानित
- जहानाबाद स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में आयोजित टूर्नामेंट में 292 प्रतिभागियों ने लिया भाग

सॉफ्ट टेनिस एसोसिएशन ऑफ बिहार की ओर से आयोजित सॉफ्ट टेनिस का तीन दिवसीय 7वीं राज्यस्तरीय टूर्नामेंट का मंगलवार को जहानाबाद स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में समापन हुआ। समापन सह पुरस्कार वितरण समारोह स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स के मंच पर आयोजित किया गया। जिसमें बिहार के 21 जिलों से 292 प्रतिभागियों ने भाग लिया। विजयी प्रतिभागियों को समारोह के दौरान मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री तथा विधान पार्षद उपेन्द्र कुशवाहा एवं सांसद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी ने विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को मेडल, ट्राफी एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। इनके साथ महासचिव धर्मवीर कुमार तथा सामाजिक कार्यकर्ता आलोक आजाद ने भी खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर उपेंद्र कुशवाहा ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार स्पोर्ट्स के क्षेत्र में भी बेहतर प्रदर्शन कर रहा है, ऐसे में राज्य सरकार भी लगातार खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी की स्थापना करने वाली है। उन्होंने कहा कि बिहार में खेल को बढ़ावा देने के लिए सॉफ्ट टेनिस एसोसिएशन को हर संभव सहयोग के लिए मैं तैयार हूं। सॉफ्ट टेनिस के लिए जो भी आवश्यक हो, उसके लिए राज्य स्तर पर सहयोग किया जाएगा। सांसद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी अति आवश्यक है, इसलिए हर माता-पिता को अपने बच्चों को खेल के तरफ भी आकर्षित करने के लिए उन्हें प्रेरित करना चाहिए। वहीं, सॉफ्ट टेनिस एसोसिएशन ऑफ बिहार के महासचिव धर्मवीर कुमार ने कहा कि 3 दिनों तक चले टूर्नामेंट का आज सफलतापूर्वक समापन हो गया। खिलाड़ियों को हर तरफ की सहायता सॉफ्ट टेनिस एसोसिएशन ऑफ बिहार के द्वारा मुहैया कराई जाएगी, किसी प्रकार के संसाधन की कमी खिलाड़ियों को नहीं होगी। इसके पूर्व महासचिव धर्मवीर कुमार ने विजेताओं का घोषणा करते हुए बताया कि अंडर-12 गर्ल्स सिंगल की विजेता प्रियल, अंडर-12 गर्ल्स डबल की विजेता श्रेयांसी तथा रौशनी भूषण,अंडर-12 ब्वाएज सिंगल के विजेता अभिनव सिंघानिया,अंडर-12 ब्वाएज डबल के विजेता ऋषि राज शर्मा तथा आयुष सिंह,अंडर-12 ब्वाएज मिक्स डबल के विजेता आयुष सिंह तथा श्रेयांसी,अंडर-15 गर्ल्स सिंगल की विजेता यति राज,अंडर-15 ब्वाएज सिंगल के विजेता गिरधारी,अंडर-15 गर्ल्स डबल की विजेता संजना तथा जिज्ञासा,अंडर-15 ब्वाएज डबल के विजेता सोम सिंह सागर तथा गिरधारी, अंडर-15 मिक्स डबल के विजेता यति राज तथा आदित्य भारद्वाज,अंडर-15 टीम इवेंट्स गर्लस की विजेता भोजपुर टीम के यति राज,आनवी, अंडर-15 टीम इवेंट्स ब्वाएज के विजेता भोजपुर के सोम सिंह सागर, गिरधारी, अंडर-18 मिक्स डबल के विजेता नीतीश कुमार तथा योगीता कुमारी बनी। वहीं,ओपेन मेंस सिंगल के विजेता होशियार सिंह सागर,ओपेन मेंस डबल के विजेता प्रिंस भास्कर मिश्रा तथा होशियार सिंह सागर,ओपेन मिक्स डबल के विजेता होशियार सिंह सागर तथा अनु कुमारी विजेता बनी।

## गडकरी के सवालों का जवाब दें भाजपा नेता : एजाज

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रवक्ता एजाज अहमद ने कहा है कि मौजूदा राजनीति व्यवस्था को लेकर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने जो बातें कहीं है वह साहसिक और भाजपा के चाल-चरित्र को स्पष्ट रूप से उजागर करने वाला वक्तव्य है। जिसमे उन्होंने ने कहा है कि सिर्फ सत्ता के लिए ही राजनीति की जा रही है या देश के लोगों की सेवा के लिए, क्योंकि उन्होंने जो सवाल केंद्रीय मंत्री के रूप में उठाए हैं ये बहुत ही गंभीर है और वर्तमान परिस्थिति में इसका दूरगामी असर स्पष्ट रूप से दिखेगा। एजाज ने कहा कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष लगातार बयानवीर बनकर कहीं ना कहीं अपना नंबर बढ़ाने की राजनीति कवायद मे लगे हुए हैं अब उन्हें यह स्पष्ट करना चाहिए कि वह समाज और राष्ट्र के प्रति जवाबदेह हैं तो नितिन गडकरी के सवालों पर चुप्पी क्यों साधे हुए हैं ? क्या सिर्फ सत्ता के लिए ही भाजपा की राजनीति चल रही है। एजाज ने आगे कहा कि नितिन गडकरी ने जिस बेबाकी से बातें रखकर महात्मा गांधी के समय की राजनीति और आज की राजनीति में हुए बदलाव पर अपनी बातें कहीं है ये स्पष्ट करता है कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार जो राजनीति कर रही है उसे गडकरी जी ने केंद्रीय मंत्री रहते हुए समझ लिया कि देश की जनता भाजपा की नीतियों से तंग आ चुकी है और मोदी सरकार के द्वारा जिस तरह से दोस्त औद्योगिक घरानों के मदद में आम जनों को महंगाई के जंजाल में झोंका जा रहा है उससे भाजपा के अंदर की पीड़ा सामने आने लगी है। ज्ञात हो कि नितिन गडकरी ने कहा है कि बापू के समय में राजनीति देश, समाज, विकास के लिए होती थी, लेकिन अब राजनीति सिर्फ सत्ता के लिए होती है।

# 15 से 20 अगस्त तक जनअधिकार पार्टी करेगी मार्च

पटना, प्रात : किरण संवाददाता




- राहुल गांधी को हिरासत में लिए जाने की निंदा कि
- सितंबर में भूख हड़ताल पर बैठेंगे जाप प्रमुख पप्पू यादव

जनअधिकारी पार्टी (जाप) के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन उर्फ पप्पू यादव ने कांग्रेस के नेता राहुल गांधी को हिरासत में लिए जाने की घटना की निंदा की है और इसके खिलाफ विरोध प्रदर्शन की बात कही है। पटना में मंगलवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और सभी सांसदों के साथ जैसा बर्ताव किया गया है वह निंदनीय है। विपक्ष के नेताओं के साथ ऐसे निंदनीय बर्ताव, किसानों से जुड़े सामानों पर जीएसटी, महंगाई और अग्निवीर योजना को वापस नहीं लेने के विरोध में 15 से 20 अगस्त तक जनअधिकार पार्टी डेरा डालो-घेरा डालो व किसान राजभवन मार्च करेगी और गवर्नर हाउस घेरेगी। इसके बाद सितंबर के पहले सप्ताह से बिहार में बढ़ते अपराध और तस्करी के खिलाफ भूख हड़ताल पर बैठेगी। श्री पप्पू यादव ने कहा कि आज जो देश के हालात हैं उससे यह देश गृह युद्ध की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने बिहार के साथ हमेशा सौतेलेपन का व्यवहार किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि दोबारा जब बिहार आएंगे तो मोतिहारी के चीनी मिल की चीनी की चाय पीकर जाएंगे। उस मिल की जमीन को माफियाओं ने बेच दिया और सरकार सोयी हुई है। बेतिया, मोतिहारी और शिवहर जहां भाजपा के तीन सांसद और 12 विधायक हैं, वहां डेढ़ सौ से ज्यादा हत्याएं हो चुकी हैं। दो दर्जन से ज्यादा बालात्कार की घटनाएं सामने आयी हैं। मोतिहारी-रक्सौल के बॉर्डर इलाकों में प्रशासन तस्करों के साथ पैसा कमाने में लगी हुई है। मोतिहारी से व्यवसायी पलायन कर रहे हैं। उन्होंने घोषणा की कि गांधी जी की कर्मभूमि को अपराध और तस्करी से मुक्त कराने के लिए पूर्वी और पश्चिमी चम्पारण में भूख हड़ताल करेंगे। श्री यादव ने कहा कि सरकार ने जैसा माहौल बना दिया है उसमें लग रहा है कि विपक्ष का कोई भी नेता सुरक्षित नहीं है। किसके पीछे ईडी-सीआईडी लगा दिया जाएगा, किसको जेल भिजवा दिया जाएगा यह कहना मुश्किल है। राहुल गांधी जैसे विपक्ष के नेताओं को सबसे ज्यादा खतरा है। इसलिए हम चाहते हैं कि जल्द से जल्द उन्हें रिहा किया जाय। मौके जाप प्रदेश अध्यक्ष राघवेंद्र कुशवाहा और जाप राष्ट्रीय महासचिव राजेश पप्पू उपस्थित थे।

## रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रहा है देश : अरविन्द

पटना। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अरविन्द कुमार सिंह ने कहा है कि देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक नया डिफेंस इकोसिस्टम विकसित किया जा रहा है। जहां आयात कम किया जा रहा है और निर्यात को बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। हमारे सैनिकों को उन्हीं 10 हथियारों के साथ युद्ध के मैदान में नही जाने दिया जाएगा जो दुनिया के पास हैं, हमारे जवानों के पास वो हथियार होगा जो विरोधी सोचे भी नहीं सकते हैं। बीते 8 वर्षों में मोदी सरकार ने सिर्फ डिफेंस का बजट ही नहीं बढ़ाया है, ये बजट देश में ही डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम के विकास में भी काम आए, ये भी सुनिश्चित किया है। श्री अरविन्द ने कहा है कि रक्षा उपकरणों की खरीद के लिए तय बजट का बहुत बड़ा हिस्सा आज भारतीय कंपनियों से खरीद में ही लग रहा है। भारत में नए डिफेंस ईकोसिस्टम के विकास पर पूरी तत्परता से काम हो रहा है। डिफेंस से जुड़ी हर छोटी - छोटी जरूरत के लिए विदेशों पर निर्भरता हमारे देश के स्वाभिमान, हमारे आर्थिक नुकसान के साथ ही रणनीतिक रूप से बहुत ज्यादा गंभीर खतरा है।

# कारगिल विजय दिवस : भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा

## शहीद जवानों को किया गया नमन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता




- मातृभूमि के लिए सर्वस्व न्योछावर करने वाले जवानों का ऋणी है देश : जिवेश

कारगिल विजय दिवस पर मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा पटना में तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें भाजपा कोटे से सरकार में मंत्री जिवेश कुमार सहित अन्य कई नेता मौजूद थे। गौर हो कि 26 जुलाई 1999 को कारगिल युद्ध में भारत को विजय मिली थी। इसलिए हर साल इस दिन कारगिल विजय दिवस मनाया जाता है। इसी कड़ी में विजय दिवस समारोह को खास बनाने के लिए राजधानी पटना में भी बीजेपी की ओर से तिरंगा यात्रा निकाली गई और देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सपूतों को नमन किया गया। तिरंगा यात्रा का आयोजन भारतीय जनता पार्टी सैनिक प्रकोष्ठ की ओर से जेपी गोलंबर से लेकर कारगिल चौक तक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। देशभक्ति से ओतप्रोत नारे लगाते लोगों ने वीर जवानों को याद दिया। इस दौरान कारगिल युद्ध में शहीद जवानों के पोस्टरों से सजे वाहनों के साथ तिरंगा मार्च निकला गया। मौके पर मंत्री जिवेश कुमार ने कारगिल युद्ध में शहीद हुए भारत माँ के वीर सपूतों को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मंत्री ने कहा कि कारगिल विजय दिवस भारतीय सेनाओं के शौर्य, पराक्रम एवं राष्ट्र के प्रति समर्पण का प्रतीक है। मातृभूमि के स्वाभिमान एवं गौरव की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले मां भारती के अमर सपूतों को कोटि-कोटि नमन। और जिन माता-पिता आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में अग्निवीर योजना की शुरूआत की गई है। यह देश सेवा की चाह रखने वाले युवाओं को लिए सुनहरा एक मौका है। इसलिए हम प्रदेश के युवाओं से अपील करते हैं कि आप भी अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए अग्निवीर योजना का लाभ उठायें और अग्निवीर बनें।

मंत्री ने कहा कारगिल विजय को सभी देशवासी याद कर रहे हैं। खास तौर पर जो अमर शहीद हुए थे जिन वीरों ने कारगिल युद्ध में अपनी आहुति दी थी आज उन वीरों को याद करते हुए उनके प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किया जा रहा है। बिहार के 18 जवान भी हुए थे शहीद : कारगिल युद्ध को 23 साल बीत चुके हैं, आज विजय दिवस के अवसर पर उसके शहीदों को पूरा भारत याद कर रहा है। कारगिल युद्ध के दौरान बड़ी संख्या में सेना के जवान शहीद हुए थे। उसमें बिहार के भी 18 जवान शामिल थे। मेजर चन्द्र भूषण द्विवेदी (शिवहर), नायक गणेश प्रसाद यादव (पटना, तारेगना), हरिकृष्ण राम (सिवान), हवलदार रतन कुमार सिंह (भागलपुर), प्रभाकर कुमार सिंह (भागलपुर), नायक विशुनी राय (सारण), नायक नीरज कुमार (लखीसराय), नायक सुनील कुमार (मुजफ्फरपुर), लांस नायक विद्यानंद सिंह (आरा), लांस नायक राम वचन राय (वैशाली), अरविंद कुमार पाण्डेय (पूर्वी चम्पारण), शिव शंकर गुप्ता (औरंगाबाद), हरदेव प्रसाद सिंह (नालंदा), एम्बू सिंह (सिवान) और रमन कुमार झा (सहरसा) ने देश पर प्राण न्योछावर कर दिया था।

**नाराजगी** सोनिया गांधी से ईडी के पूछताछ के खिलाफ कांग्रेस नेताओं में नाराजगी

# राहुल गांधी को हिरासत में लेने पर सत्याग्रह पर बैठे कांग्रेस नेता

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



पटना। देश में निरंकुशता के आधार पर शासन चलाने के जिद में भाजपा अंधी हो गयी है। सरकारी एजेंसियों का इस्तेमाल राजनीतिक द्वेष में करना बेहद गंभीर मामला है और यह कांग्रेस बर्दाश्त नहीं करेगी। उक्त बातें मंगलवार को पटना के गांधी मैदान में गांधी मूर्ति के नीचे सत्याग्रह पर बैठे कांग्रेस नेताओं को संबोधित करते हुए बिहार कांग्रेस अध्यक्ष डॉ मदन मोहन झा ने कही। उन्होंने आगे कहा कि राजनीतिक द्वेष से प्रेरित होकर सोनिया गांधी के खिलाफ भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र सरकार साजिशें रच रही है, जिन्होंने दो बार देश के प्रधानमंत्री बनने के अवसर को ठुकरा दिया था। अस्पताल से हाल में बाहर आई कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्षा सोनिया गांधी के साथ मानसिक तौर पर उन्हें प्रताड़ित करने की भाजपाई नीति के कारण ईडी बार-बार उन्हें पूछताछ को बुला कर परेशान कर रही है। कांग्रेस ने अहिंसा का रास्ता शुरू से अख्तियार किया है और आगे भी करेगी। भारतीय राजनीतिक इतिहास में अब तक ऐसी कोई सरकार सत्ता में नहीं आयी होगी जो पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर फैसले ले रही है। बिहार कांग्रेस अध्यक्ष डॉ मदन मोहन झा ने दिल्ली पुलिस द्वारा राहुल गांधी को विरोध प्रदर्शन से हिरासत में लिए जाने को शर्मनाक बताते हुए उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक मयार्दा को तार-तार करता वर्तमान सत्ता पक्ष देश में असंतुलन पैदा कर अंग्रेजों की तरह राज करने के नीति पर काम कर रहा है। सत्याग्रह के बाबत प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने बताया कि आज पुनः हमारी राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी को ईडी द्वारा पूछताछ के लिए बुलाया गया था इसके तहत देश के सभी राज्य राजधानियों पर प्रदेश कांग्रेस कमिटी ने सत्याग्रह का आयोजन किया। कार्यकारी अध्यक्ष कौकब कादरी, श्याम सुन्दर सिंह धीरज, डॉ. अशोक कुमार, अनुशासन समिति के अध्यक्ष कृपा नाथ पाठक, विधायक शकील अहमद खान, मुख्य सचेतक राजेश कुमार, मिडिया के चेयरमैन राजेश राठौड़, विधायक सिद्धार्थ सिंह, आनंद शंकर, प्रतिमा कुमारी दास, सदस्यता प्रभारी ब्रजेश प्रसाद मुनन, ब्रजेश पाण्डेय, कुमार आशीष, नरेन्द्र कुमार, लाल बाबू लाल, गजानंद शाही, डॉ. अजय कुमार सिंह, विनय वर्मा, भावना झा, आनंद माधव, असित नाथ तिवारी, प्रवीन सिंह कुशवाहा, ज्ञान रंजन, संजीव कुमार कर्मवीर, शरवत जहाँ फातेमा, ललन यादव, राजेश कुमार सिन्हा, नागेन्द्र कुमार विकल, श्कीलुर रहमान, कमल देव नारायण शुक्ला, शशि कान्त तिवारी, अम्बुज किशोर झा, सुधा मिश्रा, अरबिंद लाल रजक, सौरभ सिन्हा, अनुराग चन्दन, मधुरेन्द्र कुमार सिंह, अजय सिंह, शशि रंजन, डॉ. आशुतोष शर्मा, अरविन्द चौधरी, सुधीर शर्मा, उदय शंकर पटेल, विनोद पाठक, सिद्धार्थ क्षत्रिय, मृणाल अनामय, कपिलदेव प्रसाद यादव, मोहम्मद खान अली, कुंदन गुप्ता, उमेश कुमार राम, राजेश मिश्रा, रीता सिंह, सुनीता साक्षी, अमित कुमार, निरंजन कुमार, अनीता राम, निधि पाण्डेय, सुनील कुमार सिंह, पंकज यादव,वेंकटेश रमण, गुरुजीत सिंह, वसी अख्तर, गुरुदयाल सिंह, रवि गोल्डन, अनूप कुमार सहित अधिकांश जिला समेत सैंकड़ों की संख्या में कांग्रेस के नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# योजनाओं के क्रियान्वयन में लाएं तेजी

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

- पटना जिलाधिकारी ने की प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग ग्रुप की बैठक, दिया निर्देश
- कार्यकारी एजेंसियों को जल्द योजनाओं का क्रियान्वयन करने का दिया निर्देश

पटना के जिलाधिकारी डॉ. चन्द्रशेखर सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में परियोजना अनुश्रवण समूह की बैठक हुई। बैठक में उन्होंने जिले में चल रही 30 से अधिक परियोजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की तथा अद्यतन प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान डीएम ने कार्यकारी एजेंसियों को कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। बैठक में पटना डीएम ने विभिन्न केन्द्रीय योजनाओं एनएचएआई, रेलवे, एनटीपीसी के साथ विभिन्न राज्य योजनाओं पथ निर्माण विभाग, पुल निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल एवं जल संसाधन विभाग की विभिन्न राज्य-सम्पोषित परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। बाढ़ से बख्तियारपुर थर्ड नई बड़ी रेल लाईन निर्माण परियोजना में कुल 6 ग्राम-करनौती, माधोपुर, मोहम्मदपुर, महमदपुर, रानी सराय एवं शबनीमा में कुल 12.2415 एकड़ भूमि अधिग्रहण किया गया है। समाहर्त्ता के द्वारा भुगतान में तेजी लाने का निदेश दिया गया। डीएम डॉ. सिंह ने इस परियोजना में एक माह के अंदर मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया पूर्ण कर लेने का निर्देश दिया है। वहीं एनटीपीसी, बाढ़ अंतर्गत परियोजना में प्रगति अच्छी पायी गई। जिला भू-अर्जन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि एनटीपीसी, बाढ़ को 40 मौजा में अर्जित भूमि का ग्रामवार मूल्यांकन पंजी की छायाप्रति उपलब्ध करायी गयी है। एनटीपीसी, बाढ़ के उप महाप्रबंधक के द्वारा बताया गया कि स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज का कार्य पूरा हो चुका है। एनटीपीसी परियोजना अंतर्गत ग्रामों की जमीन का म्युटेशन कार्य प्रगति पर है। डीएम डॉ. सिंह ने इसे शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया है। वहीं डीएम डॉ. सिंह ने एनएचएआई के अधीन बख्तियारपुर-मोकामा फोरलेन फेज-1 (एनएच-31) परियोजना का कार्य जून, 2023 तक पूर्ण कर लेने का निर्देश दिया। दानापुर-बिहटा एलिवेटेड रोड परियोजना में कुल 21 ग्रामों में कुल रकबा 108.984 एकड़ भूमि अर्जन की कार्रवाई की जा रही है। इसमें 65.9245 एकड़ भूमि की अधियाचना प्राप्त है। शेष 43.0595 एकड़ भूमि पटना-बक्सर एनएच-30-84 की अर्जित भूमि पर निर्माण कार्य किया जाना है। वहीं औरंगाबाद-दरभंगा एक्सप्रेस-वे (भारतमाला आमस-रामनगर खण्ड) एनएच-119डी परियोजना में 12 मौजा में 205.25 एकड़ भूमि अर्जित की गई है। डीएम डॉ. सिंह ने जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को मुआवजा भुगतान में तेजी लाने का निर्देश दिया। साथ ही पटना डीएम ने फतुहा-हरनौत-बाढ़ दनियावां बाईपास एनएच-30 ए परियोजना में तेजी लाने का भी निर्देश दिया। गंगा जल उदवाह परियोजना में कुल 05 मौजा में 23.67 एकड़ भूमि का अर्जन किया गया है। 171 रैयतों के बीच मुआवजा राशि का भुगतान किया गया है। जिलाधिकारी ने भूमि सुधार उप समाहर्त्ता बाढ़ को अंचलाधिकारियों से प्राप्त आवेदन पत्र को पूर्ण समीक्षा कर अनुशंसा के साथ जिला भू-अर्जन कार्यालय को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, बुधवार, 27 जुलाई 2022

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### नरघोघी मठ की गरिमा को पुर्नरजागृत करने की मांग

सरायरंजन। सरायरंजन प्रखंड क्षेत्र के रामजानकी मठ नरघोघी में मंगलवार को महंत शिवराम दास की उपस्थिति में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए श्री दास ने कहा कि इस मठ को पुर्नरजागृत, दिव्यता, पुराने समय में जो इस की गरिमा थी पुनः बहाल हो। साथ ही इसके सौंदर्यीकरण पर भी चर्चा किया गया। वहीं भविष्य में योजनाबद्ध तरीके से इस पर कार्य भी किया जाएगा। स्थानीय लोगों ने भी इस पर सहमति जताई है। मौके पर शिबू झा शंभू झा, अरुण कुंवर, महेश शर्मा, सचिन कुमार झा आदि लोग उपस्थित थे।

### फायरिंग और लूटपाट के आरोपी भाजपा नेता को पुलिस ने किया गिरफ्तार

समस्तीपुर। पुलिस के द्वारा हथियार के बल पर लूटपाट और मारपीट करने के आरोपी भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के समस्तीपुर जिला प्रभारी जाकिर हुसैन को सोमवार की रात गिरफ्तार कर लिया गया। भाजपा नेता जाकिर हुसैन नगर थाना कांड संख्या 111/22 के आरोपी हैं। नगर थाना क्षेत्र के धरमपुर मोहल्ला निवासी दानिश बेग ने हथियार के बल पर मारपीट करने, जान मारने के उद्देश्य से फायरिंग करने, उनके गले की सोने की चेन छीनने और 30 हजार रुपए की लूट करने को लेकर भाजपा नेता जाकिर हुसैन व उनके अन्य साथियों के विरुद्ध नगर थाना में आवेदन दिया था। दिए गए आवेदन के आधार पर पुलिस के द्वारा मामला दर्ज किया गया था और उसी मामले में कार्रवाई के तहत भाजपा नेता जाकिर हुसैन को पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किया गया। जांच के दौरान मामले को सत्य पाया गया इसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। इस बाबत सदर डीएसपी मोहम्मद एसएच फकरी ने बताया कि जांच के दौरान मामले को सत्य पाया गया। जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उसे जेल भेजा जाएगा।

### दलसिंहसराय में 7 लाख 10 हजार की छिनतई

समस्तीपुर। समस्तीपुर जिले के दलसिंहसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत आईबी रोड के पास मंगलवार को एसबीआई के एडीबी शाखा से 7 लाख 10 रुपये निकाल कर साईकिल से घर जा रहे एक बुजुर्ग से बाइक सवार छिनतई ग्रुप के बदमाशो ने 7 लाख 10 हजार झपट कर फरार हो गया। जब तक वो कुछ समझ पाते तब तक बाइक सवार दोनों बदमाश गायब हो चुके थे। वहीं घटना की सूचना पर थानाध्यक्ष कुमार ब्रजेश घटना स्थल पर पहुंचकर जाँच में जुट गए। पीड़ित की पहचान दलसिंहसराय थाना क्षेत्र के केवटा निवासी राम प्रसाद राय के रूप में हुई। वह निजी विद्यालय में शिक्षक हैं। उन्होंने बताया कि एडीवी शाखा में मेरा एफडी खाता था। समय अवधि पूरा हो जाने से खाता से निकासी कर झोला में रखकर साईकिल से घर जा रहा था। तभी पीछे से एक बाइक पर दो बदमाश आये और मुझे धका देकर साईकिल से गिरा दिया और झोला छिनकर बेगूसराय की ओर भाग गया। जब तक वह शोर मचाते तब तक दोनों आंखों से ओझोल हो चुके थे। घटना के सम्बंध में स्थानीय थाना को लिखित शिकायत दी गई है। वहीं इस घटना को लेकर थानाध्यक्ष कुमार ब्रजेश ने बताया कि घटना के सम्बंध में जानकारी मिली बैंक और रास्ते में लगे सीसीटीवी कैमरा की जाँच की जा रही है। जल्द ही मामले का उदभेदन कर दिया जाएगा।

# बीआरबी कॉलेज में बीएड परीक्षा के दौरान आंदोलन का मामला गरमाया

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

छात्र संगठन आइसा से जुड़े छात्रों ने मंगलवार को झंडा-बैनर तले पटेल गोलंबर से जुलूस निकाल कर समाहरणालय होते हुए अनुमंडलाधिकारी कार्यालय पहुंच छात्र हित के बीएड परीक्षा के दौरान विद्यार्थी परिषद के बाहरी अराजक कार्यकर्ता द्वारा 13 जुलाई से 15 जुलाई तक परीक्षा अवधि में आंदोलन चलने के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने, समस्तीपुर कॉलेज और बीआरबी कॉलेज कैंपस में विद्यार्थी परिषद के द्वारा बाहरी अराजक तत्वों का जमावड़ा लगाने पर रोक लगाने, कॉलेज कैंपस में पढ़ाई-लिखाई से वास्ता नहीं रखने वाले अराजक तत्व के प्रवेश पर रोक लगाने, कॉलेज कैंपस में शैक्षणिक व लोकतांत्रिक माहौल बहाल समेत विभिन्न मांगों को पूरा करने को ले जमकर नारेबाजी व प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद सभा का आयोजन किया जिसका अध्यक्षता लोकेश राज तथा संचालन जिला सचिव सुनील कुमार ने किया।




वही सभा को संबोधित करते हुए जिला सचिव सुनील कुमार ने कहा कि बीआरबी कॉलेज समस्तीपुर में 13 जुलाई से 18 जुलाई तक बीएड पार्ट-2 का परीक्षा चल रहा था, इस परीक्षा के दौरान विद्यार्थी परिषद के बाहरी अराजक कार्यकर्ता जिसमें एक भी कॉलेज के छात्र नहीं था वो 13 जुलाई से 15 जुलाई तक परीक्षा अवधि में आंदोलन अपने स्वार्थ के लिए चलाया है जबकि परीक्षा अवधि में क्लास बंद कर दी जाती हैं तथा छात्र-छात्राओं को प्रवेश पर रोक लगा दी जाती हैं फिर ये अराजक तत्व कई दिनों तक आंदोलन चलाया हैं जो परीक्षा नियमावली के विरुद्ध है।

आइसा जिला जिलाध्यक्ष लोकेश राज ने कहा कि परीक्षा नियमावली और विधि व्यस्था को बनाए रखना अनुमंडलाअधिकारी का दायित्व है। आइसा के पूर्व नेता गंगा प्रसाद पासवान ने कहा कि इन अराजक तत्व पर परीक्षा नियमावली का उलंघन एवं कैंपस में अराजकता पर रोक लगाने व एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग किया हैं। आइसा जिला उपाध्यक्ष रौशन कुमार ने कहा कि बीआरबी कॉलेज कर्मी के साथ मारपीट मुफ्फसिल कांड संख्या 283/22 के आरोपी को अविलंब गिरफ्तार किया जाए। अन्त में अनुमंडल अधिकारी द्वारा नियुक्त दंडाधिकारी ने प्रदर्शनकारियों के वार्ता कर छात्र हित के मांगों पर सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। वहीं छात्र हित के मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं होने पर आइसा चरणबद्ध आंदोलन चलाने की घोषणा की है। प्रदर्शन में आइसा कार्यालय सह सचिव दीपक युवांशी, जिला उपाध्यक्ष दीपक यादव, जानवी कुमारी, राहुल कुमार, मो० अफरीदी, सोनू कुशवंशी, धीरज कुमार, नीरज कुमार, मो० महफूज, राहुल कुमार, तिलक सदा, इत्यादि थे।

# गरूआरा चौर से अज्ञात शव बरामद
## गोली मारकर हत्या की आशंका



समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

समस्तीपुर जिले में लगातार बढ़ रहे अपराधिक वारदातों को लेकर पुलिस बौनी नजर आ रही है। एक घटना की तफ्तीश में पुलिस लगी ही रहती है तभी दूसरी वारदात हो जाती है। अधिकांश मामलों में पुलिस के हाथ अब तक खाली है। ताजा मामला मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पोखरैरा पंचायत अंतर्गत गरूआरा चौर में एक युवक का शव बरामद किया गया है। अब तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। युवक के बायें पंजरे में गोली के निशान है। घटना स्थल पर देखने से प्रतित होता है जैसे वहां पर हाथापाई भी हुई हो। आसपास खेत में मारपीट के निशान मिले हैं। लाश मिलने की सूचना पर स्थानीय लोगों की भीड़ घटनास्थल पर जुट गई। मुफस्सिल थाना प्रभारी केसी भारती ने बताया कि पोखरैरा गांव में युवक के शव मिलने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लाया है। हालांकि अब तक मृत युवक की पहचान नहीं हो सकी है। उसने काले व उजले रंग का चेक शर्ट और जींस पहन रखा है। उसकी उम्र लगभग 30 वर्ष बताई जा रही है। शव को पहचान के लिये 72 घंटे रखा जाएगा। हालांकि पुलिस अपने स्तर से युवक की पहचान करने में जुटी है।

# 28 व 29 जुलाई को बिजली महोत्सव कार्यक्रम का होगा आयोजन

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

स्वतंत्रता के गौरवशाली 75 वर्ष के उपलक्ष्य में, भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय, 25 से लेकर 30 जुलाई 2022 तक उज्ज्वल भारत, उज्जवल भविष्य-पवार@2047 विषय के तहत बिजली महोत्सव मनाया जा रहा है। विद्युत मंत्रालय के तहत बिजली महोत्सव का अवलोकन करते हुए, बिहार राज्य के सभी 38 जिले राष्ट्रव्यापी जन भागीदारी अभियान समारोहों में उत्साहपूर्वक भाग लेंगे। बिजली महोत्सव का त्योहार, बिजली सुधार की दिशा में किए गए अभिनव पहलों व तेजस्वी विकास को प्रचारित करने के लिए पूरे देश में मनाया जा रहा है। भारत को ऊर्जा सशक्त बनाने हेतु, भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय द्वारा विभिन्न पहलों और हस्तक्षेपों को सभी लाभार्थियों के समक्ष नुक्कड़ नाटक, बैनर पोस्टर, सांस्कृतिक कार्यक्रम व फिल्मों के द्वारा प्रदर्शित किया जाएगा। समस्तीपुर जिले में 28 जुलाई को



कपूर्री सभागार एवं 29 जुलाई को पूसा कृषि विद्यालय के विद्यापति सभागार में बिजली महोत्सव के कार्यक्रमों का आयोजन निर्धारित किया गया है। बिजली महोत्सव ऊर्जा सशक्त भारत का उत्सव है। यह त्योहार ऊर्जा वृद्धि, विकास व प्रगति का प्रतिबिंब है। बिजली महोत्सव जिला प्रशासन, बिजली विभाग एवं एनटीपीसी के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है।

### मुसरीघरारी में शराब माफिया गिरफ्तार

**सरायरंजन।** मुसरीघरारी थाना क्षेत्र के फतेहपुर गांव से मंगलवार की दोपहर एक शराब माफिया को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। शराब माफिया की पहचान फतेहपुर निवासी पिंटू सिंह के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि कुछ दिन पूर्व मुसरीघरारी चौराहा के पास से शराब से भरा एक टैंकर बरामद किया गया था। जिसमें उक्त आरोपी का नाम सामने आया था। उसी के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। साथ ही शराब मामले में इस पर पूर्व से भी 4 मामले चल रहे थे। काफी दिनों से फरार चल रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार की दोपहर उसके घर से छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया जाएगा। इधर सरायरंजन थाना में पूर्व के मामले में आरोपी चल रहे मुसरीघरारी थाना क्षेत्र के हरपुर एलौथ निवासी विनोदानंद झा के पुत्र मुरारी कुमार झा को थानाध्यक्ष रामचंद्र चौपाल ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# चहक माड्यूल आधारित पांच दिवसीय प्रशिक्षक प्रशिक्षण शिविर का हुआ उद्घाटन

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

समस्तीपुर प्रखंड कार्यालय प्रशिक्षण केंद्र डायट परिसर स्थित सीटीई भवन में मंगलवार को बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान के अंतर्गत चहक माड्यूल आधारित पांच दिवसीय प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण शुरू हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन शिक्षा विभाग समग्र शिक्षा अभियान के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी मानवेंद्र कुमार व बीईओ नवल किशोर प्रसाद ने दीप प्रज्वलित कर किया। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य कक्षा एक से पांच में पढ़ने वाले बच्चों के पठन-पाठन में रुचि बनाते हुए बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान प्राप्त करना है। प्रशिक्षण लेने के बाद ये प्रशिक्षित शिक्षक संकुल स्तर पर सभी विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं वर्ग एक के शिक्षकों को प्रशिक्षण देंगे। कक्षा एक से तीन के बच्चों



को साक्षरता के साथ-साथ ज्ञान हो, इसके लिए बिहार शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा यह कदम उठाया गया है। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण का प्रशिक्षण 3 महीने तक चलेगा। इसमें विभिन्न प्रखंडों के प्रत्येक संकुल से वैसे शिक्षक, जो कक्षा एक से पांच में विशेष रूप से पढ़ाते हैं उनको मास्टर प्रशिक्षक के रूप में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। तैयार मास्टर प्रशिक्षक संकुल स्तर पर सभी शिक्षकों को प्रशिक्षित करेंगे। यह आयोजन बिहार शिक्षा परियोजना द्वारा हो रहा है। मास्टर प्रशिक्षक तनवीर आलम एवं नेतृत्व करता लेखापाल चंदन श्रीवास्तव ने बताया कि स्कूली बच्चों में पढ़ाई के प्रति रूचि बरकरार रखने व बढ़ावा देने को चहक कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य बच्चों को विद्यालय के प्रति सहज बनाना है। इसके साथ प्रशिक्षु शिक्षकों को बच्चों के बीच अपनापन विकसित करने, गाने, हंसने, खेलने वाली पढ़ाई करने में तैयार करने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में खानपुर, विद्यापतिनगर, सिंघिया, पूसा, मोहनपुर, वारिसनगर, सरायरंजन एवं मोरवा सहित आठ प्रखंडों के 120 शिक्षकों को 140 गतिविधि आधारित शिक्षण सभी प्रशिक्षुओं को दिया जा रहा है, ताकि वह अपने संकुलाधीन वर्ग प्रथम में नामित शिक्षकों को प्रशिक्षित कर सके। मौके पर लेखापाल चंदन श्रीवास्तव, एपीओ रमन कुमार पासवान, तनवीर आलम, पवन कुमार शर्मा, रंजना कुमारी, संजीव कुमार, राकेश कुमार, मनीष कुमार, रणधीर कुमार एवं मिंटू कुमार सहित कई प्रशिक्षु शिक्षक व शिक्षा विभाग के कर्मी उपस्थित थे।

# सड़क दुर्घटना में गश्ती दल के जवान की मौत

रोसड़ा, प्रात: किरण संवाददाता

रोसड़ा थाना क्षेत्र के रहुआ-डाकबंगला पथ पर ट्रैक्टर-ऑटो के टक्कर की सूचना पर घटनास्थल पर पहुंची रोसड़ा थाने की गश्ती दल के एक होमगार्ड जवान को बगल से गुजर रहे तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल डाला, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान विभूतिपुर थाना क्षेत्र के पटपारा निवासी रामचंद्र राय (58) के रूप में की गई है जो वर्तमान में रोसड़ा थाना में पदस्थापित थे और थाने की गाड़ी भी चलाते थे।

बताया जाता है कि रहुआ-डाकबंगला पथ पर सोमवार की देर रात ट्रैक्टर और ऑटो में टक्कर की सूचना मिलते ही रोसड़ा थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच घायलों को अस्पताल पहुंचाया। बताया गया है की ऑटो सवार तीन लोग गंभीर रुप से जख्मी हो गए थे। इस दौरान सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाने के बाद



क्षतिग्रस्त दोनों वाहनों को पुलिसबल के द्वारा सड़क किनारे कराया जा रहा था तभी पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क पर खड़े होमगार्ड जवान रामचंद्र राय को कुचलते हुए फरार हो गया। इस दौरान होमगार्ड जवान की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लाया जहां पोस्टमार्टम की प्रक्रिया के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। इससे पहले होमगार्ड एसोसिएशन के द्वारा मृतक जवान को गार्ड ऑफ ऑनर देते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### उच्च विद्यालयों में सावधिक परीक्षा शुरू

**सरायरंजन।** सरायरंजन प्रखंड के विभिन्न उच्च विद्यालयों में मंगलवार को सावधिक परीक्षा शुरू हुई। इनमें प्रथम पाली में सामाजिक विज्ञान विषय की परीक्षा हुई। वहीं द्वितीय पाली में अंग्रेजी विषय की परीक्षा हुई। प्रथम पाली की परीक्षा में दशमी कक्षा के छात्र झछात्राओं ने भाग लिया। वहीं प्रथम पाली की परीक्षा में नवमी के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। दोनों विषयों की परीक्षाएं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। इस संबंध में उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय लाटबसेपुरा के प्रधानाध्यापक अनंत कुमार राय ने बताया कि इस तरह की परीक्षाओं से विद्यार्थियों को खुद की तैयारियों के आकलन का मौका मिलता है, ताकि वे अपने कमजोरियों को दूर कर बेहतर अंक प्राप्त कर सकें। पर इसके लिए शिक्षकों का कुशल मार्गदर्शन जरुरी है।

# नाबार्ड के सौजन्य से एयरटेल पेमेंट बैंक का वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित



समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

समस्तीपुर जिले के सरायरंजन प्रखंड के रायपुर में नाबार्ड के सौजन्य से एयरटेल पेमेंट बैंक द्वारा वित्तीय साक्षरता शिविर का उद्घाटन डीडीएम नाबार्ड जयंत विष्णु ने किया। उन्होंने डिजिटल लेन-देन की जानकारी देते हुए कहा कि आर्थिक मामले में सही और गलत कदम की पहचान करनी चाहिए। बैंक किसी से ओटीपी, एटीएम पिन या पासवर्ड नहीं मांगता है। इसलिए अपना एटीएम पिन, पासवर्ड एवं ओटीपी किसी के साथ साझा न करें। उन्होंने सामाजिक सुरक्षा योजना अंतर्गत प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना पर विस्तार से प्रकाश डाला। एयरटेल पेमेंट बैंक के टीम लीडर चंदन मिश्रा ने एयरटेल पेमेंट बैंक में बचत खाता खोलवाकर बचत राशि पर आकर्षक ब्याज दर का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। मौके पर दर्जनों की संख्या में लोग मौजूद थे।

# तीसरे दिन नदी में तैरते मिला बबलू सहनी का शव
## पत्नी ने हत्या की आशंका जताते हुए दर्ज कराई प्राथमिकी

विभूतिपुर, प्रात: किरण संवाददाता

विभूतिपुर थाना क्षेत्र के बोरिया बांध पर रविवार की अहले सुबह खून के छींटे के साथ-साथ साइकिल और मोबाइल मिलने के बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस द्वारा उक्त सामान बरामद किया गया। बरामद समान की पहचान करते हुए महथी उत्तर पंचायत के बबलू सहनी के पत्नी बिंदा देवी साइकिल एवं मोबाइल अपने पति के होने का दावा किया। तथा पति की हत्या की आशंका जताते हुए एक ही परिवार के 4 लोगों को आरोपित करते हुए प्राथमिकी दर्ज करवाई थी। लगातार दो दिनों तक एसडीआरएफ की टीम के द्वारा नदी में लाश खोजने का प्रयास किया गया लेकिन टीम असफल रहा। तीसरे दिन भुसवर घाट पर ग्रामीणों द्वारा एक शव नदी में तैरते देखा गया। जिसकी सूचना विभूतिपुर थाना को दी गई। सूचना मिलते ही विभूतिपुर थाना उक्त जगह पर पहुंचकर नदी से शव



को बाहर निकाला। शव की पहचान बबलू साहनी के रूप में ही किया गया। वही मृतक के गर्दन पर कटे का निशान पाया गया। जिससे स्पष्ट होता है कि किसी तेज धारदार हथियार से बबलू सहनी की हत्या कर साक्ष्य छुपाने हेतु नदी में फेंक दिया गया था। वही पुलिस प्रारंभिक प्रक्रिया के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेज दिया।

# द्रौपदी मुर्मू के राष्ट्रपति बनने पर गया जिला भाजपा ने दी बधाई



गया, प्रात: किरण संवाददाता

भारत के राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के निर्वाचित हो पदासीन होने पर गया जिला भाजपा के द्वारा भाजपा जिला कार्यालय आनंदी माई मोड़ के नजदीक भाजपा जिला अध्यक्ष धनराज शर्मा के नेतृत्व में विजयोत्सव मनाई गई है।भाजपा कार्यकताओं ने राष्ट्रपति चुनाव में जीत पर पटाखे फोड़ एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया गया है

इस अवसर पर उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सह नगर विधायक डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि भारत के सर्वोच्च पद पर एक अनुसूचित जनजाति के महिला को आसीन होना ऐतिहासिक कार्य है. भारत के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी का नारा सबका साथ, सबका विकास आज चरितार्थ हो रहा है. भारत के महान विचारक पं दीनदयाल उपाध्याय ने कहा था कि अंतिम पायदान पर अवस्थित व्यक्ति का जबतक विकास नहीं होगा तबतक देश की विकास की परिकल्पना भी बेकार है. आज भारतीय जनता पार्टी उनके विचारों पर अम्ल करते हुए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के नेतृत्व में कार्य कर रही हैऔर विकास की किरण अंतिम पायदान पर अवस्थित लोगों तक पहुँच भी रही है. भारत के राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी को पदासीन होने पर बहुत बहुत बधाई।

### बाराबंकी सड़क हादसे के मृतक का आया शव

**कल्याणपुर।** कल्याणपुर थाना क्षेत्र के लदौरा गांव निवासी स्वर्गीय उपेंद्र राय के 32 वर्षीय पुत्र ओमप्रकाश की मौत यूपी के बाराबंकी में बस सड़क दुर्घटना में हो गई। मृतक का शव घर आती ही परिजनों में कोहराम मच गई है। वहीं लोगों का बताना है कि युवक मुजफ्फरपुर से बस पकड़ कर दिल्ली जा रहा था। परंतु यूपी के बाराबंकी में बस हादसे में ओमप्रकाश की मौत हो गई। हालांकि घटना के बाद यूपी पुलिस के द्वारा युवक के शव को समस्तीपुर के कल्याणपुर घर लाया गया। इस दौरान समस्तीपुर एडीएम के द्वारा आपदा राहत कोष से मृतक के परिजनों को दो लाख का चेक दिया गया है। ज्ञात हो कि रविवार को मुजफ्फरपुर से दिल्ली के लिए ओमप्रकाश ने बस पकड़ा था। यूपी के बाराबंकी में सोमवार की सुबह सड़क दुर्घटना में उसकी मौत हो गई थी। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में शोक की लहर व्याप्त हो गई थी। जिसका सब मंगलवार की सुबह उसके गांव पहुंचा। शव को देखने के लिए लोगों की भीड़ जुट गई। वहीं शव को देखते ही ग्रामीणों की आंख नमन हो गया। वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल बना हुआ था। हालांकि स्थानीय लोगों द्वारा मतक के परिजन को सांत्वना देकर ने में लगे हुए थे।

# रेडक्रॉस को मिला अत्याधुनिक ब्लड डोनेशन बस

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

समस्तीपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में ब्लड डोनेशन कैंप लगाने की सुविधा को लेकर सरकार के द्वारा सदर अस्पताल स्थित रेडक्रॉस को अत्याधुनिक ब्लड डोनेशन बस उपलब्ध कराया गया है। उपलब्ध कराए गए वातानुकूलित ब्लड डोनेशन बॉक्स में सभी प्रकार की अत्याधुनिक सुविधा उपलब्ध है।

रेडक्रॉस के टेक्नीशियन नवीन कुमार के अनुसार रेडक्रॉस भवन में जो सुविधा उपलब्ध है वही सुविधा बस में भी उपलब्ध है। बताया गया कि रक्तदाताओं के रक्तदान के लिए बस में ब्लड डोनेशन के लिए तीन बेड की सुविधा दी गई है। वही अत्याधुनिक ब्लड डोनेशन बस में ब्लड स्टोरेज के लिए फ्रिज और टीवी, प्रोजेक्टर, जेनरेटर के अलावे रजिस्ट्रेशन काउंटर व कॉफी कॉर्नर की भी सुविधा उपलब्ध है।

ब्लड डोनेशन के लिए लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से ब्लड डोनेशन कैम्प के दौरान प्रोजेक्टर की मदद से लघु फिल्म भी प्रसारित



की जाएगी। जिसमें ब्लड डोनेशन के फायदों से लोगों को अवगत कराया जाएगा। बताया गया कि पहले ब्लड डोनेशन के लिए सभी व्यवस्था करने में काफी परेशानी होती थी, लेकिन अब बस के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर कैम्प लगाने में सुविधा होगी।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, बुधवार, 27 जुलाई, 2022

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### गोपालगंज में 1.27 क्विंटल चांदी के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

गोपालगंज । जिले के कुचायकोट थाने की पुलिस ने बलथरी चेकपोस्ट के समीप वाहन जांच के दौरान एक बस से करीब 1.27 क्विंटल से अधिक मात्रा में चांदी बरामद किया है। इसके साथ ही तीन तस्करों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। गिरफ्तार तस्करों में राजस्थान के मनोज कुमार, आगरा के मयंक खंडवाल व रामू बताए गए है। बरामद चांदी की किमत पचास लाख रुपए से अधिक बतायी जा रही है। बताया जा रहा है कि चांदी की खेप को उत्तर प्रदेश के आगरा से छपरा ले जाया जा रहा था। सेल्स टैक्स विभाग और स्थानीय पुलिस भी मामले की जांच कर रही है। पुलिस लगातार तस्करों से पूछताछ कर रही है। चांदी की खेप से जुड़े कोई कागजात फिलहाल पुलिस के सामने पेश नहीं किये जा सके हैं। वहीं पुलिस नक छपरा के सप्लायरों से भी पूछताछ शुरू कर दी है। इस बात का पता लगाया जा रहा है कि इस खेप और गिरोह के तार कहां तक जुड़े हैं। बता दें कि इसके पहले कटेया के पंचदेवरी व चेक पोस्ट से लग्जरी कार से भारी मात्रा में चांदी की ईंट बरामद की गयी थी। अब इस खेप को पकड़ने के बाद यह तीसरी बड़ी सफलता मानी जा रही है।

### सिधवलिया में शिक्षा का मंदिर बना रणक्षेत्र

गोपालगंज। जिले के सिधवलिया प्रखंड का उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय सुपौली मंगलवार को रणक्षेत्र बन गया। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी की उपस्थिति में ही शिक्षक और ग्रामीणों में झड़प हो गई। ज्ञात हो कि उक्त विद्यालय में नियोजित शिक्षिका पुष्पा प्रभारी प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत है। वंही खाता का संचालन नियमित शिक्षक अभय बैठा द्वारा किया जाता है। इसी बीच विगत सात जुलाई को प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी द्वारा पत्र निकालकर पुष्पा को निर्देशित किया गया कि प्रभार नियमित शिक्षक अभय बैठा को सौंप दे। परंतु पुष्पा द्वारा प्रभार अभय बैठा को नही सौंपे जाने के कारण मंगलवार को प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी उषा कुमारी विद्यालय में पहुंची तथा प्रभार के विषय मे बात कर रही थी कि इसी बीच कुछ ग्रामीण जमा हो गए और अभय बैठा से तू-तू ,मैं -मैं शुरू कर दिए तथा अभय बैठा से प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी की उपस्थिति में ही ग्रामीणों की हाथापाई शुरू हो गयी। इस घटना के बाद शिक्षक अभय कुमार बैठा, अनिल कुमार, महम्मद सगीर आलम मंसूरी तथा विद्या भूषण राम ने सिधवलिया थाने में लिखित शिकायत दर्ज करायी है।

# विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला के लिए जिला प्रशासन तैयार

**गया, प्रात : किरण संवाददाता**



**तैयारी**

- 66 स्थानों पर टॉयलेट, 20 स्थानों पर चेंजिंग रूम तथा 29 स्थानों पर स्नानागार की व्यवस्थाः नगर आयुक्त

विष्णुपद स्थित संवास सदन समिति सभाकक्ष मे जिला पदाधिकारी, गया डॉ० त्यागराजन एसएम की अध्यक्षता में पितृपक्ष मेला 2022 के सफल आयोजन हेतु बनाये गए विभिन्न कोषांग के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई है। जिलाधिकारी ने कहा कि इस वर्ष पितृपक्ष मेला का आयोजन 09 सितंबर से 25 सितंबर तक निर्धारित है। पितृपक्ष मेला के सफल आयोजन के लिए अलग अलग कार्य समिति का गठन किया गया है। सभी पदाधिकारियों को कहा कि अपने अपने कोषांग अंतर्गत दिए गए कार्य को अपने देख रेख में अनुपालन करावे।

विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला को ध्यान में रखते हुए बुडको द्वारा जलापूर्ति योजना हेतु विष्णुपद क्षेत्र सहित जिले के विभिन्न स्थानों पर पाइप बिछाने के क्रम में काटे गए सड़कों को जिला पदाधिकारी के पहल से तेजी से सड़को को रिस्टोर करवाया जा रहा है ताकि पितृपक्ष मेला के पहले सभी सड़कें बिल्कुल फंक्शनल रहे। यात्रियों को किसी प्रकार की कोई असुविधा ना हो इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा हर तरह की मुकम्मल व्यवस्था करवाने हेतु अग्रसारित है। जिला पदाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता बुडको को सख्त हिदायत दिया कि विष्णुपद मेला क्षेत्र में बिना नगर आयुक्त एव जिला पदाधिकारी के अनुमति के बगैर किसी प्रकार का सड़को को काटने का कार्य नहीं करेंगे।मेला क्षेत्र के छोड़ कर अन्य जगहों पर आप पाइप लाइन बिछाने हेतु रोड कटिंग करने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि अभी के समय में वैसे सड़के जो विष्णुपद मंदिर की ओर जाती है, उस बीच में जो भी काटे गए सड़के हैं उसे 5 अगस्त तक सड़क निर्माण करने का कार्य करें। अन्यथा संबंधित अभियंता एवं संवेदक के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। मरम्मति गैंग की संख्या बढ़ाकर तेजी से सड़कों का रिस्टोर करावे।

पेयजल के समीक्षा के दौरान उन्होंने कार्यपालक अभियंता पीएचईडी को निर्देश दिया कि मेला क्षेत्र में हर 200 से 500 मीटर के बीच पेयजल व्यवस्था रखें। इसके लिए अभी से ही संबंधित पंडा जी एवं वरीयअधिकारियों के साथ समीक्षा कर आकलन तैयार कर ले। जिला पदाधिकारी ने उपस्थित पंडा समाज के प्रतिनिधियों को कहां की प्रशासन द्वारा की जा रही तैयारी के अतिरिक्त यदि कहीं भी पेयजल, शौचालय, स्नानागार इत्यादि की आवश्यकता है, तो संबंधित जगहों की सूची उपलब्ध करावे।नगर आयुक्त, गया नगर निगम ने बताया कि 66 स्थानों पर टॉयलेट, 20 स्थानों पर चेंजिंग रूम तथा 29 स्थानों पर स्नानागार की व्यवस्था कराई जा रही है। इसके लिए सभी इक्विपमेंट्स की खरीदारी की जा चुकी है। 15 अगस्त के बाद संबंधित कार्यों को संबंधित स्थानों पर लगाने का कार्य कराना प्रारंभ किया जाएगा*। कार्यपालक अभियंता पीएचईडी द्वारा बताया गया कि जिला प्रशासन द्वारा प्राप्त आवासन स्थल की सूची के आलोक में कुल 168 टॉयलेट को मरम्मत करने का कार्य प्रारंभ किया गया है। जिला पदाधिकारी ने यात्री आवासन स्थल, पुलिस आवासन स्थल, वेदी स्थल, पार्किंग स्थल, मेला क्षेत्र इत्यादि स्थानों में नगर निगम तथा कार्यपालक अभियंता पीएचईडी द्वारा किए जा रहे कार्यों का अच्छे से आकलन कर प्रतिवेदन उपलब्ध करावे। जिला पदाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता, विद्युत विभाग को निर्देश दिया कि मेला क्षेत्र में ट्रांसफार्मर की समस्या, जर्जर तारों को बदलने का कार्य, बिजली पोल में करंट आने की शिकायत इत्यादि को ठीक कराते हुए 20 अगस्त तक सभी कार्य दुरुस्त किए गए हैं, से संबंधित प्रतिवेदन देना सुनिश्चित करें ताकि यह माना जाएगा कि आपके द्वारा मेला क्षेत्र में सभी आवश्यक कार्य गुणवत्तापूर्वक पूर्ण किए गए हैं। वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मेला क्षेत्र में पर्याप्त स्थानों पर वाच टावर लगवाएं जिससे पुलिस के जवानों को वायरलेस सिस्टम के साथ प्रतिनियुक्त किया जा सके।

# सत्तापक्ष के जनप्रतिनिधि व अधिकारियों की मिलीभगत से तेजी से फल-फूल रहा भ्रष्टाचार

**पूर्णिया, प्रात : किरण संवाददाता**



**भ्रष्टाचार**

- शिकायत के बावजूद श्रीनगर अंचल के सीओ के खिलाफ नहीं हो रही कार्यवाई, बढ रही है मनमानी

बिहार में अफसर विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने की बजाए दोनों हाथ से सरकारी राशि लूटने में लगे हैं। लूट में सत्ता पक्ष के जनप्रतिनिधि से लेकर ऊपर के अधिकारियों की भी मिलीभगत होती है। तभी तो खुलेआम भ्रष्टाचार किया जाता है और घोटालेबाज अफसरों पर कोई एक्शन नहीं होता। उक्त बातें श्रीनगर के प्रखंड प्रमुख सह प्रमुख संघ अध्यक्ष शाहनवाज आलम ने एक प्रेस बयान जारी कर कहा है। उन्होंने कहा कि श्रीनगर अंचल में व्याप्त भ्रष्टाचार से लोग त्राहिमाम कर रहे हैं, लेकिन अधिकारियों पर कोई एक्शन नहीं होता।

इसका जीता जागता उदाहरण है श्रीनगर प्रखंड के अंचलाधिकारी के भ्रष्टाचाररूपी कृत्य और सीओ द्वारा जनप्रतिनिधियों के साथ की गयी अमर्यादित व्यवहार के बाद शिकायत के बावजूद उनपर अबतक किसी तरह का कोई कारवाही न होना। उन्होंने कहा कि पूर्णिया जिले में घोटालेबाजों की समानांतर सत्ता संचालित हो रही है। चाहे वह सत्ता पक्ष के स्थानीय जनप्रतिनिधि हो या अधिकारी दोनों की मिलीभगत से करोड़ों की राशि का वारा-न्यारा किया जा रहा है लेकिन दोषियों पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। प्रमुख शाहनवाज आलम ने बताया कि पिछले दिनों जब जनता की समस्या को लेकर अंचलाधिकारी के पास गये तो अंचलाधिकारी ने उनकी समस्या को सुनना तो दूर सभी के साथ इस तरह का व्यवहार किया कि संविधान की संकल्पना तार-तार होकर रह गयी। प्रखंड प्रमुख शाहनवाज आलम के नेतृत्व में ग्रामीणों का एक शिष्टमंडल उप समाहर्ता द्वारा पूर्व से आदेशित जमीन संबंधी दाखिल खारिज की मांग को लेकर अंचलाधिकारी के पास गये थे।

सीओ के पास पहुंचे शिष्टमंडल ने जब अपनी समस्या से उन्हें अवगत कराया कि सीओ आग बबूला हो गये और प्रखंड प्रमुख शाहनवाज आलम के साथ सभी ग्रामीणों के साथ अमर्यादित व्यवहार किया। इतना ही नहीं सीओ ने सभी को झूठे केस में फंसाने की धमकी भी दिया। सीओ के इस तरह के अमर्यादित व्यवहार से खफा सभी ग्रामीणों ने पूर्णिया के डीएम को आवेदन देकर न्याय दिलाने की मांग किया है और सीओ को स्थानांतरित करने की मांग भी किया था। आवेदन की प्रतिलिपि पूर्णिया के सांसद के साथ साथ प्रमंडलीय आयुक्त को भी सौंपी गयी थी लेकिन काफी दिन बीत जाने के बाद भी अंचलाधिकारी के खिलाफ कारवाई सिफर है और अंचलाधिकारी की मनमानी बढती जा रही है। श्री आलम ने यह भी कहा कि बिहार में हर रोज कोई न कोई अधिकारी भ्रष्टाचार के कारण निगरानी विभाग के हत्थे चढता है लेकिन इसके बावजूद सरकार के कान पर जू तक नहीं रेंगती और वे अपने आपको सुशासन राज की संज्ञा देने में नहीं चूक रहे। उन्होंने बिहार के तमाम विपक्षी दलों से भ्रष्टाचार के खिलाफ एकजुट होकर सरकार के खिलाफ आंदोलन की अपील किया है ताकि सरकार की नींद टूटे और इस दिशा में कार्यवाही हो ताकि लोगों की भ्रष्टाचाररूपी मकडजाल से मुक्ति मिले।

### श्रीपुर में लग्जरी कार से भारी मात्रा में विदेशी शराब जप्त, तस्कर फरार

**गोपालगंज** । जिले के फुलवरिया थाने के श्रीपुर ओपी अध्यक्ष नागेंद्र कुमार सहनी व ओपी में पदस्थापित सहायक अवर निरीक्षक गोरखनाथ पासवान ने भागीपट्टी समउर-मीरगंज मुख्य पथ के मगहां गांव के समीप वाहन जांच के क्रम में एक लग्जरी कार से भारी मात्रा में विदेशी शराब जप्त कर लिया। पुलिस ने बताया कि वाहन जांच के क्रम में पंचदेवरी बाजार की ओर से तेज गति से आती दिखी लग्जरी कार को रोकने के लिए इशारा किया गया। पुलिस कि इशारा को देखते ही लग्जरी कार पर सवार दोनों तस्कर कुछ दूरी पर ही गाड़ी को रोककर भाग निकले। पुलिस ने लग्जरी कार की जांच की तो विदेशी शराब से भरी हुई थी। जिसे ओपी परिसर लाया गया। जहां शराब से भरी लग्जरी कार को खोल कर गिनती की गई तो 336 बोतल अलग-अलग ब्रांड के विदेशी शराब पाई गई। पुलिस लग्जरी कार के मालिक व अवैध दो तस्करों के खिलाफ थाने में बिहार उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई प्रारंभ कर दी है।

# प्राचार्य रेखा कुमारी की पहल पर अनिश्चितकालीन धरना समाप्त

**औरंगाबाद, प्रात : किरण संवाददाता**



विगत 6 दिनों से अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे औरंगाबाद संयुक्त छात्र के बैनर तले इंकलाबी छात्रों के समर्थन में छात्रों ने सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय के प्राचार्य रेखा कुमारी के आश्वासन पर अनिश्चितकालीन धरने को खत्म किया इस दौरान औरंगाबाद छात्र जाप के साथियों के साथ मिलकर सच्चिदानंद महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रेखा कुमारी को एक विज्ञप्ति सौंपा छात्र जाप जिला अध्यक्ष अमन कुमार और प्रदेश महासचिव रंजन कुमार के द्वारा दिया गया।

प्रदेश महासचिव संदीप सिंह समदर्शी ने कहा कि सूबे में शिक्षा ब्यवस्था सही नही रहने के कारण शिक्षा का स्तर में लगातार गिरता जा रहा है। स्नातक, स्नातकोत्तर, बीएड एवं बफार्मा तथा पीएचडी सहित अन्य पाठ्यक्रम में निर्धारित समय से तीन और चार साल लेट चल रहा है। ऐसे भी बिहार देश में जिस तरह से सरकार छात्रों और युवाओं के सौतेला व्यवहार कर रही है, जिस तरह सामान्य शिक्षा से लेकर ब्यवसायिक और तकनीकी शिक्षा हासिल कर बेरोजगार है। इसी अंदाजा लगाया जा सकता है कि सरकार की नजरिया ठीक नही है। सरकार कॉरपोरेट जगत के लोग चला रहा है और उसी के फायदे के लिए उनके अनुसार मसौदा तैयार करती रही है। जिला पार्षद ईट्टू सुरेंद्र कुमार एवं घटराइन मुखिया संजय यादव सहित अन्य उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि जब से बिहार को राज्यपाल के रूप में फागू चौहान मिले हैं तब से मगध विश्वविद्यालय के शिक्षा के स्तर में भारी गिरावट आई है उन्होंने कहा कि कुलपति महोदय भी विश्व विद्यालय में उपस्थित नहीं रहते हैं इस कारण विश्वविद्यालय के सेशन लेट हो रही है सरकार जल्द से जल्द स्थाई कुलपति बहाल कर विश्वविद्यालय के शिक्षा स्तर को बचाए ताकि छात्रों का भविष्य बच सकें।

इस मौके पर पार्टी के नेता संजय कुमार सिंह, मुन्ना कुमार छात्र नेता रोशन कुमार यादव रोहन कुमार सरवन कुमार यादव नीतीश कुमार मिथिलेश कुमार नीरज कुमार सुजीत कुमार आकाश कुमार पंकज कुमार यादव कविंद्र कुमार सहित अन्य दर्जनों छात्र उपस्थित रहे।

### कछवाहा परिवार की सबसे बुजुर्ग महिला की मौत

**औरंगाबाद।** मंझार पंचायत भोला बीघा के निर्विरोध वार्ड सदस्य बसंत सिंह एवं समाजसेवी शशि रंजन सिंह की दादी अब इस दुनिया मे नही रहे। उन्होंने गांव के आवास पर अंतिम सांस ली। जैसे ही उनके निधन की सूचना लोगों को मिली वैसे ही कछवाहा परिवार में शोक की लहर दौड़ गयी और मातमपुर्सी को लेकर उनके आवास पर कछवाहा परिवार के साथ साथ,शहवासियों एवं शुभचिंतकों की भीड़ उमड़ पड़ी। मातमपुर्सी के लिए पहुंचे लोगों ने अपनी संवेदना प्रकट करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। स्वर्गीय जगत रानी कुंवर अपने पीछे दो बेटे तथा तीन बेटियां छोड़ गए है। स्व जगत रानी के निधन के पश्चात उनके पैतृक गांव भोला बीघा में उनका अंतिम संस्कार किया गया। आपको बताते चलें की जगत रानी कुंवर अपने 110 सावन को देखने के बाद सावन माह में ही इस लोक छोड़ परलोक को पधार गई। लोगों ने बताया कि कछवाहा परिवार की सबसे बुजुर्ग महिला के मौत के साथ ही एक युग का अंत हो गया।

# कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को किया सलाम

**औरंगाबाद, प्रात : किरण संवाददाता**



पैगाम ए इंसानियत मुस्लिम समुदाय के लोगों ने शहर में कारगिल विजय दिवस के मौके पर जुलूस निकाला। मौके पर कारगिल के शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। हिंदुस्तान जिंदाबाद, शहीद जवान अमर रहे के नारे लगाएं। वहीं कारगिल चौक पर जाकर शिव शंकर प्रसाद गुप्ता को श्रद्धांजलि अर्पित किया। जिसका नेतृत्व मो. शाहनवाज रहमान उर्फ सल्लू खान ने किया। डीएम सौरभ जोरवाल व निर्वाचन विभाग के अधिकारी मो. जावेद इकबाल को कारगिल शहीद का मोमेंटो दिया गया। डीएम सौरभ जोरवाल ने कहा कि कारगिल विजय दिवस हमारे सशस्त्र बलों की असाधारण वीरता, पराक्रम और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। भारत माता की रक्षा करने के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले सभी वीर सैनिकों को मैं नमन करती हूं। सभी देशवासी इन शहीदों और उनके स्वजनों के प्रति सदैव ऋणी रहेंगे। उपनिर्वाचन अधिकारी ने कहा कि हमारे तिरंगे की गरिमा में अपनी जान देने वाले प्रत्येक सेनानी को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा हूं। देश की सुरक्षा के लिए आपके व आपके परिवारों के सर्वोच्च बलिदान को हम हमेशा याद करेंगे। हर हिंदुस्तानी कारगिल विजय दिवस मना रहा है। इस मौके पर नागेंद्र कुमार, मोहम्मद निजामुद्दीन खान, मोहम्मद राशिद, मोहम्मद शाहि, मोहम्मद ज्ञासुद्दीन, संतोष कुमार, भोला कुमार, मृत्युंजय कुमार सहित उपस्थित रहे।

# कैमूर में प्राकृतिक आपदा से 4 लोगों की मौत, मचा हाहाकार

**भभुआ, प्रात : किरण संवाददाता**

जिले में बारिश कम होने के कारण किसान चिंतित है कि कहीं भुखमरी के कगार न हो जाए दूसरी तरफ से प्राकृतिक के प्रकोप के कहर से चार लोगों को मृत्यु होने से जिले में गमगीन का माहौल कायम है।

सोमवार को भभुआ प्रखंड के महुअत गांव निवासी मोहन पासवान के पुत्र 26 वर्षीय मंटू पासवान, भभुआ प्रखंड के ग्राम पंचायत रूपपुर के ग्राम रामपुर निवासी बृजराज कुशवाहा के 32 वर्षीय पुत्र संतोष कुशवाहा, चैनपुर थाना क्षेत्र के परसिया गांव में बेचू बिंद के 42 वर्षीय पत्नी लालती देवी, रामगढ़ थाना क्षेत्र के सिसौढा गांव निवासी मैनेजर कुशवाहा के 25 वर्षीय पुत्र चंदन कुशवाहा के मृत्यु होने पर चारों तरफ हाहाकार मचा हुआ। चारों का शव जब भभुआ सदर अस्पताल पहुंचा तो गमगीन के माहौल परिजनों को देखने के बीच में मिला। कैमूर जिला पार्षद विकास कुमार सिंह उर्फ लल्लू पटेल ने सभी चारों मृतकों के शव का पोस्टमार्टम कराते हुए। सभी परिजनों को शव को दाह संस्कार हेतु सौंपा गया तो गजब का माहौल देखा गया। विकास कुमार सिंह पटेल जिला पार्षद ने बिहार सरकार से प्राकृतिक आपदा के शिकार परिजनों को 4 लाख रुपए प्रत्येक परिजनों को मुआवजा देने की मांग किया है। विकास कुमार सिंह ने कहा है कि किसानों की भुखमरी की स्थिति हो गई है थोड़ी से वर्षा होने पर अपने परिजनों के जानमाल की सुरक्षा हेतु खेतों पर जाकर कार्य में लग जाते हैं। उन्हें क्या पता उनके ऊपर प्रकृति का प्रकोप का कहर बरसेगा। विकास कुमार सिंह उर्फ लल्लू पटेल मृतक परिजनों से मिलते हुए सांत्वाना दिया कि अपने स्तर से हर प्रकार की आर्थिक मदद करने के लिए तत्पर रहूंगा।

# सद्भावना यात्रा पर रवाना हुई अकस की टीम काश्मीर लाल चौक पर फहराएंगे झंडा

**रोहतास ब्यूरो, अ ई अंजुम**



- आजादी के अमृत महोत्सव पर हर-घर तिरंगा फहराने का लिया है संकल्प

देश की आजादी के 75 वीं वर्षगांठ व देश में सामाजिक एकता को लेकर अभिनव कला संगम की टीम सद्भावना यात्रा के लिए रवाना हुई। जिले की अग्रणी सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था अभिनव कला संगम द्वारा निकाले गए सद्भावना यात्रा को शहरवासियों ने गर्मजोशी से स्वागत कर जत्था को रवाना किया। संस्था के पदाधिकारियों का कहना था, कि देश की आजादी के 75 वीं वर्षगांठ पर अमृत महोत्सव के अंतर्गत 13 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान जो राष्ट्रीय ध्वज के महत्व और उसके प्रति प्रेम देश में सद्भावना और एकजुटता को प्रदर्शित करना है। उसे लेकर लोगों को जागरूक करना है। हमारे देश की अखंडता और एकजुटता अपने राष्ट्रीय ध्वज के महत्त्व से इतर कुछ भी नहीं है। संस्था के सचिव नंदन कुमार के नेतृत्व में संस्था सदशयों का दल सद्भावना यात्रा पर निकली। जिसे डेहरी स्टेशन परिसर से सामाजिक कार्यकर्ता शशि शेखर उर्फ चिंटू सिंह, सावन गुप्ता आदि व्यवसायियों ने रवाना किया। इस दौरान यात्रा में शामिल नंदन कुमार, विनय मिश्रा, संतोष चंद्रवंशी आदि ने कहा कि सद्भावना यात्रा में बाबा अमरनाथ, मुबारक छड़ी यात्रा के साथ कश्मीर के श्रीनगर स्थित हजरत बल दरगाह पर चादर पोशी की जाएगी। साथ ही देश में अमन, शांति हमारी एकजुटता हमारे साथ सद्भावना बरकरार रहे, ऐसा ईश्वर-अल्लाह से दुआ फरमान की जाएंगी। साथ ही कश्मीर (श्रीनगर) स्थित के लाल चौक पर 13 अगस्त से 15 अगस्त तक अखंड भारत के द्वारा निर्देशित ₹हर घर तिरंगा₹ को लेकर सद्भावना यात्रा से जुड़े सदस्य राष्ट्रीय ध्वज के साथ तस्वीरों को साझा करेंगे। लाल चौक पर संस्था सदस्य तिरंगा भी फहराएंगे। सद्भावना यात्रा में शामिल सदस्यों को रवाना करते हुए संस्था के महासचिव कमलेश कुमार के द्वारा सद्भावना यात्रा से जुड़े सभी सदस्यों को यात्रा को पूर्णरूपेण करने के उद्देश्य सभी को राष्ट्रीय ध्वज देकर विदा किया। साथ ही यात्रा को पूर्ण कर पुनः घर वापसी के लिए शुभकामना भी दिया। यात्रा दल में सचिव नंदन कुमार , विनय मिश्रा , संतोष चंद्रवंशी , संतोष गुप्ता , दीपक कुमार उर्फ उज्जवल के साथ अन्य लोग शामिल थे।

# जिला शिक्षकों के लिए मकान किराया भत्ता संशोधित पत्र जारी

**रोहतास ब्यूरो, प्रात : किरण**



रोहतास जिले के सभी शिक्षकों का कटा हुआ मकान किराया भत्ता के संदर्भ में गया शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के विधान पार्षद संजीव श्याम सिंह द्वारा तीन दिन पूर्व जिला पदाधिकारी रोहतास एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना रोहतास से बात कर सभी शिक्षकों के कटे हुए मकान किराया भत्ता को वित्त विभाग के नियमानुसार देने का निर्देश दिया था जिसके आलोक में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना रोहतास द्वारा रोहतास जिले के सभी शिक्षकों के लिए मकान किराया भत्ता का संशोधित पत्र जारी किया गया है जिसमें मकान किराया भत्ता नियमावली 1980 के आलोक में नगर निगम क्षेत्र के संबंधित शिक्षकों तथा नगर निगम क्षेत्र से 8 किलोमीटर के परिधि में अवस्थित सभी विद्यालयों के शिक्षकों को मकान किराया भत्ता 8% देने का आदेश दिया गया है जबकि नवगठित नगर परिषद नगर पंचायत क्षेत्र से 8 किलोमीटर की परिधि में अवस्थित सभी विद्यालयों के शिक्षकों को 6 % मकान किराया भत्ता देने का आदेश दिया गया है इस नए संशोधित आदेश से संबंधित सभी शिक्षकों का कटा हुआ मकान किराया भत्ता पुनः मिलने लगेगा।ज्ञात हो कि 3 दिन पूर्व एमएलसी संजीव श्याम सिंह द्वारा संबंधित अधिकारी को फोन कर इस संदर्भ में समाधान करने का निर्देश दिया था इस आदेश के बाद रोहतास जिले के सभी शिक्षकों में खुशी की लहर है और रोहतास जिला के सभी शिक्षकों ने माननीय एमएलसी संजीव श्याम सिंह को इस पुनीत कार्य के लिए धन्यवाद व साधुवाद दिया है।

### भाई-बहन के बीच हुई मारपीट, इलाज के दौरान बहन की हो मौत

**सासाराम।** रोहतास जिले के शिवसागर थाना अंतर्गत अऊंआ गांव में भाई-बहन के बीच हुई मारपीट मे घायल बहन की इलाज के दौरान सदर अस्पताल सासाराम में मौत हो गई। मृतका तेतर कुमारी की भाभी अंजू देवी ने बताया कि भाई - बहन में खाना मांगने को लेकर नोकझोंक हुई। इस दौरान भाई उसे पीटने लगा। जिससे तेतर घायल हो गई और थोड़ी देर बाद हालत बिगड़ी तो उसे अस्पताल पहुंचाया गया जहां इलाज के दौरान तेतर कुमारी की मौत हो गई। जबकि घायल भाई का भी इलाज चल रहा है। शिवसागर थानाध्यक्ष ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही खुलासा हो सकता है कि मौत कैसे हुई है। फिलहाल शव को कब्जे में लेकर सदर अस्पताल सासाराम में पोस्टमार्टम हेतू भेजा गया है। गौरतलब हो कि रोहतास जिला के शिवसागर थाना क्षेत्र स्थित अउंआ गांव की घटी इस घटना के बाद जितनी मुंह उतनी बात की स्थिति है।

# कैमूर अल्पसंख्यक जदयू प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष बने लियाकत अंसारी

**भभुआ, प्रात : किरण संवाददाता**



भभुआ प्रखंड क्षेत्र के दतियाव गांव निवासी लियाकत अंसारी उर्फ भोला जी को प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जदयू बिहार के सलीम परवेज ने कैमूर जिला अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जदयू जिला का अध्यक्ष नियुक्त किया है। लियाकत अंसारी उर्फ भोला 2009 पार्टी के सदस्यता ग्रहण किया था। उनकी मेहनत और लगन को देखते हुए भभुआ प्रखंड के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का अध्यक्ष बनाया गया। उनके लगन को देखते हुए सेवादल जदयू प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष भी नियुक्त किया गया। उनकी जिम्मेदारी को देखते हुए जनता दल यूनाइटेड प्रखंड के अध्यक्ष का जिम्मेदारी मिला। फिर सन् 2022 में अल्पसंख्यक जदयू प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। लियाकत अंसारी उर्फ भोला जी भभुआ प्रखंड ग्राम पंचायत बेतरी से 2001 से 2006 तक फिर 2016 से 2021 तक पंचायत समिति के सदस्य के रूप में जिम्मेदारी को बखूबी रूप से निभाया। लियाकत अंसारी लंबे अरसे तक सामाजिक कार्य के गतिविधियों में गहरा लगाव रहा। उनकी मेहनत एवं लगन से देखते हुए पार्टी ने उनके ऊपर विश्वास जमाते हुए जिम्मेदारी सोपी है। लियाकत अंसारी ने प्रेस को बताया कि में पार्टी का सिपाही हूं कप्तान के द्वारा जो भी मुझे जिम्मेदारी मिलेगी मैं बखूबी रुप से पार्टी के लिए समर्पित कार्यकर्ता हूं। लियाकत अंसारी को अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जदयू के जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर जदयू कैमूर प्रवक्ता भानु प्रताप सिंह, शहवान राईन, असलम खां, इसरार अंसारी, रऊफ अंसारी, पारसनाथ खरवार, नगर सभापति के भावी प्रत्याशी शबाना राईन, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खान, डाक्टर प्रमोद कुमार सिंह, अनील कुशवाहा, अजय पटेल, अजीत कुमार सिंह, करिम साहब, रंजु पटेल, अजय सिंह, अशोक चौधरी, ज्ञानती गुप्ता, कंचन रातो, राजु पटेल, हाशिम खान, पंकज कुमार, उपेन्द्र तिवारी, गुडु बाबा, रामचेला साह आदि कार्यकर्ताओ ने बधाई दिया है।

# ग्रामीणों के सहयोग से शिव मंदिर का हो रहा जीर्णोद्धार

**पूर्णिया, प्रात : किरण संवाददाता**

धमदाहा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत राजघाट गरैल स्थित 400 सौ वर्ष पुराना ऐतिहासिक शिव मंदिर में जीर्णोद्धार का कार्य समस्त राजघाट गरैल, मोगलिया पुरन्दाहा पूरब, मोगलिया पश्चिम, कुकरौन पूरब पंचायत के समस्त ग्रामीणों के द्वारा किया जा रहा है। यह मंदिर जंगला बाध के चारों पंचायत मोगलिया पुरंदाहा पश्चिम मुगलिया पुरंदाहा पूरब राजघाट गरैल एवं कुकरौन पूरब पंचायत के सीमा पर अवस्थित है। मंदिर की स्थापना सन 1762 के आपपास बताया जा रहा है। 95 वर्षीय गरैल निवासी अमलेश्वरी ठाकुर, लक्ष्मण मिश्रा, मनराज मंडल, राज किशोर मिश्र, कौशल लाल पासवान सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि इस मंदिर के बारे में बहुत पुराना इतिहास है जिसके बारे में हमलोगों को अपने बाप दादा ने बताया था। सुर्खी चूना से बना हुआ है और अधिक जानकारी नहीं है। उन्होंने ने बताया कि जब से मेरा होश हुआ है तब से मंदिर की स्थिति इसी तरह है। लक्ष्मण मिश्र ने बताया कि 1902 के भूकंप में मंदिर का दिवाल फट चुका था लेकिन मंदिर में कहीं कुछ नहीं हुआ। भूकंप के दौरान भयानक से कितने भवन एवं जमीन में दरारें आ गई थी लेकिन उस दौरान भी इस मंदिर की स्थिति दस्तक रहा होगा। स्थानीय समाजसेवी पीयूष मिश्रा रामानंद पासवान, अरबिन्द चौधरी, कन्हैया मिश्रा, अभिषेक कुमार चौधरी, समाजसेवी संजीव महतो, राज कुमार राय, बीरेन्द्र कुमार यादव, रामानंद चौधरी, मायालाल रजक, धनंजय कुमार राय, मनीष कुमार महतो, नवीन कुमार सिंह, पंडित शैलेन्द्र मिश्रा ने बताया पौराणिक शिव मंदिर प्रसिद्ध व शक्तिशाली है।

# 'समेकित पोषक तत्व प्रबंधन' कार्यक्रम के अंतर्गत दिया व्याख्यान

**रोहतास ब्यूरो, प्रात : किरण**



गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय अंतर्गत संचालित नारायण कृषि विज्ञान संस्थान जमुहार में आज कृषि प्रौद्योगिकी प्रबन्धन अभिकरण, आत्मा रोहतास द्वारा संचालित पंद्रह दिवसीय कार्यक्रम " समेकित पोषक तत्व प्रबंधन " के अंतर्गत व्याख्यान दिया गया।

आत्मा की इस योजना में नारायण कृषि विज्ञान संस्थान के सहायक प्राध्यापक डॉ अरुण शंकर ने कृषि में पोषक तत्वों की महत्ता पर जोर डाला और साथ ही प्रशिक्षुओं को पोषक तत्वों के प्रबंधन के बारे में जानकारी दी। डॉ अरुण शंकर ने किसानों को यह भी बताया कि समेकित पोषक तत्व प्रबंधन की सहायता से किसान भाई अपने खेतों में इस्तेमाल हो रहे जरुरत से ज्यादा रासायनिक खादों का उपयोग न करें। इसी कड़ी में संस्थान के उप निदेशक डॉ प्रशांत बिसेन ने किसानों को संस्थान के कृषि एवं शोध प्रक्षेत्र के 'डायरेक्ट सीडेड राइस' (धान की सीधी बुआई) परियोजना वाले खेत का भ्रमण भी करवाया और उन्होंने इस विधि से होने वाले फायदों के बारे में भी किसानों को विस्तार से अवगत करवाया। धान की सीधी बुआई विधि का इस्तेमाल किसान भाई ऐसे खेतों में कर सकते हैं जहा पानी की उपलब्धता कम हो। डॉ बिसेन ने यह भी बताया की किसान भाई इस विधि का उपयोग करके कम लागत और कम मेहनत में भी धान की अच्छी उपज ले सकते हैं। संस्थान के डॉ धनञ्जय तिवारी ने धान के खेतों में खर पतवार के प्रबंधन के बारे में जानकारी दी और उन्होंने बताया कि खर पतवार नाशक का छिड़काव जरुरत के हिसाब से दो बार कर सकते हैं। साथ ही उन्होंने ने धान की नर्सरी और धान की सीधी बुआई के खेत में पोषक तत्वों के इस्तेमाल में प्रबंधन पर भी चर्चा की।इस कार्यक्रम में आये हुए किसानों का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए संस्थान के निदेशक प्रोफेसर ए. पी. सिंह ने किसान भाइयों को खेती में जरुरत से ज्यादा रसायनों के उपयोग से बचने की सलाह दी।

सम्पादकीय

## द्रौपदी मुर्मू से बहुत हैं उम्मीदें

द्रौपदी मुर्मू एक बहुत कठिन समय में देश के राष्ट्रपति का पद संभाल रही हैं। वर्तमान सरकार आने वाले समय में कुछ ऐसे संवैधानिक परिवर्तन करने की चेष्टा कर सकती है जो देश के संविधान निर्माताओं की मूल भावना से सर्वथा असंगत होंगे। देश में अल्पसंख्यक समुदायों के राजनीतिक बहिष्कार की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है और कोई आश्चर्य नहीं कि यह आर्थिक और सामाजिक बहिष्कार के रूप में विस्तार प्राप्त करे। संविधान निर्माताओं समेत स्वाधीनता संग्राम से मंज-तपकर निकले सिद्धान्तनिष्ठ और खरे राजनेताओं की उस पुरानी पीढ़ी ने (जिसे यह पता था कि हमारा लोकतंत्र कितना बहुमूल्य है) यह कल्पना तक नहीं की होगी कि राज्यपाल और राष्ट्रपति जैसे पद बहुत स्थूल व निम्नस्तरीय राजनीतिक उद्देश्यों की सिद्धि का माध्यम बन जाएंगे। यह कौन सोच सकता था कि इन गरिमामय पदों का उपयोग वयोवृद्ध नेताओं की सक्रिय राजनीति से स्वैच्छिक अथवा जबरन सेवानिवृत्ति के बाद पुनर्वास के लिए होगा।

राज्यपालों और राष्ट्रपतियों की भूमिकाओं पर भी राजनीति रंग चढ़ा। केंद्र द्वारा उन राज्यों के लिए चयनित राज्यपाल जिनमें केंद्र में सत्तारूढ़ दल की उन राज्यों में भी सरकार थी, बड़ी शांति से ऐश्वर्यशाली जीवन और राजसी सुख सुविधाओं का आनंद लेते नजर आए किंतु जैसे ही विधानसभा चुनावों में सत्ता परिवर्तन हुआ और विरोधी दल की सरकार बनी उन्हें राज्यपाल के अधिकारों, कर्तव्यों और शक्तियों का सहसा ही स्मरण हो आया और वे राज्य सरकार के कामकाज में हस्तक्षेप करने लगे। कुछ राज्यपाल केंद्र द्वारा विरोधी दलों द्वारा शासित राज्यों में इसीलिए भेजे गए थे ताकि वे राज्य सरकार को परेशानी में डाल सकें और उन्होंने यह काम बखूबी अंजाम भी दिया। राष्ट्रपतियों के साथ भी अनुकूलन की समस्या रही। किसी एक दल के कार्यकाल में नियुक्त राष्ट्रपति दूसरे दल का शासन आने पर असहज महसूस करते रहे और बमुश्किल उन्होंने बचा हुआ समय काटा। कुछेक अपवाद ऐसे रहे जब राष्ट्रपति ने नए सत्ताधारी दल के साथ न केवल अनुकूलन किया बल्कि उसके रंग में ऐसे रंगे कि उनका पैतृक राजनीतिक दल ही उनसे रुष्ट हो गया।

शायद संविधान निर्माता राष्ट्रपति एवं राज्यपाल के रूप में ऐसे विद्वान और विलक्षण प्रतिभा सम्पन्न व्यक्तियों को देखना चाहते रहे होंगे जो राजनीति में आ भी नहीं सकते थे और राजनीति को जिनकी आवश्यकता भी थी। उनका ज्ञान, अनुभव और मौलिक चिंतन राजनीति को बंधी बंधाई लीक से अलग हटकर एक नया फलक देता। संविधान निर्माताओं के लिए यह कल्पना करना भी असंभव था कि इन पदों पर नियुक्त व्यक्तियों से यह अपेक्षा की जाएगी कि वे किसी राजनीतिक दल के स्पष्ट पक्षधर के रूप में दिखाई दें और सरकारें बनाने-गिराने के खेल के निर्णायक के बजाय खिलाड़ी ही बन जाएं एवं इतिहास में यह लिखा जाए कि उन्होंने सक्रिय राजनीति में रहते हुए भी और राज्यपाल या राष्ट्रपति बनने के बाद भी अपने पैतृक दल के प्रति जमकर वफादारी दिखाई।

बहरहाल न्यू लो की जो अभिव्यक्ति आजकल अधिक प्रयुक्त हो रही है उसकी लोकप्रियता अकारण ही नहीं है। राष्ट्रपति चुनाव की इस पूरी प्रक्रिया में आरोप-प्रत्यारोप का जो दौर चला वह इस ह्रास्य लोझ्ह को पाताल तल तक ले जाने को पर्याप्त है। द्रौपदी मुर्मू के रूप में देश को प्रथम आदिवासी महिला राष्ट्रपति का मिलना भारतीय लोकतंत्र के इतिहास की एक महत्वपूर्ण घटना है किंतु इसकी सकारात्मकता और इससे जुड़ी संभावनाओं पर चर्चा कम ही हो रही है। द्रौपदी मुर्मू के पारिवारिक जीवन में अनेक दुःखमय घटनाएं घटीं हैं किंतु वे अविचलित रहती हुई अपने कर्तव्यपथ पर डटी रही हैं। विधायक के रूप में उनकी सक्रियता को देखते हुए उड़ीसा विधानसभा ने उन्हें वर्ष 2007 में सर्वश्रेष्ठ विधायक को दिया जाने वाला नीलकंठ पुरस्कार दिया गया था। बतौर झारखंड के राज्यपाल उन्होंने जून 2017 में रघुवर दास के नेतृत्व वाली अपने ही पैतृक दल की सरकार द्वारा भेजे गए सीएनटी-एसपीटी संशोधन विधेयक को वापस कर दिया था। उस समय तब के नेता प्रतिपक्ष और आज झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्यपाल को धन्यवाद देते हुए कहा था कि राज्यपाल के इस कदम ने सिद्ध कर दिया है कि आदिवासियों के हित में चिंतन करने वाली आदिवासी राज्यपाल राजभवन में हैं।

राज्यपाल के रूप में उनके द्वारा लिए गए इस निर्णय से तत्कालीन भाजपा सरकार की बहुत किरकिरी हुई थी और कोई आश्चर्य नहीं कि आगामी विधानसभा चुनावों में यह निर्णय भी एक चुनावी मुद्दा बना। बाद में जब 2019 के अंत में हेमंत सोरेन झारखंड के मुख्यमंत्री बने तब उनकी सरकार ने ट्राइबल एडवाइजरी काउंसिल का गठन किया जिसके माध्यम से राज्यपाल की शक्तियों में कटौती करने का प्रयास किया गया। तब राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू ने इसका विरोध किया और विधिक परामर्श लेना प्रारंभ किया किंतु तभी उनका कार्यकाल समाप्त हो गया। फिर भी उन्होंने हेमंत सोरेन को संवैधानिक व्यवस्थाओं के पालन करने का परामर्श अवश्य दिया। राज्यपाल के रूप में दलित और आदिवासी शिक्षा के लिए उनके द्वारा किए गए प्रयास भी चर्चित और प्रशंसित हुए। द्रौपदी मुर्मू एक बहुत कठिन समय में देश के राष्ट्रपति का पद संभाल रही हैं। वर्तमान सरकार आने वाले समय में कुछ ऐसे संवैधानिक परिवर्तन करने की चेष्टा कर सकती है जो देश के संविधान निर्माताओं की मूल भावना से सर्वथा असंगत होंगे। देश में अल्पसंख्यक समुदायों के राजनीतिक बहिष्कार की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है और कोई आश्चर्य नहीं कि यह आर्थिक और सामाजिक बहिष्कार के रूप में विस्तार प्राप्त करे।

## मेडिकल की पढ़ाई हिंदी में

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

आजादी के 75 वें साल में मैकाले की गुलामगीरी वाली शिक्षा पद्धति बदलने की शुरुआत अब मध्यप्रदेश से हो रही है। इसका श्रेय मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज चौहान और चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग को है। मैंने पिछले साठ साल में म.प्र. के हर मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि मेडिकल और कानून की पढ़ाई वे हिंदी में शुरू करवाएं लेकिन मप्र की वर्तमान सरकार भारत की ऐसी पहली सरकार है, भारत की शिक्षा के इतिहास में जिसका नाम स्वर्णाक्षरों में लिखा जाएगा। भारत के प्रधानमंत्री, शिक्षा मंत्री और स्वास्थ्य मंत्री म.प्र. से प्रेरणा ग्रहण करें और समस्त विषयों की उच्चतम पढ़ाई का माध्यम भारतीय भाषाओं को करवा दें तो भारत को अगले दस दशक में ही विश्व की महाशक्ति बनने से कोई ताकत रोक नहीं सकती है। विश्व की जितनी भी महाशक्तियां हैं, उनमें उच्चतम अध्ययन और अध्यापन स्वभाषा में होता है। डाक्टरी की पढ़ाई मप्र में हिंदी माध्यम से होने के कई फायदे हैं। पहला तो यही कि फेल होनेवालों की संख्या एकदम घटेगी। दूसरा, छात्रों की दक्षता बढ़ेगी। 70-80 प्रतिशत छात्र हिंदी माध्यम से पढ़कर ही मेडिकल कॉलेजों में भर्ती होते हैं। इन्हें चिकित्सा-पद्धति को समझने में आसानी होगी। तीसरा, मरीजों की ठगाई कम होगी। चिकित्सा जादू-टोना नहीं बनी रहेगी। चौथा, मरीजों और डॉक्टरों की बीच संवाद आसान हो जाएगा। पांचवा, सबसे ज्यादा फायदा उन गरीबों, पिछड़ों, अनुसूचितों के बच्चों को होगा, जो अंग्रेजी के चलते डॉक्टर नहीं बन पाते। मप्र सरकार के चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास नारंग ने मेडिकल शिक्षा की किताबें हिंदी में तैयार करवाने के लिए जो कमेटी बनाई है, उससे मेरा सतत संपर्क बना रहता है। कुछ पुस्तकें मूल रूप से हिंदी में तैयार हो गई हैं और कुछ के अनुवाद भी हो गए हैं। सितंबर के आखिर में शुरू होनेवाले नए सत्र से छात्रों को हिंदी माध्यम की छूट मिल जाएगी। हिंदी की पुस्तकों में अंग्रेजी मूल तकनीकी शब्दों से परहेज नहीं किया जाएगा। जो छात्र अंग्रेजी माध्यम से पढ़ना चाहेंगे, उन्हें छूट रहेगी। मप्र के चार हजार मेडिकल छात्रों में से अब लगभग सभी स्वभाषा के माध्यम से पढ़ना चाहेंगे। यदि ऐसा होगा तो हिंदी में कई नए-नए मौलिक ग्रंथ भी हर साल प्रकाशित होते रहेंगे। यदि इस मेडिकल की पढ़ाई को और भी अधिक उपयोगी बनाना हो तो मेरा सुझाव यह भी है कि एक ऐसी नई चिकित्सा-उपाधि तैयार की जाए, जिसमें एलोपैथी, आयुर्वेद, हकीमी, होमियोपैथी और प्राकृतिक चिकित्सा के पाठ्यक्रम मिले-जुले हों ताकि मरीजों का यदि एक दवा से इलाज न हो तो दूसरी दवा से होने लगे। यदि हमारी चिकित्सा में ऐसा कोई क्रांतिकारी परिवर्तन मध्यप्रदेश की सरकार करवा सके तो अन्य प्रदेशों की सरकारें और केंद्र सरकार भी पीछे नहीं रहेंगी। यह विश्व को भारत की अनुपम देन होगी। यह चिकित्सा पद्धति इतनी सुलभ और सस्ती होगी कि भारत और पड़ौसी देशों के गरीब से गरीब लोग इसका लाभ उठा सकेंगे। एक बार फिर दुनिया भर के छात्र डाक्टरी की पढ़ाई के लिए भारत आने लगेंगे, जैसे कि वे सदियों पहले विदेशों से आया करते थे।

# किरोड़ी कि किच-किच से भाजपा की फजीहत

**बीजेपी के राज्यसभा सांसद किरोड़ीलाल मीणा ने आदिवासी जिलों के कुछ नेताओं और कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम में एंट्री नहीं देने पर प्रतिपक्ष के उप नेता राजेंद्र राठौड़ को जमकर खरी-खोटी सुनाई। जवाब में राठौड़ ने भी किरोड़ी को लहजा सुधारने की नसीहत दी। काफी देर तक दोनों नेताओं के बीच बहस चलती रही। मामला बढ़ने पर केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने बीच-बचाव कर मामला शांत करवाया। कांग्रेस ने भाजपा नेताओं की आपसी तकरार पर चुटकी ली है। असल में कार्यक्रम में केवल उन्हीं नेताओं को एंट्री दी जा रही थी जिनके पास बने हुए थे। किरोड़ीलाल आदिवासी जिलों के कुछ नेताओं-कार्यकर्ताओं के साथ स्वागत के लिए पहुंचे थे जिनके पास प्रवेश के पास नहीं थे। घटना से नाराज किरोड़ी लाल मीणा कार्यक्रम का बहिष्कार कर चले गए थे**





**रमेश सर्राफ धमोरा**
**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं**

राजस्थान में भाजपा की फूट अब खुलकर सड़कों पर आ गई है। हाल ही में जयपुर के होटल क्लार्क्स आमेर में एनडीए की राष्ट्रपति उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू के स्वागत कार्यक्रम में एंट्री को लेकर बीजेपी के दो वरिष्ठ नेता आपस में भिड़ गए। बीजेपी के राज्यसभा सांसद किरोड़ीलाल मीणा ने आदिवासी जिलों के कुछ नेताओं और कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम में एंट्री नहीं देने पर प्रतिपक्ष के उप नेता राजेंद्र राठौड़ को जमकर खरी-खोटी सुनाई। जवाब में राठौड़ ने भी किरोड़ी को लहजा सुधारने की नसीहत दी। काफी देर तक दोनों नेताओं के बीच बहस चलती रही। मामला बढ़ने पर केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने बीच-बचाव कर मामला शांत करवाया। कांग्रेस ने भाजपा नेताओं की आपसी तकरार पर चुटकी ली है।

असल में कार्यक्रम में केवल उन्हीं नेताओं को एंट्री दी जा रही थी जिनके पास बने हुए थे। किरोड़ीलाल आदिवासी जिलों के कुछ नेताओं-कार्यकर्ताओं के साथ स्वागत के लिए पहुंचे थे जिनके पास प्रवेश के पास नहीं थे। घटना से नाराज किरोड़ी लाल मीणा कार्यक्रम का बहिष्कार कर चले गए थे। राजेंद्र राठौड़ व किरोड़ी लाल मीणा के मध्य हुई तकरार का वीडियो वायरल होने के बाद भाजपा की बहुत फजीहत हो रही है। इस घटना की गूंज भाजपा आलाकमान को दिल्ली तक सुनाई दी। चर्चा है कि भाजपा आलाकमान ने दोनों नेताओं से घटना की जानकारी मांगी है। उसी दिन किरोड़ी लाल मीणा के समर्थकों को जयपुर हवाई अड्डे पर भी प्रवेश नहीं देने से उन्होंने जमकर भाजपा नेताओं को खरी-खोटी सुनाई थी।

उक्त घटना तो एक बानगी मात्र है। राजस्थान के भाजपा नेता ऐसा कोई मौका नहीं चूकते हैं जहां एक दूसरे को निचा ना दिखाया जा सके। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे भी लगातार अपने विरोधी गुट के प्रदेश अध्यक्ष डॉ सतीश पूनिया पर हमला करती रहती है। भाजपा में स्थिति तो अब यहां तक पहुंच गई है कि वसुंधरा राजे व सतीश पूनिया किसी कार्यक्रम में एक साथ शामिल होने से भी परहेज करने लगे हैं। जब से डॉ सतीश पूनिया भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बने हैं तभी से वह वसुंधरा राजे गुट के निशाने पर हैं। वसुंधरा गुट का हमेशा प्रयास रहता है कि कैसे भी करके पूनिया समर्थकों को नीचा दिखाया जाए। वसुंधरा समर्थको द्वारा आयोजित किसी भी कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष पूनिया को नहीं बुलाया जाता है। अब तो स्थिति यहां तक पहुंच गई है कि वसुंधरा गुट के कार्यक्रम में पूनिया की फोटो भी नहीं लगाई जाती है। वही प्रदेश भाजपा द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में वसुंधरा राजे की फोटो नहीं लगाई जाती है। प्रदेश भाजपा मुख्यालय पर लगे होर्डिंग से वसुंधरा राजे की फोटो हटाने को लेकर भी वसुंधरा समर्थकों ने बड़ा हंगामा किया था। मगर पुनिया समर्थकों ने यह कहकर मामले को समाप्त कर दिया था कि प्रदेश मुख्यालय के होर्डिंग पर प्रधानमंत्री, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व प्रदेश भाजपा विधायक दल के नेता की फोटो ही लगेगी।

पिछले दिनों संपन्न हुए राज्यसभा चुनाव में भी प्रदेश संगठन की सिफारिश पर वसुंधरा राजे के धुर विरोधी रहे घनश्याम तिवाड़ी को राज्यसभा भेजकर वसुंधरा राजे को तगड़ा झटका दिया गया था। हालांकि चुनाव में वसुंधरा राजे समर्थक एक ही विधायक शोभारानी कुशवाह ने क्रॉस वोटिंग कर कांग्रेस को वोट दिया था। बाकी सभी वसुंधरा समर्थकों ने पार्टी आलाकमान के निदेर्शों की पालना की थी। चूंकि अगले वर्ष के आखिर में राज्य विधानसभा के चुनाव होने हैं। वसुंधरा राजे चाहती है कि पार्टी उनको नेता प्रोजेक्ट कर उनके नेतृत्व में विधानसभा चुनाव लड़े। जबकि पार्टी आलाकमान व प्रदेश संगठन किसी भी स्थिति में ऐसा नहीं होने देना चाहता है। प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे पर चुनाव लड़ कर ही भाजपा फिर से सरकार बना सकती है। भाजपा आलाकमान का मानना है कि 2018 के विधानसभा चुनाव में वसुंधरा राजे के मुख्यमंत्री रहते उनको ही नेता प्रोजेक्ट कर चुनाव लड़ा गया था। मगर उस चुनाव में भाजपा बुरी तरह हार गई थी। भाजपा के विधायक 162 से घटकर 72 रह गए थे। ऐसे में वसुंधरा राजे का जादू अब चलने वाला नहीं है।

कुछ महीने पहले झालावाड़ जिले में संपन्न हुए जिला परिषद के चुनाव में भी क्रास वोटिंग के चलते भाजपा का जिला प्रमुख उम्मीदवार चुनाव हार गया था। झालावाड़ वसुंधरा राजे का निर्वाचन क्षेत्र रहा है तथा उनके पुत्र दुष्यंत सिंह झालावाड़ से कई बार सांसद का चुनाव जीत चुके हैं। ऐसे में झालावाड़ से भाजपा प्रत्याशी का चुनाव हारने का पूरा जिम्मेदार वसुंधरा राजे के सांसद पुत्र दुष्यंत सिंह को माना गया था। जिला प्रमुख के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी हारने पर विरोध स्वरूप भाजपा कार्यकताओं द्वारा दुष्यंत सिंह के सांसद कार्यालय में घुसकर तोड़फोड़ भी की गई थी। जिसकी शिकायत वसुंधरा राजे ने दिल्ली आलाकमान तक की थी। उसके उपरांत भी किसी कार्यकर्ता पर कोई कार्यवाही नहीं की गई थी। इससे भी वसुंधरा राजे खासी नाराज है।

हाल ही में भाजपा की एक प्रदेश स्तरीय कार्यशाला का माउंट आबू में आयोजन किया गया था। जिसमें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित अन्य कई वरिष्ठ नेताओं ने संबोधन दिया था। मगर माउंट आबू कार्यक्रम में वसुंधरा राजे की अनुपस्थिति प्रदेश में चर्चा का विषय बनी हुई है। राजनीति के जानकारों का तो यहां तक कहना है कि उस कार्यक्रम में वसुंधरा राजे को आमंत्रित ही नहीं किया गया था। कार्यक्रम में शामिल नहीं होने पर अपनी झेंप मिटाने के लिए वसुंधरा राजे ने उसी दौरान दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। ताकि लोगों में एक अलग मैसेज दे सके।

राजस्थान भाजपा में काफी नेता वसुंधरा राजे खेमे से हैं। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया, उप नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, पार्टी की राष्ट्रीय सचिव अलका गुर्जर केंद्रीय नेतृत्व के निदेर्शानुसार कार्य कर रहें हैं। अगले वर्ष प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में मौजूदा विधायकों में से वसुंधरा समर्थक कोई भी विधायक ऐसा कोई काम नहीं करेगा जिससे आगे चलकर उनकी टिकट कटने का कारण बन सके। वसुंधरा समर्थक सभी विधायक आलाकमान की हां में हां ही मिलाएंगे। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी लगातार राजस्थान के दौरे कर संगठन को दुरुस्त करने में लगे हुए हैं। हाल ही में एक सरकारी मीटिंग में शामिल होने जयपुर आए गृह मंत्री अमित शाह ने भी समय निकालकर भाजपा कार्यालय जाकर पार्टी कार्यकताओं से मिले तथा बंद कमरे में वरिष्ठ नेताओं से मीटिंग कर सभी को एकजुटता का पाठ पढ़ाया।

# क्यों नहीं बदल रही भारत में बेटियों की स्थिति?

**दस में से नौ भारतीय इस धारणा से सहमत हैं कि एक पत्नी को हमेशा अपने पति की बात माननी चाहिए। आज भारतीय महिलाओं को राजनीतिक नेताओं के रूप में स्वीकार करते हैं, मगर ज्यादातर पारिवारिक जीवन में पारंपरिक महिला भूमिकाओं का पक्ष लेते हैं। आज भी बच्चों की देखभाल का सबसे अधिक बोझ महिलाओं द्वारा ही उठाया जाता है; जो पूर्णकालिक माँ बनने के लिए अपनी नौकरी भी छोड़ देती हैं। वे मानते है कि पारंपरिक बाल देखभाल मुख्य रूप से महिलाओं द्वारा नियंत्रित की जानी चाहिए। मजदूरी और रोजगार में पुरुषों और महिलाओं दोनों को पैसा कमाने के लिए जिम्मेदार होना चाहिए, मगर 80% भारतीय इस विचार से सहमत है कि जब कुछ नौकरियां हों, तो पुरुषों को महिलाओं की तुलना में नौकरी पर अधिक अधिकार होने चाहिए।**





**प्रियंका सौरभ**
**लेखक वरिष्ठ स्तंभकार है**

पितृसत्ता समाज में सत्ता और नियंत्रण की एक जटिल और रहस्यमय संस्था है। पितृसत्ता एक पुरुष प्रधान संरचना का प्रतीक है जिसका एक लंबा इतिहास है और दुनिया के हर समाज में मौजूद है। दस में से नौ भारतीय इस धारणा से सहमत हैं कि एक पत्नी को हमेशा अपने पति की बात माननी चाहिए। आज भारतीय महिलाओं को राजनीतिक नेताओं के रूप में स्वीकार करते हैं, मगर ज्यादातर पारिवारिक जीवन में पारंपरिक महिला भूमिकाओं का पक्ष लेते हैं। आज भी बच्चों की देखभाल का सबसे अधिक बोझ महिलाओं द्वारा ही उठाया जाता है; जो पूर्णकालिक माँ बनने के लिए अपनी नौकरी भी छोड़ देती हैं। वे मानते है कि पारंपरिक बाल देखभाल मुख्य रूप से महिलाओं द्वारा नियंत्रित की जानी चाहिए। मजदूरी और रोजगार में पुरुषों और महिलाओं दोनों को पैसा कमाने के लिए जिम्मेदार होना चाहिए, मगर 80% भारतीय इस विचार से सहमत है कि जब कुछ नौकरियां हों, तो पुरुषों को महिलाओं की तुलना में नौकरी पर अधिक अधिकार होने चाहिए। यही कारण है कि भारत में महिलाओं की श्रम शक्ति की भागीदारी बहुत कम है।

भारतीय बेटे और बेटियों दोनों को महत्व देते हैं, लेकिन 94% भारतीय परिवार कम से कम एक बेटा होना बहुत जरूरी मानते है।

मगर बेटियां समाज और देश के लिए दशा और दिशा तय करती हैं। जिसके बिना न तो कोई तस्वीर मुकम्मल होती है न ही घर, न ही परिवार, न समाज, न देश। वैसे अब तक आपने ऐसा भी समाज देखा होगा जहां घर में लड़की के पैदा होने को अभिशाप मानते हैं। शायद समाज में अब भी ऐसे लोग होंगे जो बेटे की चाहत में जन्म से पहले ही बेटियों को मार देते होंगे। लेकिन इन सबके बीच देश के लिए एक सुकून भरी खबर ये है कि स्कूल, कॉलेज, यूनिवर्सिटी, मेडिकल, सिविल सेवा हर जगह बेटियां टॉप कर रही है। फिर भी बेटियों कि स्थिति में वैसे सुधार क्यों नहीं जिनकी वे पूरी तरह हकदार है?

इस खबर के साथ दो फिक्र की बातें भी सामने आ रही है। एक सर्वे के मुताबिक, देश में 71.5% महिलाएं ही साक्षर हैं और सिर्फ 41% महिलाएं ही 10 साल से ज्यादा स्कूली शिक्षा हासिल कर पाती हैं। यानी 59% महिलाएं 10वीं से आगे पढ़ ही नहीं पाती हैं। अभी भारत दुनिया का सबसे युवा देश है। देश की युवा शक्ति ही विकास में बड़ी भूमिका निभाता है। ऐसे में बेटी बचाओ के साथ ही बेटी पढ़ाओ पर जोर देने की जरूरत है। बिना किसी वेतन के घर के काम करने में ग्रामीण इलाकों में पुरुषों की भागीदारी सिर्फ 27.7 प्रतिशत है और महिलाओं की 82.1 प्रतिशत। शहरों में पुरुषों की भागीदारी है 22.6 प्रतिशत और महिलाओं की 79.2 प्रतिशत।

पुरुष सबसे ज्यादा वक्त रोजगार और उससे जुड़ी गतिविधियों में बिताते हैं और महिलाएं उसके बाद सबसे ज्यादा वक्त बिना किसी वेतन के घर के काम करने में बिताती हैं। शहर हो या गांव, महिलाएं आज भी हर जगह चारदीवारी के अंदर ही सीमित हैं। बेटियों की स्थिति सुधार के लिए बच्चों की देखभाल की जिम्मेदारियों को उचित रूप से साझा उपयोग करके, या महिलाओं और लड़कियों को पारंपरिक रूप से पुरुष-प्रधान क्षेत्रों जैसे सशस्त्र बलों और सूचना प्रौद्योगिकी में प्रवेश करने के लिए प्रोत्साहित करें। भारत में सर्वोच्च न्यायालय ने घोषणा की कि महिलाएं अब सेना में कमांडिंग पदों पर आसीन हो सकती हैं। बच्चों के पालन-पोषण की जिम्मेदारी साझा करने के लिए पुरुषों के लिए पितृत्व अवकाश दें। महिलाओं को रोजगार देने के लिए कंपनियों को प्रोत्साहित करें, समान कार्य के लिए वेतन अंतर को पाटने, कड़े कानूनों के माध्यम से कार्य स्थलों को सुरक्षित बनायें।

सामाजिक सुरक्षा और वित्तीय साक्षरता से महिलाओं को लाभ प्राप्त करने के लिए नौकरियों की औपचारिकता को आगे बढ़ाया जाना चाहिए। तब तक असंगठित क्षेत्र की महिलाओं को सामाजिक सुरक्षा का लाभ दिया जाना चाहिए। अगर भारत में स्वयं सहायता समूह-बैंक लिंकेज कार्यक्रम उन कार्यक्रमों में वित्तीय साक्षरता को शामिल करें जहां महिलाओं का महत्वपूर्ण प्रतिनिधित्व है, एक अच्छा प्रारंभिक बिंदु हो सकता है। अर्थव्यवस्था में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को बढ़ावा देने के लिए समान काम के लिए समान वेतन, मातृत्व लाभ के लिए मजबूत कानूनों और नीतियों की आवश्यकता है। राजनीतिक प्रतिनिधित्व के लिए भारत ने पंचायतों और स्थानीय निकायों में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण प्रदान किया है। क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण उनकी क्षमताओं को और बढ़ा सकते हैं।

लैंगिक समानता एक मानवाधिकार है जो सभी व्यक्तियों को उनके लिंग की परवाह किए बिना सम्मान और स्वतंत्रता के साथ जीने का अधिकार देता है। लैंगिक समानता भी विकास और गरीबी को कम करने के लिए एक पूर्व शर्त है। महिलाओं की क्षमता पर अंकुश लगाने वाला लिंग एक अनुचित निर्धारण कारक नहीं होना चाहिए। आइसलैंड द्वीप राष्ट्र में राजनीतिक सशक्तिकरण की संस्कृति है, और 39.7% सांसद और 40% मंत्री महिलाएं हैं। फिनलैंड से भारत को श्रम शक्ति में महिलाओं की भागीदारी को सक्रिय रूप से शामिल करना सीखना चाहिए।

बेटियों की सुरक्षा के साथ-साथ गर्भ में कन्या भ्रूण की हत्या समाज की ज्वलंत समस्या है। लड़कियां अपनी अस्मत बचाने के लिए संघर्ष कर रही है, उत्पीड़न रोकने के प्रयास सरासर बेमानी नजर रहे हैं। सरकार, समाज कानून को लड़कियों की सुरक्षा के विशेष प्रबंध करने होंगे, ताकि बिगड़ते हालातों में बेटियां अपने आप को सुरक्षित महसूस कर सके। बिना शिक्षा के किसी भी बदलाव की कल्पना करना संभव नहीं है। इसी तरह कन्या के प्रति समाज की सार्थक सोच बनाने में अपने बच्चों को सुसंस्कारित बनाकर ही हम कोई बदलाव ला सकते हैं। ऐसे में सभी अभिभावकों को बचपन से ही अपने बच्चों में संस्कार डालने चाहिए। कि वे लड़कियों के प्रति सम्मानजनक व्यवहार करें।

# हिमाचल में मानसून का कहर, एक खौफनाक त्रासदी?

**नरेन्द्र भारती**

हिमाचल में किन्नौर से लेकर भरमौर तक मानसून का कहर जारी है। प्रकृति तांडव कर रही है। 2022में खौफनाक रौद्र रुप दिखा रही है। जिंदगियां लील रही है। सैंकड़ों लोग मौत के आगोष में समा चुके है। आषियाने जमींदोज हो रहे हैं। भूस्खलन हो रहा है। कहीं पहाड़ +दरक रहे है कहीं भूस्खलन हो रहा है। इस विनाषकारी प्रकृति के कहर से जनमानस खौफजदा है। राज्य की संडकें धंस रही हैं। गांड़ियां फिसल रही है। भांबला में खुडडी नाला में एक युवक तेज बहाव में बह गया मगर लोगों ने बह रहे युवक को 200 मीटर दूर बचा लिया। युवक की स्कूटी नाले में बह गई। आनी में भी भूस्खलन से श्रध्दालुओं की कार पर पत्थर गिरने से हादसा हो गया भूस्खलन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए। खेत व जमीनें जलमगन हो रही हैं। मक्की व टमाटर व धान की फसल तबाह हो गई है। मवेषी व बकरियों की दबने से मौतें हो रही है। गैषाला गिरने से 2 मवेषियों व 20 बकरियों की दर्दनाक मौत हो गई। मणिकर्न में पिछले दिनों बादल फटने से काफी तबाही हुई थी कुछ लोग लापता हो गए थे। मानसून का कहर लोगों को मौत बांट रहा है। जानकारी के अनुसार हिमाचल प्रदेष को अब तक 17 दिनों में 272 करोड़ का नुक्सान हो चुका है। मानसून के कारण हुई दुर्घटनाओं में अब तक 82 लोग अपनी जान गंवा चुके है। 107 लोग घायल हुए हैं। मौतों से हर हिमाचली गमगीन है। भूस्खलन व बरसात के कहर से प्रदेष में अब तक काफी लोग मारे जा चुके हैं। बारिष के खौफ से हर हिमाचली खौफजदा है। प्रदेष में बारिष के कारण लोकनिर्माण विभाग व जल षक्ति विभाग को करोड़ों का नुकसान हुआ है। मानसून अनमोल जिदंगियां लील रही है। नदियां व नाले में भंयकर बाढ आने से भरी नुक्सान हो रहा है। नदी-नालों का जलस्तर बढ गया है। सैलानियों को नदियों से दूर रहने की हिदायतें दी गई है। सैलानी लापरवाही कर रहे है। प्रतिदिन जानमाल का नुक्सान होता जा रहा है। गत वर्श 25 जुलाई को किन्नौर जिला में भूस्खलन की चपेट में आने के कारण 9 पर्यटकों की दर्दनाक मौत हो गई थी जबकि तीन गभीर रुप से घायल हो गए थे। चार दिन पहले भरमौर में भी भूस्खलन के कारण कार दब गई भी और एक ही परिवार के चार लोग मारे गए थे। बारिष की तबाही से अब तक दो दर्जन लोगों की जान जा चुकी है और यह कहर जारी है। गत वर्श भी ऐसे हादसों से हिमाचल में तबाही हुई थी। गत वर्श षिमला में भूस्खलन होने से 4 लोगों की दबकर मौत हो गई थी और कुमारसैन में दो मजदूरों की मौत हो गइ थीं। नालागढ़ में भी मकान पर डंगा गिरने से 5 लोगों की दर्दनाक मौत हो गइ थीं। गत वर्श लाहौल स्पीति में करीब 2000 पर्यटक फंसे थे। प्रदेष में हर जिला में लोगों के कच्चे व पक्के मकान जमींदोज हो रहे है। कुल्लु,मण्डी व किन्नौर में भी काफी नुक्सान हुआ है। प्रकृति ने एक बार फिर अपना तांड़व मचाया है। कही फिर से पहाड़ का मलवा न आ जाए लोग खौफ के साए में राते काट रहे हैं। इससे पहले हिमाचल में प्रकृति के कहर से हजारों लोग मारे जा चुके हैं। बरसात में प्रदेष में कई भीशण त्रासदियां हो चूकी है। कहीं मकानों के ढहने से बच्चे मारे गए तो कहीं सैंकडों पषुओं की दबकर मौत हो गइ थीं। दर्जनों लोग पानी में बह गए और करोडों की संपति तबाह हो गई। पहाड के मलवे की चपेट में आने से काफी जानमाल का नुक्सान हो रहा है। प्रकृति की इस विभिशिका में हजारों लोग अपंग हो गए है बच्चे अनाथ हो जाते है लाषे मलवे में दफन हो गई है। किन्नौर में पहाड़ दरकने से लोग खौफजदा हैं। कहते है कि प्राकृतिक आपदाओं को रोक तो नहीं सकते परन्तु अपने विवेक व ज्ञान से अपने आप को सुरक्षित कर सकते है। हादसों व आपदाओं से न तो लोग सबक सीखते है और न ही सरकारें सबक सीखती हैं। कुछ दिन सरकारी अमला औपचारिकता निभाता है और उसके बाद अगली घटना तक कोई कारगर उपाय नहीं किए जाते। सरकारो को इस आपदाओं पर मंथन करना चाहिए तथा षिविर लगाकर महानगरों, षहरों व गांवो के लोगों को जागरुक किया जाए। तभी तबाही से बचा सकता है। देष में प्राकृतिक आपदाओं का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। प्रकृति का कहर अनमोल जिन्दगीयां लील रहा है। हर राज्य में बरसात से त्रासदी हो रही है। भीशण बाढ़ के चलते आधे से ज्यादा इस बारिष. में अब तक दर्जनों लोगों की असमय मौत हो चूकी है। हिमाचल में भी बरसात का कहर रौद्र रुप दिखा रहा है। पिछले साल बिलासपुर में भी एक पहाड़ी के दरकने से लोग बाल-बाल बच गए थे। अगर यह मलवा लोगों पर गिरा होता तो न जाने कितने घरों के चिराग बूझ जाते। इससे पहले 2017वर्श की12 अगस्त की रात को कोटरोपी में प्रकृति ने अपना रौद्र रुप दिखाकर ऐसी खौफनाक तबाही मचाई थी की रौगटे खडे हो गए थे कोटरोपी में हुए इस हादसे ने पूरे हिमाचली समुदाय को झझकोर दिया था। पल भर में लाषों के ढेर लग गए लाषों का ढांपने के लिए कफन कम पड़ गए थे। मौत का यह मंजर सदियों तक याद रहेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### हत्याकांड के आरोपित का कोर्ट में आत्मसमर्पण

पटना सिटी। बहादुरपुर थाना क्षेत्र के रामकृष्ण कॉलोनी स्थित सरस्वती लॉज में रहने वाले छात्र राहुल की हत्या हुई थी। इस मामले में आरोपित ने पटना सिटी व्यवहार न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया है।थानाध्यक्ष योगेश चंद्र ने बताया कि हत्या मामले में आरोपित मो आकिम ने गायघाट स्थित व्यवहार न्यायालय में आत्मसर्पण किया है। पुलिस उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी। कांड के आईओ को कहा गया है कि वह कोर्ट में रिमांड पर लेने को आवेदन दे। थानाध्यक्ष के अनुसार तीन अप्रैल को हुई हत्या मामले में पहले भी दो आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। मो आकिम फरार चल रहा था।

### ट्रक के धक्के से युवक की मौत, ट्रक जब्त

पटना सिटी। एनएच-30 के एनआरएल पेट्रोल पंप के सामने ट्रक लॉरी से धक्का लगने के कारण एक लैब तकनीशियन की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। घटना सोमवार की रात की है। इस संबंध में बाईपास यातायात थाना के प्रभारी कुमार विरेन्द्र ने बताया कि रात में बाइक सवार लैब तकनीशियन रविंद्र कुमार अपने घर को जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से एक ट्रक लॉरी ने धक्का मार दिया। इससे उस वाहन की चपेट में आने से युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि मोटरसाइकिल दूसरी ओर फेंका गया। ताज्जुब की बात यह है कि बाइक में खरोच तक नहीं आई है। मृतक के पास रहे पहचान पत्र और मोबाइल के आधार पर परिजन को सूचित किया गया। मृतक की पहचान पटना जिला के गोपालपुर थाना क्षेत्र के चैनपुर का रहने वाला कमलेश सिंह के पुत्र 44 साल के रविंद्र कुमार के रूप में की गई। शव का पोस्टमार्टम नालंदा मेडिकल कॉलेज में कराने के बाद परिजन को सुपुर्द कर दिया गया। रविंद्र कुमार के छोटे भाई बैद्यनाथ कुमार के बयान पर मामला दर्ज किया गया है। उसने कहा कि वह लैब का सामान लेकर घर लौट रहा था कि घटना हुई। ट्रक को जब्त कर लिया गया है। ट्रक पर रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर 06जीई 5925 लिखा था। चालक भागने में सफल रहा।

### वर्ग 9 एवं 10 के बच्चों का लिया गया परीक्षा

रामपुर (कैमूर)। प्रखंड के नौहटा में नौवीं एवं दसवीं वर्ग के बच्चों ने दीया मंगलवार को परीक्षा। रामपुर प्रखंड के सभी स्कूलों पर नौवीं और दसवीं वर्ग के बच्चों ने अपना परीक्षा दिया। जिसमें नौहटा के बच्चों ने श्री नेहरू इंटर स्तरीय उच्च विद्यालय नौहटा में आज अपना परीक्षा दिया। 9:30 से 12:45 तक दसवीं क्लास के बच्चों एवं बच्चियां एवं 1:00 बजे से नौवीं क्लास के बच्चे बच्चियों ने शांति ढंग परीक्षा दी, इस बात की जानकारी श्री नेहरू इंटर स्तरीय उच्च विद्यालय नौहटा के प्रिंसिपल राम कवल ने दीया।

# मंकीपॉक्स के संदिग्ध महिला का लिया गया नमूना

## जांच को भेजा जाएगा पुणे, पीएमसीएच के कोविड वार्ड में रखा जा सकता

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



यहां के शहरी क्षेत्र के गुरहट्टा स्थित खत्री प्रसाद लेन में एक महिला में मंकी पॉक्स का संदिग्ध मामला सामने आया है। इसके बाद स्वास्थ्य महकमा में खलबली मच गई। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय, प्रधान सचिव प्रत्यय अमृत सहित अन्य अधिकारियों, विशेषज्ञों की ऑनलाइन मीटिंग हुई। इसके बाद पटना सिटी के गुरहट्टा में जाकर संदिग्ध महिला का नमूना जांच को लेने और इसे बायरोलोजी विभाग से तकनीशियन को भेज नमूना लेने का निर्णय लिया गया। यहां विश्व स्वास्थ्य संगठन की टीम की ओर से डॉ कुमुद रंजन, सिविल सर्जन के यहां से प्रशांत कुमार, यूनिसेफ से इरफान खान,पीएमसीएच के माइक्रो वायरोलॉजी से तकनीशियन और सदर अस्पताल के स्वास्थ्य प्रबंधक शब्बीर खान पहुंचे थे। टीम को संदिग्ध महिला की जांच के लिए नमूना लेने को खासा मशक्कत करना पड़ा। उक्त करीब 40 साल की महिला को 20 जुलाई से बुखार और अन्य लक्षण है। उसका इलाज कर रहे चिकित्सक ने ही कहा कि जो सिम्टम्स है, उससे मंकी पॉक्स का मामला लगता है। इसी के बाद सिविल सर्जन व अन्य को सूचित किया गया। टीम करीब डेढ़ घंटे से अधिक समय तक संदिग्ध महिला मरीज के घर में रहे। महिला मरीज का कहना था जब तक उसके पति घर नहीं आते हैं, वह जांच को नमूना नहीं देगी। उनके पति बिहार से बाहर हैं। उसकी काफी काउंसलिंग करने नमूना देने के लिए तैयार हुई। इस दौरान बताया जाता है कि स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव सहित अन्य अधिकारियों का तीन-चार बार कॉल भी आता रहा। नमूना लेने के बाद टीम यहां से वापस लौट गई। उक्त नमूने को जांच के लिए पुणे स्थित इंस्टीट्यूट आफ वायरोलॉजी में भेजा जाएगा। हालांकि महिला का कोई ट्रेवल हिस्ट्री नहीं है, मगर परिवार के अन्य सदस्य गए हैं या नहीं, यह जानकारी नहीं मिल पाई है। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग हाई अलर्ट पर आ गया है। पीएमसीएच के अधीक्षक आईएस ठाकुर ने बताया कि माइक्रोबायोलॉजी की टीम भेजी गई है। काफी मशक्कत और काउंसलिंग के बाद मरीज का नमूना जांच के लिए लिया जा सका है। यदि मरीज और उसके परिजन चाहेंगे तो यहां बने कोविड मरीज के बने वार्ड में संदिग्ध मरीज को रखा जा सकता है। विदित हो कि मंकीपॉक्स का अब तक देश में चार मरीज मिल चुके हैं। दिल्ली में एक और केरल में तीन मरीज मिला है। इधर विष। स्वास्थ्य संगठन ने शनिवार को मंकीपॉक्स को वैश्विक आपातकाल घोषित कर दिया है। आरएमआरआई के निदेशक डॉ कृष्णा पांडेय ने बताया कि इस बीमारी का लक्षण में बार-बार तेज बुखार आना, पीठ व मांसपेशियों में दर्द, त्वचा पर दाने और चकते पड़ना, खुजली होना, सुस्ती होना आदि है। मंकीपॉक्स की शुरूआत चेहरे से होती है। इसका संक्रमण अमूमन दो से तीन सप्ताह तक रहता है। मंकीपॉक्स एक से दूसरे व्यक्ति में फैलता है। जानवर भी इसके फैलाव का कारण है। संक्रमित मरीज से अन्य को नजदीक जाने से बचना चाहिए। फिलहाल इसका कोई इलाज नहीं है। डॉ कृष्णा पांडेय ने कहा कि चेचक का टीका लिए मंकीपॉक्स को रोकने में एक हद तक प्रभावी है। ऐसा शोध में बातें आ रही हैं।

# शक्तिपीठ स्थल व अन्य भगवती मंदिर में हुआ श्रृंगार



पटना सिटी, प्रात : किरण संवाददाता

सावन मास में शिव के साथ शक्ति की भी आराधना करने का महत्व है। यही कारण है कि एक तरफ जहां सोमवार को बाबा भोलेनाथ की पूजा-अर्चना करने की होड़ लगती है, शाम में उनका विशेष श्रृंगार किया जाता है। इसी तरह से भगवती मंदिरों में मंगलवार को भगवती का विशेष श्रृंगार कर भजन कीर्तन का आयोजन किया जाता है। यहां के शक्तिपीठ श्री बड़ी पटनदेवी में महंत विजय शंकर गिरी की देखरेख में भगवती का विशेष श्रृंगार कर उन्हें भोग अर्पित करने के बाद विशेष आरती की गई। छोटी पटनदेवी में आचार्य अनंत अभिषेक द्विवेदी व विवेक द्विवेदी की देखरेख में श्रृंगार किया गया। दीरापर स्थित काली मंदिर, नीम घाट स्थित प्राचीन काली मंदिर में मुन्ना बाबा की देखरेख में, अगमकुआं स्थित शीतला माता मंदिर में भी विशेष श्रृंगार किया गया। इसी तरह से अन्य भगवती मंदिरों में भी भगवती का श्रृंगार करने के बाद विशेष आरती की गई। महिलाओं के द्वारा भजन कीर्तन किया गया। इस दौरान प्रसाद का वितरण भी किया गया।

# बाढ़ जिला के पूर्व सैनिकों द्वारा पटना में निकाली गई तिरंगा यात्रा




बाढ़, प्रात : किरण संवाददाता

कारगिल विजय दिवस के अवसर पर भाजपा संगठन जिला बाढ़ पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक श्री हरि नारायण प्रधान के द्वारा बाढ़ जिला के पूर्व सैनिकों के साथ पटना के जीपीएस गोलंबर से कारगिल चौक तक पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक श्री आशुतोष कुमार शाही के नेतृत्व में श्रम संसाधन मंत्री श्री जीवेश मिश्रा के साथ तिरंगा यात्रा में भाग लिया गया।तथा अमर जवान ज्योति पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उसके बाद भाजपा कार्यालय में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री संजय जयसवाल को तथा स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पांडे को हिंदू संगठन नामक पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया। अपने उत्कृष्ट कार्य के लिए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री आशुतोष कुमार शाही के द्वारा जिला संयोजक हरिनारायण प्रधान के साथ सभी बाढ़ के पूर्व सैनिकों तथा जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह राजू को अंग वस्त्र देकर सम्मान किया गया।

### प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरी बैग के खिलाफ अभियान

**पटना सिटी।** नगर निगम के अजीमाबाद और सिटी अंचल की ओर से प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरी बैग के खिलाफ छापेमारी अभियान मंगलवार को चलाया गया। अजीमाबाद अंचल के राजस्व पदाधिकारी रिजवान अंसारी के नेतृत्व में गुलजारबाग सब्जी मंडी में अभियान चलाया गया। इस दौरान 41 दुकान की जांच की गई, जिसमें 5.2 किलो प्रतिबंधित प्लास्टिक को जब्त किया गया और जुमार्ना के रूप में 1,700 रुपया वसूल किया गया। वहीं सिटी अंचल के कार्यपालक पदाधिकारी उत्तम कुमार ने बताया कि अंचल के द्वारा भी अभियान चलाया गया। इस दौरान गुरु गोविंद सिंह पथ से लेकर चौक के श्री सत्यनारायण जी मंदिर के आगे पश्चिम तक अभियान चलाया गया। राजस्व पदाधिकारी श्याम नारायण के नेतृत्व में चलाए अभियान में 40 दुकान की जांच की गई। इस दौरान करीब चार किलो पॉलिथीन जब्त किया गया और बतौर जुमार्ना 3,300 रुपया वसूल किया गया।

# सड़क के बीचो-बीच नाली निर्माण कार्य से राहगीरों की बढ़ी परेशानी

बाढ़, प्रात : किरण संवाददाता



अनुमण्डल अंतर्गत सकसोहरा बाजार स्थित महंत राम नारायण पुरी उच्च विद्यालय के सामने पंचायत की योजना से करीब 2 साल पूर्व नाली निर्माण का काम शुरू किया गया था। लेकिन राशि की निकासी कर लेने के बावजूद भी काम को अधूरा छोड़ दिया गया। जिसके चलते बाजार इलाके में आने जाने वाले लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। इलाके के लोगों ने इसकी कई बार लिखित शिकायत प्रखंड विकास पदाधिकारी बेलछी से करने का काम किया। आखिरकार हाल के दिनों में जब बरसात शुरू हुई को एक बार फिर से नाला निर्माण का काम शुरू कर दिया गया है। जिसके चलते एक बार फिर से रास्ता बेहद खराब हो गया है। लेकिन इन लोगों में यह आशा जगी है कि सही तरीके से नाला निर्माण हो जाने पर लोगों को नर्क से निजात मिलेगी।

# बाढ़ सदर अस्पताल में 21 महिलाओं का बंध्याकरण ऑपरेशन हुआ

बाढ़, प्रात : किरण संवाददाता

सदर अस्पताल में मंगलवार को कुल 21 महिलाओं का परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत बंध्याकरण ऑपरेशन किया गया।

बंध्याकरण ऑपरेशन डॉक्टर अंशु प्रिया तथा डॉक्टर स्नेही प्रियदर्शनी के द्वारा किया गया, जिसमें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलछी की 19 महिलाएं तथा बाढ़ की 2 महिलाओं का सफल ऑपरेशन किया गया। बाढ़ के अनुमंडलीय अस्पताल के बारे में हेड क्लर्क कमल नयन ने बताया कि अब यहां लगभग सभी रोगों के विशेषज्ञ डॉक्टर आ चुके हैं, सिर्फ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर की कमी है। अगर हड्डी रोग के डॉक्टर आ जाते हैं तो लगभग सभी रोगों के डॉक्टर मौजूद हो जायेंगे। उन्होंने बताया कि महिला डॉक्टरों के आ जाने से अधिक संख्या में महिला मरीज बंध्याकरण हेतु अब अस्पताल में आने लगी है। विदित हो कि सरकार के द्वारा परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत ऑपरेशन कराने वाली महिलाओं को सरकार की ओर से प्रोत्साहन राशि भी दी जाती है।

# शराब में सात गिरफ्तार, दो दोपहिया बरामद



पटना सिटी, प्रात : किरण संवाददाता

मालसलामी थाना की पुलिस ने शराब के साथ पांच धंधेबाज को और एक फरार को गिरफ्तार किया है। साथ ही दो दोपहिया वाहन को जब्त किया गया है। थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि जलकद्दरबाग में मोटरसाइकिल पर तीन लोग शराब लेकर जा रहा था। उसे रोक कर जांच कर पकड़ा गया। वहीं पत्थर घाट से स्कूटी पर दो लोग शराब लेकर जा रहा था।। इसे भी जांच के बाद गिरफ्तार किया गया। इस तरह से एक बाइक व एक स्कूटी के साथ पांच को गिरफ्तार किया गया है। शराब के मामले में फरार नगला का रहने वाला को गिरफ्तार किया गया है। बहादुरपुर थानाध्यक्ष योगेशचंद्र ने बताया कि बहादुरपुर रेलवे गुमटी के समीप से गुलशन कुमार को 12 लीटर देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस पकड़े गये से पूछताछ के बाद जेल भेज दिया है।

# अमर ज्योति पर पुष्प चक्र अर्पित कार्यक्रम का आयोजन किया गया

दानापुर, प्रात : किरण संवाददाता



दानापुर नगर के बिहार रेजीमेंट सेंटर में शहीदों के सम्मान में अमर ज्योति पर पुष्प चक्र अर्पित कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सेना के अधिकारियों ने अमर शहीद जवान पर श्रद्धांजलि अर्पित कर आज के दिन को याद किया। गए आज से 23 वर्ष पूर्व भारतीय और पाकिस्तानी सेना के बीच कारगिल में एक जंग हुआ था। इस जंग में भारतीय सेना ने विजय पताका लहराया था। कारगिल विजय दिवस स्वतंत्र भारत के सभी देशवासियों के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण दिवस है।

भारत में प्रत्येक वर्ष 26 जुलाई को यह दिवस मनाया जाता है। इस दिन भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच वर्ष 1999 में कारगिल युद्ध हुआ था , जो लगभग 60 दिनों तक चला और 26 जुलाई के दिन उसका अंत हुआ। इसमें भारत का विजय हुआ। कारगिल विजय दिवस युद्ध में शहीद हुए भारतीय जवानों के सम्मान के लिए मनाया जाता है। इसी उपलक्ष में दानापुर बिहार रेजिमेंटल सेंटर में कारगिल दिवस के अवसर पर कारगिल में शहीद हुए जवानों को बीआरसी कमांडेंट और सेना के कई अधिकारी ने अमर ज्योति पर पुष्प चक्र देकर दी श्रद्धांजलि अर्पित की । सेना के जवानों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज का दिन भारत के लिए गर्व का दिन है। आज के दिन 60 दिन की लड़ाई के बाद भारत के जवानों ने कारगिल पर कब्जा किया था और जीत का झंडा फहरा दिया।

आज के दिन उन वीर सपूतों पर भारत को गर्व होता है, जिन्होंने देश को विजय दिलाया। आज ही के दिन उन शहीदों को पूरा भारत याद करता है। शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित किया जाता है। ऐसे जवानों पर हम लोगों को भी गर्व होता है , जो देश की सीमा पर देश की हिफाजत के लिए अपनी बलिदान दे देते हैं। बिहार रेजिमेंटल सेंटर दानापुर के अमर ज्योति पर आर्मी के कई अधिकारी और जवानों ने भी पुष्प चक्र देकर वीर सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# उमानाथ मंदिर में हुआ भगवान शिव और माता पार्वती का श्रृंगार पूजन



बाढ़, प्रात : किरण संवाददाता

शहर के प्रसिद्ध उमानाथ मंदिर परिसर में सावन के हर सोमवारी के दिन भगवान शिव और माता पार्वती का श्रृंगार पूजा रात्रि काल मे किया जाता है।यहां के पुजारी बताते हैं कि यहां के महादेव अंकुरित महादेव हैं जो कि द्वापर कालीन युग से यहां पूजा पाठ होता आ रहा है।श्री राम और पांडव भी अपनी यात्रा के दौरान यहां पूजा पाठ करने का कभी काम किया था। उत्तरवाहिनी गंगा तट पर अवस्थित होने के चलते यहां के पूजा पाठ का विशेष महत्व है यहां आने वाले श्रद्धालुओं की हर मनोकामना पूर्ण होती है। जिसके बाद लोगों का लगाव और भी बढ़ जाता है।सोमवारी के दिन मंदिर को विशेष तौर पर सजाया जाता है और यहां के शिवलिंग और माता पार्वती के प्रतिमा को विशेष रूप से सजावट किया जाता है।पूजा आरती के बाद पट खोल दिया जाता है।जिसके बाद लोग दर्शन करने के लिए उमड़ पड़ते हैं।

# धर्म प्रचार समिति भंग, फिर भी लखबिंदर लिख रहे चेयरमैन

## स्कूल समिति छोड़ कोई समिति सक्रिय नहीं : अवतार सिंह हित

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



तख्तश्री हरिमंदिर जी प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारियों का मध्यावधि चुनाव पिछले साल 25 जुलाई को हुआ था। इसमें अध्यक्ष पद पर अवतार सिंह हित बरकरार रहे और बाकी दो उपाध्यक्ष, एक महासचिव व सचिव के पद पर नए चेहरे चुने गए। इस चुनाव के साथ ही पुरानी बनी समितियां अपने आप भंग हो गईं। इसके बावजूद कमेटी के कनीय उपाध्यक्ष लखबिंदर सिंह अपने को धर्म प्रचार कमेटी का चेयरमैन लिखकर लगातार इसका दुरुपयोग कर रहे हैं। इस संबंध में जब कमेटी के प्रधान अवतार सिंह हित से बात की गई, तो उन्होंने कहा कि फिलहाल तख्तश्री कमेटी के अधीन चलने वाले स्कूलों के लिए समिति का गठन किया गया है। अन्य सभी समितियां भंग हैं। दरअसल तख्तश्री पटना साहिब का संविधान कहता है कि जैसे ही महासचिव के पद पर रहे सदस्य बदलते हैं, विभिन्न समितियां अपने आप भंग हो जाती हैं और इसका गठन नए सिरे से किया जाता है। 25 जुलाई, 2021 को भी पदाधिकारियों का मध्यावधि चुनाव हुआ था। इसमें अवतार सिंह हित अध्यक्ष पद बचाने में सफल रहे थे। उपाध्यक्ष के पद पर जगजोत सिंह सोही व लखबिंदर सिंह, महासचिव के रूप में इंद्रजीत सिंह और सचिव हरबंश सिंह खनूजा चुने गए थे। इस चुनाव के बाद महासचिव के रूप में रहे महेंद्रपाल सिंह ढिल्लन के द्वारा बनाई गई समितियां अपने आप भंग हो गई थीं। यह बात कमेटी के पूर्व महासचिव और सदस्य चरणजीत सिंह ने भी पूछने पर बताई। इस संबंध में जब कमेटी के अध्यक्ष अवतार सिंह हित से बात की गई, तो उन्होंने कहा कि फिलहाल स्कूल कमेटी के चेयरमैन चरणजीत सिंह हैं और उनके नेतृत्व में सदस्य बनाए गए हैं। इसके अलावा कोई भी समिति का पुनर्गठन नहीं किया गया है। जो कोई भी अपने आपको धर्म प्रचार कमेटी का चेयरमैन बता रहे हैं, वह गलत है। वह पटना लौटने के बाद इस संबंध में बात करेंगे और उन्हें यह पद लिखने के लिए मना करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि संभव है कि कमेटी की पांच अगस्त को होने वाली बैठक में विभिन्न समितियों के पुनर्गठन को लेकर भी निर्णय लिया जा सके। विदित हो कि कनीय उपाध्यक्ष के पद पर रहे लखबिंदर सिंह महेंद्रपाल सिंह ढिल्लन के महासचिव के कार्यकाल में धर्म प्रचार कमेटी के चेयरमैन और को-चेयरमैन हरपाल सिंह जौहल बनाए गए थे। उनके साथ चार-पांच सदस्यों को भी जोड़ा गया था, जिसमें कुलबंत सिंह सलूजा, गुरमीत सिंह आदि थे। कुलबंत सिंह सलूजा ने कहा कि बतौर चेयरमैन लखबिंदर सिंह ने कभी भी को-चेयरमैन या सदस्यों को विश्वास में लेने, धर्म प्रचार या अन्य धार्मिक कार्य के लिए बैठक करना या फिर मोबाइल पर भी चर्चा करना उचित नहीं समझा है। बाद में कोरोना काल के दौरान ऑनलाइन हुई कमेटी की बैठक में हरपाल सिंह जौहल की सदस्यता समाप्त करने का निर्णय लिया गया था। इसके बाद से चेयरमैन के रूप में काम कर रहे लखबिंदर सिंह ने अन्य सदस्यों से कभी भी न तो सलाह-मशविरा किया और न ही उन सबों के साथ कोई बैठक ही कर पाए। वे अपने आपको स्वयंभू चेयरमैन का पद बरकरार रख अब भी इस्तेमाल कर रहे हैं। इस संबंध में जब उनका पक्ष जानने की कोशिश की गई तो सवाल से घबराए गोल-मटोल बोलने लगे। पहले अध्यक्ष की सहमति की बात कही और बाद में कहीं और बैठे होने की बात कह बाद में बात करने की बात कह कॉल काट दिया। हाल के दिनों में लखबिंदर सिंह ने धर्म प्रचार कमेटी के चेयरमैन का पद का इस्तेमाल खासा तौर पर किया और कर रहे हैं। इसे लेकर अन्य सदस्य में जगजोत सिंह सोही और गुरुबिन्दर सिंह भी अध्यक्ष के पास आपत्ति जता चुके हैं।

# पर्याप्त बारिश नहीं होने से किसानों के माथे पर खींची चिंता की लकीर

बाढ़, प्रात : किरण संवाददाता



अनुमंडल अंतर्गत बेलछी प्रखंड के किसान बारिश सही तरीके से नहीं होने के चलते काफी चिंतित हैं।उनके खेतों में मोड़ी तो किसी तरह तैयार कर लिया गया है।लेकिन उसे खेत में लगाने के लिए समुचित पटवन की व्यवस्था और आसपास बिजली की व्यवस्था नहीं होने के चलते इस साल किसानों को खेत खाली रह जाने का चिंता सताने लगा है।जिसको लेकर किसान बेहद तनाव ग्रस्त हैं।इलाके के किसानों का कहना है कि उनके जीवन यापन के लिए खेती ही एक सहारा है।यदि खेती सही तरीके से नहीं हुआ तो उन पर कहर टूट जाएगा।सरकार के द्वारा सूखाग्रस्त घोषित किए जाने के बावजूद भी उनके लिए अनुदान राशि ऊंट के मुंह में जीरा के बराबर होता है।ज्यादा तो वैसे किसानों को परेशानी होती है जिन्होंने बड़े किसान और जमींदारों से पट्टा पर खेती लेकर अनाज उपजाने का काम करते हैं।उन्हें एक तो पट्टा का पैसा भी डूबता है। दूसरा सरकार के द्वारा अनुदान राशि भी बड़े किसानों को ही मुहैया कराई जाती है।जिसके चलते एक तो किसान को पट्टा की बबार्दी दूसरा उसके जमा पूंजी भी खेत में ही रह जाने का डर लगा रहता है। किसानों का कहना है कि बराह पंचायत में खेती करने के लिए पटवन की कोई व्यवस्था नहीं है।यदि नदी किनारे से लोग पटवन करना भी चाहेंगे तो विद्युत की व्यवस्था नहीं होने के चलते लोगों को दूर से लाइन खींच कर पटवन करने की नौबत आती है।वहीं विद्युत विभाग के अधिकारी भी विद्युत चोरी के नाम पर किसानों के ऊपर भारी-भरकम जुमार्ना ठोक देते हैं। एक किसान सलाहकार के मुताबिक अभी तक महज 22% बारिश होने के चलते इस बार भी इलाके के किसानों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।देर से बारिश होने पर धान के फसल पर भी बुरा असर पड़ेगा।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### शिक्षा का स्तर मजबूत करने में कक्षा 1 की भूमिका महत्वपूर्ण: शिक्षाधिकारी



चरपोखरी। मुख्यालय स्थित प्रखण्ड संसाधन केन्द्र में मंगलवार को मास्टर ट्रेनरों का गैर आवासीय पाँच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ हुआ। प्रखण्ड प्रमुख राम चन्द्र सिंह और प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी रघुनंदन चौधरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर प्रशिक्षण सत्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर शिक्षाधिकारी रघुनंदन चौधरी ने समग्र शिक्षा अभियान के तहत चहक प्रशिक्षण के उद्देश्य पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि शिक्षा का स्तर मजबूत करने में कक्षा 1 की भूमिका महत्वपूर्ण है। पहली कक्षा के विद्यार्थियों को मजबूत बनाए बिना अन्य उच्च कक्षाओं में मजबूती प्रदान नहीं की जा सकती। साधनसेवी रितेश कुमार श्रीवास्तव तथा प्रशिक्षक शशांक भूषण कुमार, अलख निरंजन एवं उमा शंकर ओझा शामिल रहे।

# पीएम स्वनिधि योजना से फुटपाथी दुकानदारों में आई आर्थिक समृद्धि: तारकिशोर प्रसाद

मुजफ्फरपुर, प्रात: किरण संवाददाता

नगर निगम मुजफ्फरपुर के तत्वाधान में आज स्थानीय मुजफ्फरपुर क्लब में स्व निधि महोत्सव कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने कहा कि इस योजना से फुटपाथी दुकानदारो में आर्थिक समृद्धि आई है। उन्होने कहा कि स्व निधि महोत्सव रेहड़ी- पटरी वालों के वित्तीय समावेशन के लिए अपनी तरह का पहला उत्सव है।

कोविड-19 वैश्विक महामारी के विनाशकारी प्रभाव से जूझ रहे रेहड़ी- पटरी वालों को ऋण के माध्यम से वित्तीय सहायता प्रदान कर उनके आर्थिक समृद्धि का पथ प्रशस्त किया गया है। उन्होने कहा कि स्व निधि महोत्सव लाभार्थी स्ट्रीट वेंडरों की विकास गाथा और भारतीय अर्थव्यवस्था में योगदान को पहचानने तथा उसे मनाने का त्योहार है उक्त बात उप मुख्यमंत्री श्री तारकिशोर




प्रसाद ने स्थानीय मुजफ्फरपुर क्लब में आयोजित स्व निधि महोत्सव के उद्घाटन के मौके पर कहीं।

मौके पर खनन मंत्री श्री जनक राम, विधान पार्षद दिनेश प्रसाद सिंह, नगर विधायक विजेंद्र चौधरी, माननीय विधायक कुढ़नी डॉ अनिल सहनी, पूर्व विधायक श्री केदार गुप्ता, पूर्व विधायक बेबी कुमारी, जिलाधिकारी मुजफ्फरपुर प्रणव कुमार, वरीय पुलिस अधीक्षक जयंत कांत, उप विकास आयुक्त -सह -प्रभारी नगर आयुक्त आशुतोष द्विवेदी, पूर्व मेयर राकेश कुमार पिंटू, पूर्व मेयर सुरेश कुमार, पूर्व उप मेयर विवेक कुमार तथा अन्य माननीय जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में उपस्थित उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि भारत सरकार एवं बिहार सरकार के विभिन्न विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओ का प्रभावी क्रियान्वयन के कारण राज्य में सतरंगी परिवर्तन हुआ है। विकास की किरणें

**कार्यक्रम**

- विकास की किरणें समाज के अंतिम पायदान पर बैठे हुए लोगों के घरों तक पहुंची: उप मुख्यमंत्री

समाज के अंतिम पायदान पर बैठे हुए लोगों के घरों तक पहुंची हैं। उन्होंने कहा कि स्व निधि महोत्सव लाभार्थी स्ट्रीट वेंडरों की विकास गाथा और भारतीय अर्थव्यवस्था में उनके योगदान को पहचानने तथा उसे मनाने का त्योहार है। कहा कि इस महोत्सव का उद्देश्य इन छोटे उद्यमियों के साथ भारत की आजादी के 75 साल का जश्न मनाना है। कहा कि उस योजना का लाभ बिहार के फुटपाथ दुकानदारों, रेहड़ी लगाने वालों को मिला है। राज्य में कुल 183295 फुटपाथ विक्रेताओं का सर्वेक्षण किया गया। जिसमें से 126170 को पहचान पत्र एवं 168944 को विक्रय प्रमाण पत्र दिया गया है। 59108 आवेदनों को बैंक द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई जिसके विरुद्ध 48034 आवेदकों को ऋण की राशि 47.45 करोड़ उपलब्ध कराई गई है। कार्यक्रम में उपस्थित माननीय खनन मंत्री श्री जनक राम ने कहा कि प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि योजना ने कोरोना काल में प्रभावित हुए फुटपाथ दुकानदारों/ रेहड़ी लगाने वाले छोटे व्यापारियों के जीवन में आमूलचूल परिवर्तन लाया है। इसके अलावे भी केंद्र सरकार और राज्य सरकार की कई महत्वपूर्ण विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओ को क्रियान्वित कर आम जनता के उन्नति और विकास को लेकर अपने संकल्प को पूरी प्रतिबद्धता के साथ पूर्ण करने की दिशा में गंभीरता पूर्वक कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रममें उपस्थित जिलाधिकारी मुजफ्फरपुर प्रणव कुमार ने बताया कि नगर निगम मुजफ्फरपुर में कुल 4549 फुटपाथ विक्रेताओं का सर्वेक्षण किया गया जिसमें 4420 फुटपाथ विक्रेताओं को पहचान पत्र एवं कुल 4464 फुटकर विक्रेताओं को विक्रय प्रमाण पत्र निर्गत किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि 3976 फुटपाथ विक्रेताओं का आवेदन कराया गया जिसके विरुद्ध 2037 आवेदनों को बैंक द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई और 1645 आवेदकों को कुल ₹1.63 करोड़ की राशि प्रदान की गई है। योजना के *स्व निधि से समृद्धि अभियान* अंतर्गत नगर निकाय में 1471 पात्र सदस्यों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, 1348 को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, 738 को प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना, 447 को वन नेशन वन राशन कार्ड योजना, 424 को प्रधानमंत्री जन -धन योजना से आच्छादित कराया गया है। महोत्सव में मुजफ्फरपुर जिला मुजफ्फरपुर के कलाकारों के द्वारा स्वागत गीत की प्रस्तुति की गई। बिहार के सांस्कृतिक गौरव पर आधारित गीतों का प्रदर्शन भी किया गया।

### नुआंव प्रखंड के 2286 लाभुकों ने अभी तक नहीं कराया पीएम सम्मान निधि का ईकेवाईसी

**कैमूर।** नुआंव प्रखंड के दसों पंचायत में कुल 2286 लाभुक किसानों ने अभी तक नहीं कराया है प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना का ईकेवाईसी वेरिफिकेशन। उक्त जानकारी के संबंध में कृषि समंवयक सत्यप्रकाश गौतम ने बताया कि पटना से आई आदेश अनुसार प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना के लाभुकों को ईकेवाईसी 31 जुलाई तक हर हाल में करा लेना होगा नहीं तो उनके खाते में प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना की राशि ₹6000 वार्षिक का लाभ नहीं मिल पाएगा उन्होंने बताया कि हमारे कृषि विभाग के किसान सलाहकार एटीएम एवं अन्य कर्मियों द्वारा किसानों को फोन के माध्यम से कहा जा रहा है कि आप जल्द से जल्द नजदीकी सीएससी केंद्र में जाकर ईकेवाईसी वेरिफिकेशन करा ले प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना की ईकेवाईसी वेरीफिकेशन के लिए जिन किसान लाभुकों के आधार कार्ड मोबाइल नंबर से जुड़ा है वह स्वयं अपने मोबाइल से भी वेरिफिकेशन कर सकते हैं इसके लिए कृषि विभाग के साइट पर जाकर ईकेवाईसी का माध्यम चयन करके वेरिफिकेशन कर लेंगे इसके अलावा नजदीकी सीएससी केंद्र में भी जाकर प्रक्रिया पूरी की जा सकती है।

## कारगिल विजय दिवस के अवसर पर हुआ झंडा आरोहण



मुजफ्फरपुर, प्रात: किरण संवाददाता

23 वें कारगिल विजय दिवस पर आज सेना भर्ती निर्देशक कर्नल बॉबी जसरोटिया की उपस्तिथि में सूबेदार मेजर बलविंदर सिंह ने झंडा फहराया और कारगिल में शाहिद तथा जख्मी हुए सैनिकों के सम्मान में मौन रखा।

इस अवसर पर कर्नल बॉबी जसरोटिया ने परिसर में उपस्थित सभी पदों के अधिकारियों को कारगिल युद्ध की पूरी घटना सुनाई। इस अवसर पर कर्नल बॉबी जसरोटिया तथा नायब सूबेदार बि बि बनकर ने आई टी आई मुजफ्फरपुर के लगभग 450 विद्यार्थियों को संबोधित किया तथा कारगिल विजय दिवस की अहमियत और सेना के शौर्य से अवगत कराया। सेना भर्ती निर्देशक ने आई टी आई परिसर में उपस्थित विद्यार्थियों को अग्निपथ योजना से परिचित कराया और अग्निवीर सेना भर्ती की प्रक्रिया की जानकारी दी और आई टी आई वाले कैंडिडेट्स को मिलने वाले बोनस मार्क्स की जानकारी दी।

कैंडिडेट्स को दलालों से सावधान और सचेत रहने को कहा। इस कार्यक्रम में आई टी आई कॉलेज मुजफ्फरपुर के असिस्टेंट सेक्टरेरी प्रमोद शंकर भी उपस्थित थे।

### पूर्व मंत्री मुनेश्वर चौधरी बने जदयू प्रदेश उपाध्यक्ष



**छपरा।** पूर्व मंत्री मुनेश्वर चैधरी को प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक मंजीत सिंह को प्रदेश उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता बनाये जाने पर जदयू जिला अध्यक्ष मुरारी सिंह ने कहा कि मुनेश्वर चैधरी एवं मंजीत सिंह को प्रदेश संगठन में जिम्मेवारी देकर सराहनीय कार्य किया गया है इसके लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह, प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा का आभार जताया है। बधाई देने वालों में राज्य परिषद सदस्य बैजनाथ प्रसाद सिंह विकल, दिनेश सिंह, जिला सुरेश कुमार सिंह, महेश्वर प्रसाद चैधरी, इम्तेयाज परवेज, सोहाग सिंह, प्रवक्ता मोहम्मद फिरोज, बिजेन्द्र सिंह, पशुपतिनाथ पटेल, मनोज कुमार पटेल, अजय सिंह, गणेश सिंह, मोहम्मद काजुद्दीन, डॉ. दिलीप चैधरी, सत्यनारायण सिंह, राणा सिंह पटेल शामिल है।

## उस्ताद वज्जन खां सम्मान से सम्मानित हुए लोक गायक संजय

मुजफ्फरपुर, प्रात: किरण संवाददाता

सरला श्रीवास सामाजिक सांस्कृतिक शोध संस्थान द्वारा आज मालीघाट में पुरखा पुरनिया संवाद सह सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रोक गाक्षक संजय कुमार को वजन खां सम्मान से सम्मानित किया गया। लोक गायिका अनीता कुमारी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की अपने अध्यक्षीय संबोधन मे अनीता कुमारी ने कहा कि जब देश संगीत के लिए बनारस और कोलकाता की ओर देखा करता था तब बनारस और कोलकाता मुजफ्फरपुर की ओर देखता था।

संगीत हमारे जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह करता हैं। संगीत में अद्भुत शक्ति होती हैं यह वातावरण में उमंग और उत्साही परिवेश का निर्माण करता हैं। धार्मिक ग्रंथों में संगीत को ईश्वर भक्ति का माध्यम बताया गया हैं। मुख्य अतिथि डॉक्टर एस. एस. बिहारी ने कहा कि किसी भी देश का



विकास वहां की संस्कृति से होती हैं और संस्कृति लोक संस्कृति से समृद्ध होती है।

संवाद में सरला श्रीवास सामाजिक सांस्कृतिक शोध संस्थान की संरक्षक कांता देवी, अनील कुमार ठाकुर, विजय कुमार मिश्र पवन कुमार, अनील कुमार ठाकुर, प्रमिला देवी, भोला साह, गुड़िया कुमारी, अविनाश कुमार, आदित्य राज ठाकुर, अदिति कुमारी, शिवम कुमार, कन्हैया कुमार, दुर्गा कुमारी मुख्य रूप से शामिल थे। समारोह में लोक गायक संजय यादव को स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

## साधु के रूप में आए बहररूपिया बैलों व अपने समानो को छोड़कर हुए फरार

पालीगंज, प्रात: किरण संवाददाता

थाना क्षेत्र के महाबलीपुर गांव में साधु के वेश में 9 बसहा बैलों के साथ रह रहे बहरूपिया सोमव्सर की एमत अपने बैलों व सामानों को छोड़कर फरार हो गया। जानकारी के पालीगंज प्रखण्ड सह अनुमण्डल मुख्यालय थाना के महाबलीपुर गांव में विगत एक हप्ते से कुछ बरहरुपिया साधु के वेश मे लाल गौरिया रंग के वस्त्र धारण कर व बड़े बड़े बाल- दाढ़ी रखे हुए 9 बसहा बैलो के साथ रह रहा था। उन लोगो ने गाँव -गाँव घूमकर प्रतिदिन भिक्षा माँग रहा था। वही शाम होने के बाद महाबलीपुर गाँव स्थित गोवर्धन भगवान के मंदिर के पास रात में ठहरता था। उन सभी साधुओ ने अचानक दो दिनों से सभी 9 बसहा बैलों (साढो) को छोड़कर फरार हो गया। दूसरी तरफ जब ग्रामीणों ने लावारिस रूप सभी बैलों को दो दिनों से बंधा हुआ मंदिर के पास देखा तो साधुओं की खोजबीन शुरू किया लेकिन उन साधुओ का



कहीं कोई पता नहीं चला। जब ग्रामीणों ने साधुओं द्वारा छोड़कर भागे गए सामानों की जांच पड़ताल किया तो उसके कपड़े से एक व्यक्ति का आधार कार्ड मिला। वह आधार कार्ड उतर प्रदेश के बहराइच, भौंडी, लख्खा, गोपालपुर, भकुला, खजुहा निवासी छनन के पुत्र फिराजउद्दीन का था।

जिससे साफ पता चलता है की ये सभी साधु के वेश में मुस्लिम युवक और कुछ उम्र दराज व्यक्ति आए हुए थे। जो बरहरुपिया के वेश बना कर घूम रहे थे। वे सभी पकड़े जाने की डर से सभी बसहा बैलों को छोड़कर रातों रात भाग गए। पुलिस इस मामले की जाँच में जुटि है। वही ग्रामीणों ने सरकार व जिला प्रशासन से अपील करते हुए कहा है की सभी 9 साढो को जानवर रक्षक शाला में भेजने की तत्काल व्यवस्था करे। वही ग्रामीणों का कहना है कि यह काफी गंभीर मामला है, क्योंकि साधु के वेश बरहरुपिया बनकर गाँव गाँव घूम रहे ये सभी लोग आखिर कौन थे और कहा से आए थे? उनका क्या मकसद था, आखिर वे बरहरुपिया नही थे तो बैलों और समान छोड़कर रातों रात भागे क्यों? अब सवाल यह उठता है साधु को क्यों भागना पड़ा? इनकी गहन जाँच होनी चाहिए? ज्ञात हो की दो दिन पहले बिहार में कुछ इसी प्रकार बैलों के साथ साधु के वेश बरहरुपिया पकड़े गए थे कहीं ये लोग भी पकड़े जाने की डर से रातों रात फरार तो नहीं हो गए हो।

### विद्युत सब स्टेशन के कनीय अभियंता पर विभागीय कार्यवाही करने की मांग

**लालगंज।** जदयू अल्पसंख्यक सेल के अध्यक्ष ई. इफ्तेखार अहमद ने लालगंज के विद्युत सब स्टेशन के कनीय अभियंता पर विभागीय कार्यवाही करने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि 25 जुलाई सोमवार को दोपहर के एक बजे से विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई थी। जिसकी सूचना लालगंज विद्युत सब स्टेशन के कनीय अभियंता को दी गई। उन्होंने कहा कि कर्मचारी थोड़ी देर में जाएंगे लेकिन कर्मचारी नहीं आए। फिर पुनः शाम को सात बजे से रात के 10 बजे तक कर्मचारी के इंतजार में लालगंज विद्युत पावर स्टेशन में हीं बैठा रह गया। फिर भी कर्मचारी को नहीं भेजा गयां जिस कारण बच्चे भी पूरी रात परेशान रहे। विद्युत उपभोक्ता को पूरी रात शारीरिक और मानसिक दोनों का सामना करना पड़ा। दो वर्ष पहले हीं विद्युत केबल का तार पोल पर मोहल्ला अताउल्लाहपुर में लगाया जा चुका है लेकिन अभी तक विद्युत आपूर्ति खुले तार से हीं की जा रही है जिस वजह से थोड़ी सी बरसात आंधी होने पर तार टूट कर गिर जाता है। और घरों में विद्युत आपूर्ति बाधित हो जाती।

## जंक्शन पर ट्रेन से रेसुब ने 59 जिंदा कछुआ किया बरामद

छपरा, प्रात: किरण संवाददाता

मंगलवार को रेसुब पोस्ट छपरा जंक्शन पर निरीक्षक मुकेश कुमार सिंह, एएसआई विजय रंजन मिश्रा, एएसआई मनोज सिंह, कान्स शिव प्रकाश, कान्स विजय प्रताप सिंह एवं कान्स वीरेंद्र कुमार तथा रेसुब पोस्ट छपरा द्वारा ऑपरेशन वन्य जीव सुरक्षा के तहत प्राप्त सूचना के आधार पर छपरा जंक्शन पर गाड़ी संख्या 13138 के आगमन पर चेकिंग के दौरान कोच संख्या एस 5 के सीट नम्बर 49 के नीचे 3 अदद पिट्ठू बैग बरामद हुआ है। चेकिंग के दौरान बैग के पास बैठे एक व्यक्ति द्वारा मौके से भागने का प्रयास किया गया, जिसे अन्य स्टाफ की मदद से मौके पर रोक दिया गया। पूछताछ के दौरान उसने बताया गया कि वह आजमगढ़ से गंगा नदी का कछुआ खरीद कर दवा में उपयोग के लिए बैरकपुर पश्चिम बंगाल बेचने के लिए ले जाया जा रहा था। बैग के



पास पकड़े गए आदमी के अनुसार आजमगढ़ साईड से गंगा नदी से निकाले गए कछुवे को जुट की बोरी व पिट्ठू बैग में डाल कर पश्चिम बंगाल ले जाकर बेचने की योजना थी। गिरफ्तार अभियुक्त प्रियालाल मंडल पिता राधागोविंद मंडल मुक्तिनगर पंचारहत खैरातूल थाना जिला सिंहभूम पश्चिम बंगाल का रहने वाला है। बरामद जिंदा कछुआ की संख्या 59 है। इसकी कीमत लगभग 500000 रुपए आका गया है। इस ममले मेंअपराध का पंजीकरण कर अग्रिम कार्यवाही वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 9, 40, 48, 50, 51 के तहत कार्यवाही के लिए वन्य रेंजर अधिकारी अभय कुमार सिंह को सुपुर्द कर दिया गया है।

## नहर बांध का होगा पक्कीकरण मिलेगी नई सड़क की सुविधा

छपरा, प्रात: किरण संवाददाता

सारणवासियों को सांसद की पहल पर एक और नई सड़क कनेक्टिविटी मिलेगी। इससे अमनौर, नगरा, गड़खा और छपरा सदर प्रखंडों के लोग लाभान्वित होंगे। बिदित हो कि बीते दिनों राज्य के जल संसाधन मंत्री श्री संजय झा को सांसद श्री राजीव प्रताप रूडी ने पत्र लिखकर ध्यान आकृष्ट कराया था कि राज्य सरकार द्वारा बनाये गए नहर प्रणाली के तटीय बांध का प्रयोग स्थानीय लोग आवागमन के लिए करते है।

अभी यह कच्ची है जिसके कारण बरसात के दिनों में अवगमन मे समस्या उत्पन्न करती है। इसी के मद्देनजर संसद ने जल संसाधन मंत्री को पत्र लिखकर बांध को पक्की सड़क के रूप में तब्दील करने की बात का जिक्र किया था। सांसद ने बताया कि बांध पर पक्की सड़क के निर्माण से



- सांसद रूडी ने जल संसाधन मंत्री से किया था विमर्श, लिखा था पत्र

न केवल बांध मजबूत होगा, बल्कि सालोभर आवागमन के लिये नई सड़क कनेक्टिविटी भी उपलब्ध होगी। इससे किसानों को और गाँव के बच्चो को भी विद्यालय, महाविद्यालयों में जाने में सुविधा होगी। व्यवसाइयों व सभी तरह के लोग इस सड़क का अपने-अपने उदेश्यों में उपयोग कर सकते है। सांसद के पत्र के प्रत्युत्तर में बिहार के जल संसाधन मंत्री संजय झा ने पत्रांक 127 के माध्यम से अवगत कराया कि संसद द्वारा सुझाये गए योजना को सरकार ने स्वीकृत कर लिया है और शीघ्र ही निर्माण कार्य की प्रक्रिया आरम्भ की जाएगी। मंत्री ने सांसद रुडी को बताया कि बिहार सरकार द्वारा 10 करोड़ 41 लाख की लागत राशि से नारायणपुर उप वितरणी के 0.00 से 20.00 आर०डी० तक और 9 करोड़ 63 लाख रुपये की लागत राशि से चैनपुर उप वितरणी के 0.00 से 24.80 आर०डी० तक नहर सेवा पथ पर पक्की सड़क निर्माण कार्य का प्रशासनिक एवं व्यय की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस संदर्भ में संसद ने बताया कि इस नई सड़क कनेक्टिविटी से पहले से उपलब्ध सडको पर यातायात का दबाव घटेगा और स्थानीय लोग हर तरह से लाभान्वित होंगे। इसके निर्माण से नहर के संचालन एवं निरीक्षण में सहुलियत के साथ ही आवागमन की सुविधा बढ़ेगी और स्थानीय लोगों को आर्थिक एवं सामाजिक विकास हो सकेगा।

## भाकपा-माले के जिलास्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित

पानापुर, प्रात: किरण संवाददाता

भाकपा माले के जिला सचिव सभापति राय के भोरहां स्थित आवास पर मंगलवार को पार्टी के राज्य कमिटी के स्थायी सदस्य सह गोपालगंज के जिला सचिव इंद्रजीत चैरसिया की अध्यक्षता में जिलास्तरीय कार्यकताओं की एक बैठक की गयी। इस बैठक में आगामी 15 से 20 फरवरी तक आयोजित होनेवाले पार्टी के ग्यारहवें अधिवेशन की तैयारियो पर चर्चा की गयी। वही बढ़ती महंगाई के विरोध में आगामी 7 अगस्त को महागठबंधन द्वारा जिला मुख्यालय पर प्रस्तावित धरना प्रदर्शन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए चर्चा की गयी। बैठक में केंद्र की मौजूदा आर्थिक व राजनीतिक नीतियों की आलोचना करते हुए श्री चैरसिया ने कहा कि आज श्रीलंका में जो राजनीतिक उथल पुथल मची है उसी नक्शेकदम पर हमारा देश चल रहा है। सरकारी संपत्ति को निजी हाथों को बेचा



- केंद्र की आर्थिक व राजनितिक नीतियों का विरोध

जा रहा है। महंगाई चरम पर है, वही देश मे बेरोजगारी दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। एनआरसी, सीएए के नाम पर देश मे धार्मिक उन्माद फैलाया जा रहा है। बैठक को सभापति राय, अनुज कुमार दास, वीजेंद्र मिश्र आदि ने भी संबोधित किया। इस मौके पर जीवनंदन राय, रामपुकार साह, नागेंद्र प्रसाद, सुशील पांडेय, लगन राम, सुरेंद्र पासवान, बिपिन साह, बीरेन्द्र राय, ददन नट, विजय शंकर शर्मा आदि उपस्थित थे।

## छपरा : उज्जवल भारत-उज्जवल भविष्य पावर / 2047 कार्यक्रम का हुआ आयोजन

छपरा, प्रात: किरण संवाददाता

आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर पर मधुर आशियाना एकमा में आयोजित कार्यक्रम की शुभारंभ जिलाधिकारी राजेश मीणा के द्वारा किया गया। जिलाधिकारी के द्वारा उद्घाटन के पश्चात बताया गया कि यह कार्यक्रम भारत की आजादी के 75 साल पूरे होने के अवसर पर आयोजित है। आजादी के अमृत महोत्सव, देश के प्रत्येक जिले में 25 जुलाई से 30 जुलाई 2022 के बीच उज्जवल भारत-उज्जवल भविष्य, पावर / 2047 के रुप में मनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम को जश्न की तरह मनाने के लिए विद्युत मंत्रालय से प्राप्त निव निदेश के आलोक में जिले में विधुत विभाग द्वारा ह्यबिजली महोत्सवह्य का आयोजन किया गया है। बिजली विभाग द्वारा आयोजित इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य राज्य और



केंद्र सरकारों के बीच सहयोग और बिजली क्षेत्र की प्रमुख उपलब्धियों को उजागर करना है। इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक जन-भागीदारी की आवश्यकता है ताकि बिजली क्षेत्र के विकास एवं इससे संबंधित जानकारी पैमाने पर नागरिकों तक पहुंचाया जा सके। जिलाधिकारी के द्वारा बताया गया कि विधुत उत्पादन क्षमता 2014 के 2,48,554 मेगावाट से बढ़कर आज 4,00,000 मेगावाट हो गई है जो हमारी मांग से 1,85,000 मेगावाट अधिक है। अब भारत अपने पड़ोसी देशों को भी बिजली निर्यात कर रहा है। करीब 1,63,000 किमी लंबी संचरण लाइन का निर्माण कर पूरे देश को एक ग्रिड मे जोड दिया गया है। लद्दाख से कन्याकुमारी तक और कच्छ से म्यांमार सीमा तक यह दुनिया में सबसे बड़े एकीकृत ग्रिड के रूप में उभरा है। इस ग्रिड का उपयोग कर देश के एक कोने से दूसरे कोने तक 1,12,000 मेगावाट बिजली पहुंचाया जा सकता है। जिलाधिकारी के द्वारा बताया गया कि सी.ओ.पी. 21 में प्रतिबद्ध किया था कि 2030 तक हमारी उत्पादन क्षमता का 40 नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों से होगी। यह लक्ष्य हमने तय समय से 9 साल पहले ही, नवंबर 2021 तक हासिल कर लिया है। आज हम अक्षय ऊर्जा स्त्रोतों से 1,63,000 मेगावाट बिजली पैदा करते हैं। 2,01,722 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय के साथ हमने पिछले पांच वर्षों में बिजली वितरण के बुनियादी ढांचे को मजबूत किया है। 2,921 नए सब-स्टेशन बनाकर, 3,926 सब-स्टेशनों का विस्तार करना, 6,04,465 सी.के. एम. एल.टी. लाइनें स्थापित करना, 2,68,838 11 केवी एचटी लाइनें स्थापित करना, 1,22,123 सी.के. एम. कृषि फीडरों का फीडर पृथक्करण और स्थापना करना। 2015 में ग्रामीण क्षेत्रों में आपूर्ति का औसत घंटे 12.5 घंटे थी जो कि अब बढ़कर औसतन 22.5 घंटे हो गया है। जिलाधिकारी के द्वारा बताया गया कि सरकार ने बिजली (उपभोक्ताओं के अधिकार) नियम- 2020 तहत- नया कनेक्शन प्राप्त करने की अधिकतम समय सीमा अधिसूचित की गई है। रूफ टॉप सोलर को अपनाकर अब उपभोक्ता बन सकते हैं। उपभोक्ताओ की बिलिंग समय पर सुनिश्चित की जाएगी। मीटर संबंधी शिकायतों को दूर करने के लिए समय-सीमा अधिसूचित है। राज्य नियामक प्राधिकरण अन्य सेवाओं के लिए समय सीमा अधिसूचित किया गया है। उपभोक्ता शिकायतों के समाधान के लिए डिस्कॉम 24 घंटे 7 दिन कॉल सेंटर स्थापित कि जा सकेगी। जिलाधिकारी के द्वारा बताया गया कि 2018 में 987 दिनों में 100 प्रतिशत गांव विद्युतीकरण (18,374) हासिल किया। 18 महीनों में 100 प्रतिशत घरेलू विद्युतीकरण (2.86 करोड़) हासिल किया। यह कीर्तिमान हासिल कर भारत दुनिया के सबसे बड़े विद्युतीकरण अभियान के रूप में पहचाना गया। सौर पंपों को अपनाने के लिए शुरू की गई योजना जिसके तहत-केंद्र सरकार 30 प्रतिशत सब्सिडी देगी और राज्य सरकार 30प्रतिषत सब्सिडी देगी।

## विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थिति समय से कराई जाए सुनिश्चित: डीएम

हाजीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

जिले के मुख्यालय शहर हाजीपुर में स्थित समाहरणालय सभागार में शिक्षा विभाग की बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों को वैशाली डीएम श्री यशपाल मीणा के द्वारा निर्देश दिया गया कि विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थिति समय से सुनिश्चित करायी जाय। सुबह के 10 बजे और संध्या के 4 बजे की शिक्षकों की उपस्थिति उप विकास आयुक्त के कार्यालय को प्रतिदिन समय से भेजी जाय। डीएम ने कहा कि मेरा ऐसा मानना है कि शिक्षकों की उपस्थिति मात्र से हीं व्यवस्थाओं में

सुधार दिखने लगेगी। डीएम ने कहा कि अगर सेवा में रहना है तो अपना शत प्रतिशत योगदान करें अन्यथा लिखकर दे दें। बैठक में उपस्थित प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देश दिया दिया गया कि कोई पदाधिकारी अगर दो प्रखंड के प्रभार में हैं तो एक हीं दिन में दोनों प्रखंड के विद्यालयों




की जाँच करें। दिन के प्रथम अर्ध में एक प्रखंड एवं दूसरे अर्ध में दूसरे प्रखंड के विद्यालयों को देखें। लेकिन 4 बजे छुट्टी के समय किसी न किसी विद्यालय में जरूर रहें। डीएम के द्वारा सभी विद्यालयों का पूर्व में प्रोफाइल तैयार कराने का निर्देश दिया गया था। जिसके बारे में पूछने पर बताया गया कि यह कार्य 30 जुलाई तक कर लिया जाएगा। डीएम ने कहा कि इसके आधार पर जो भी जरूरी होगा उस पर कार्य किया जाएगा। स्कूल में शिक्षकों की उपलब्धता जरूरत के अनुपात में करने का निर्देश दिया गया और कहा गया कि कहीं भी बच्चों को जमीन पर नहीं बैठाया जाय। जरूरत के अनुसार बेंच का आकलन कर प्रतिवेदन दे दिया जाय ताकि उसे उपलब्ध कराया जा सके। सभी विद्यालयों में बच्चें पोषाक में आयें यह सुनिश्चित करायी जाय। चेतना सत्र में उपस्थित बच्चों का फोटो ग्रुप में शेयर किया जाय। मध्याह्न भोजन मेनू के अनुसार नियमित रूप से बने यह देख लिया जाय। सभी हाई स्कूल में स्मार्ट क्लास निर्धारित मानक और विषय आधारित चले इसे भी सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया। डीएम ने कहा कि कोचिंग संस्थानों पर कड़ी जनर रखी जाय। उनका पंजीकरण होना अनिवार्य बनाया गया है। स्कूल अवधि में कोचिंग संस्थान में क्लास नहीं चले यह भी देखा जाय। अगर उनका क्लास स्कूल अवधि में चलता हो तो वहाँ स्कूली बच्चों को नहीं जाने दिया जाय। डीएम ने कहा कि जिला स्तरीय पदाधिकारी, अनुमंडल स्तरीय पदाधिकारी एवं मैं स्वयं लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर रहा हूँ लेकिन फीड बैक अच्छी नहीं है।

## संक्षिप्त खबरें

### जदयू के प्रदेश प्रवक्ता बने मंजीत सिंह



गोपालगंज। बैकुंठपुर के पूर्व विधायक एवं जदयू के प्रदेश उपाध्यक्ष मंजीत कुमार सिंह को प्रदेश प्रवक्ता मनोनित किया गया है। मुख्यमंत्री नीतीष कुमार, राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह के निर्देश पर प्रदेष अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने मनोनयन किया है। मंजीत सिंह के प्रदेश प्रवक्ता बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं में जशन का माहौल है। श्री सिंह को दिन भर बधाई देने वालो का तांता लगा रहा। इनके प्रदेश प्रवक्ता बनने पर जदयू सांसद डा0 आलोक कुमार सुमन, मंत्री सुनील कुमार, पूर्व मंत्री रामसेवक सिंह, कुचायकोट विधायक अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय, जिलाध्यक्ष आदित्य शंकर शाही, पूर्व जिलाध्यक्ष सदानंद सिंह, ललन मांझी, अभय पाण्डेय आदि ने हर्ष व्यक्त किया है। वही प्रदेश प्रवक्ता बनाए जाने पर मंजीत कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह, प्रदेष अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा सहित पार्टी के अन्य वरिष्ट नेताओं के प्रति आभार प्रकट किया है। उन्होने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेवारी दी है। उसपर खरा उतरने का प्रयास किया जाएगा।

# डीएम ने रबर डैम का किया निरीक्षण कार्य युद्ध स्तर पर चलाने के निर्देश

गया, प्रात : किरण संवाददाता



आने वाले विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला 09 सितंबर से 25 सितंबर तक चलने वाले मेला के अवसर पर विश्व के हर कोने से आने वाले तीर्थ यात्रियों को बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा जोर शोर से तैयारी की जा रही है मगलवार को जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम द्वारा रबर डैम एवं रबर डैम के समानांतर निर्माण किए जा रहे मनसरवा नाला का निरीक्षण किया गया है। जिला पदाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता रबर डैम को निर्देश दिया कि 7 अगस्त तक मनसरवा नाला का निर्माण कार्य पूर्ण करवाये।

इस निरीक्षण के दौरान कार्यपालक अभियंता जल संसाधन विभाग द्वारा बताया गया कि नाला का बैरल निर्माण कार्य 2 से 3 दिनों में पूर्ण कर लिया जाएगा। देव घाट एवं मनसरवा नाला के बीच खाली जगहों को कंक्रीट से ढ़लाई के साथ-साथ टाइल्स बिछाने का कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही मनसरवा नाला से नदी में उतरने के लिए सीढ़ी का भी निर्माण किया जा रहा है। प्रतिदिन तीन शिफ्ट में कार्य किया जा रहा है। जिला पदाधिकारी ने जल संसाधन विभाग के कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया कि बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए तेजी से कार्य करवाने को कहा ताकि वर्षा आने पर कार्य धीमी हो जाएगी, जब तक वर्षा नहीं है तब तक तेजी से कार्य पूर्ण कर ले। जिला पदाधिकारी ने उपस्थित तमाम पदाधिकारियों के -साथ पंडा समाज के पुरोहितों को कहा कि इस वर्ष पितृपक्ष मेला ऐतिहासिक रूप में माना जायेगा क्योंकि इस वर्ष पितृपक्ष मेला के पहले तीर्थ यात्रियों को तर्पण हेतु रबर डैम के माध्यम से कम से कम 2 से 3 फीट पानी उपलब्ध रहेगा। जो कि पूर्व के पितृपक्ष मेला में वर्षा के अभाव में नदियों में पानी कम रहने के कारण तर्पण में थोड़ी असुविधा महसूस की जाती थी। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष पितृपक्ष मेला कोरोना काल के 2 साल के अंतराल के बाद आयोजित हो रही है। इसलिए तीर्थ यात्रियों की संख्या बढ़ने की संभावना है। मेला क्षेत्र में आवारा पशुओं को देखकर जिला पदाधिकारी ने नगर निगम को सख्त हिदायत दिया कि 28 जुलाई को आवारा पशुओं को पकड़ने हेतु स्पेशल ड्राइव चलाये, पकड़े गए पशुओं को सुरक्षित गौशाला में रखें। मेला क्षेत्र में अनदीना भी तीर्थयात्री पिंडदान अथवा तर्पण का कार्य करते हैं। आवारा पशुओं के कारण यात्रियों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। जिला पदाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता पीएचईडी को निर्देश दिया कि देवघाट अथवा मेला क्षेत्र में यदि कहीं बिल्कुल खराब अवस्था में चापाकल हैं तो उन्हें उखाड़े और उन स्थानों पर नए

**निरीक्षण**

● नगर निगम को निर्देश दिया कि देवघ देव घाट जाने वाले सभी रास्तो के टूटे टाइल्स को तेजी से 15 दिनों में मरम्मत करवाए

चापाकल लगवाये। मेला क्षेत्र में एक भी खराब चापाकल ना रहे, ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करें। पंडा समाज के पुरोहितों द्वारा बताया गया कि फल्गु नदी में लगे बोरिंग के माध्यम से ही सूर्य कुंड में पानी डाला जाता है परंतु रबड़ डैम में चल रहे कार्य के कारण बोरिंग को क्षतिग्रस्त कर दिया हैजिसके कारण वर्तमान में सूर्य कुंड में पानी सप्लाई बंद है।

जिला पदाधिकारी ने वरीय उप समाहर्ता अमित पटेल को निर्देश दिया कि जल संसाधन विभाग, नगर निगम एव पीएचईडी के साथ बैठक कर रबर डैम निर्माण के दौरान किन विभागों का कितना बोरिंग क्षतिग्रस्त हुआ है उसकी सूची तैयार करें जिससे उसे तेजी से नए बोरिंग कराते हुए पानी सप्लाई कराया जा सके ।।जिला पदाधिकारी ने नगर निगम को निर्देश दिया कि दे० घाट, गजाधर घाट एव मंडिड से देव घाट जाने वाले सभी रास्तो के टूटे टाइल्स को तेजी से 15 दिनों में मरम्मत करवाये। निरीक्षण के दौरान देवघाट पर लगने वाले 40 झरनों के पानी फल्गु नदी एव रबर डैम में गंदा पानी प्रवाहित ना हो इसके लिए मनसरवा नाला में ही गंदे पानी प्रवाहित करें। इसके बादसूर्य कुंड का निरीक्षण करते हुए सूर्य कुंड के दीवारों पर किये जा रहे रंगाई पुताई को और अच्छे से करवाने का निर्देश दिए है। इसे ब्लीचिंग पाउडर अथवा मशीन के माध्यम से अच्छे से साफ करवाएं ताकि फिसलन की समस्या ना रहे है।

अशोक अतिथि भवन का निरीक्षण करते हुए साफ सफाई को और बेहतर एव रंगाई पोताई गुणवत्ता से करवाने का निर्देश दिए गया है।आगे कार्यपालक अभियंता जल संसाधन विभाग, गया अजय कुमार सिंह द्वारा बताया गया की मनसरवा वाला को ड्रेन बैरल के माध्यम बड़ डैम के डाउनस्ट्रीम में प्रवाहित किया जाना है। इससे रबर डैम द्वारा निर्मित रिजॉर्विर का जल स्वच्छ रह पाएगा। नदी तल के नीचे के प्रवाह का शीट पायल के माध्यम से अवरुद्ध किया गया है। सिट पाइल को नदी तल के नीचे रोक लेवल तक उपलब्ध किया गया है।ड्रेन बैरेल से ही घाट का निर्माण मोनोलोथीक रूप से कराया जा रहा है।

# शव के होंठ और नाक कुतर गए चूहे, महीनों से खराब हैं मुर्दा घर

गया, प्रात :किरण संवाददाता




अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल में शव भी सुरक्षित नहीं हैं। इसी तरह के मामले में एक बुजुर्ग के शव को कई स्थानों पर चूहे कुतर दिए। हाथ और नाक भी कुतर डाले। इतनी बड़ी लापरवाही सामने आने के बाद परिजनों ने विरोध जताया तो अस्पताल के कर्मचारी उसे दबाने में ही जुटे रहे। नवादा जिले के गोविंदपुर प्रखंड के बिशनपुर गांव के रहने वाले 80 वर्षीय रामजी प्रसाद को 21 जुलाई को गंभीर हालत में मगध मेडिकल कॉलेज में अस्पताल में इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया था।

इस बीच 24 जुलाई की रात को बुजुर्ग की मौत हो गई। रात में बुजुर्ग की मौत के बाद परिजनों ने शव को सुबह ले जाने की बात कही और शव को रखने का आग्रह किया। मेडिकल के कर्मचारियों ने इस आग्रह को माना, लेकिन रात में ही शव को रिसीव करने का कागज बना दिया।इसके बाद 80 वर्षीय बुजुर्ग के शव को मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल के इमरजेंसी के अंदर बनी सीढ़ियों पर ही रख दिया।रात में चूहों ने होंठ-नाक कुतरे, परिजन आक्रोशित : सुबह जब परिजनों ने शव को देखा तो चौंक गए। बुजुर्ग के शव को चूहों ने कुतर दिया। सुबह में परिजनों ने शव को ले जाने की तैयारी की। इस बीच उन्होंने देखा कि चूहों ने शव को होंठ-नाक समेत कई जगह से कुतर दिया है। यह देख परिजन आक्रोशित हो गए और विरोध जताने लगे। अस्पताल के कर्मचारियों को इसकी जानकारी हुई तो वे मामले को दबाने के लिए सक्रिय हो गए। तरह-तरह की बातें कहकर परिजनों को समझाने लगे। किसी तरह परिजनों को समझाकर अस्पताल से भेज दिया गया।अपने खर्च से शव ले गए परिजन : इस दौरान मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल के शव ढोने वाले वाहन से शव को श्मशान घाट तक ले जाना भी उचित नहीं समझा। इस स्थिति में परिजनों ने अपने ही खर्च पर प्राइवेट एंबुलेंस से शव को श्मशान घाट ले गए। बुजुर्ग के शव को कुतरे जाने से परिजन काफी रोष में थे। वे अस्पताल प्रशासन को लगातार कोसे जा रहे थे। इस संबंध में अस्पताल के कर्मचारियों का कहना है कि यहां मुर्दा घर खराब है। चार महीने से मोर्चरी खराब होने की वजह से बुजुर्ग के शव को सीढ़ियों पर रखना पड़ा, जिसकी वजह से चूहों ने शव को कुछ स्थानों पर कुतर दिया। वैसे इससे पहले भी एक लावारिस शव मोर्चरी में लगातार 10 दिन तक सड़ने का मामला भी सामने आ चुका है।

# प्रमोद कुमार पटेल बने जदयू के प्रदेश सचिव

गोपालगंज, प्रात : किरण संवाददाता

जदयू के प्रदेष अध्यक्ष उमेष सिंह कुषवाहा के द्वारा पार्टी के प्रदेष पदाधिकारियों की नयी सूची जारी की गयी है। जिसमें गोपालगंज के प्रमोद कुमार पटेल को प्रदेष सचिव के पद पर मनोनित किया गया है। प्रमोद पटेल को प्रदेष सचिव बनाए जाने पर कार्यकताओं में जष्न का माहौल है। पूरे दिन बधाई देने वालो का तांता लगा रहा।

इनके प्रदेष सचिव बनने पर जदयू सांसद डा0 आलोक कुमार सुमन, मंत्री सुनील कुमार, पूर्व मंत्री रामसेवक सिंह, कुचायकोट विधायक अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय, जिलाध्यक्ष आदित्य षंकर षाही, पूर्व जिलाध्यक्ष सदानंद सिंह, ललन मांझी, अभय पाण्डेय, बीडीसी राजकुमार प्रसाद, मांझा प्रखंड अध्यक्ष अमरेन्द्र कुमार बारी, पूर्व



मुखिया अषोक कुमार, भाजपा नेता राजू चैबे आदि ने हर्ष व्यक्त किया है। वही प्रदेष सचिव बनाए जाने पर प्रमोद कुमार पटेल ने बताया कि पार्टी ने जो जिम्मेवारी सौपी है। उसे ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करने का प्रयास किया जाएगा। पार्टी को मजबुत बनाने के लिए गांव-गांव जाकर मुख्यमंत्री नीतीष कुमार के द्वारा किए गए विकास व जनहित के कार्यो एवं पार्टी के नीति व सिद्धांतों को जनता के बीच पंहुचाने का काम किया जाएगा।

### यूरिया की कालाबाजारी पर रोक लगाए: किसान महासभा

**बेतिया।** केन्द्र की मोदी सरकार की किसान विरोधी नीतियों की वजह से किसानों को 500 से 800 रु. प्रति बोरा यूरिया खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। पहले से घाटे की खेती और महंगी हो जा रही है। जुलाई में 11780 मैट्रीक- टन भूटिया के बदले 3300 डज भूटिया ही प० चम्पारण को दिया है। वहीं वर्षों से एक ही जिले में जमें जिला कृषि पदाधिकारी यूरिया के बड़े स्टॉकिस्टों से मिल यूरिया की कालाबाजारी को बढ़ावा दिया है। इस वजह से यूरिया और महंगा हो रहा है। यूरिया की काला बाजारी पर लगाम के लिए जिला व प्रखण्ड कृषि पदाधिकारीयों को जबाबदेह नही ठहराया जायेगा तब तक इस पर रोक नही लगेगी। उक्त बाते अखिल भारतीय किसान महासभा के जिला अध्यक्ष सुनील कुमार राव ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि यूरिया के लिए हाहाकार मचा हुआ है। कम बारिस के बावजूद यूरिया का कालाबाजारी कृषि पदा., स्टॉकिस्टो व दुकानदारों के मेल का नतीजा है। इसपर रोक लगा किसानो को उचित मूल्य पर यूरिया उपलब्ध कराया जाय।

# अवैध बालू खनन का खेल जोरों पर, प्रशासन बनी मुकदर्शक

बगहा, प्रात :किरण संवाददाता

बगहा पुलिस जिला मे अवैध बालू खनन का खेल खनन माफियाओं द्वारा जोरो पर चल रहा है। बावजूद भी बगहा पुलिस हाथ पर हाथ रखे मौन बैठी हुई हैं। गौरतलब हो कि अवैध बालू खनन का मामला रोज दिन सामने आ रहा है। सरकार द्वारा बालू बन्द के नियमो का बालू माफियाओं द्वारा ताख पर रख नियम की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। फिर भी पुलिस की मिली भगत से बालू खनन कर माफियाओं द्वारा जोरो का धन्धा चल रहा है। प्रखंड बगहा एक के सिकटिया मछरगावा नदी से रात में बालू माफिया धडडले से खनन कर बालू को बेच मोटी कमाई कर पुलिस प्रशासन को चुनौती दिन दहाड़े दे रहे हैं। देखा जाए तो आयेदिन ट्रैक्टर ट्रॉली पर लदी बालू चोरी छिपके से बेधड़क



बालू माफिया आपना पाव पसार रहे हैं लेकिन पुलिस प्रशासन हाथ पर हाथ धरे बैठी हुई हैं आखिर क्यों इसका किसका है जबाबदेही कौन रोकेगा इन माफियाओं को इनका जेब कौन भरेगा क्या है इसके पीछे राज । अब देखना यह है कि क्या इन माफियाओं के पीछे पुलिस आपना जाल बिछाकर क्या करती हैं बालू माफियाओं की माने तो बालू की अवैध खनन मामले में एक ट्रैक्टर ट्राली का पास परमिट कराकर उसके आड़ में कई ट्राली बालू की खेप को अंजाम दिया जा रहा है जो एक सोचनीय बिषय है।

# सर्व शिक्षा अभियान कार्यकारिणी की बैठक में डीएम ने दिए कई निर्देश

गोपालगंज, प्रात :किरण संवाददाता

समाहरणालय के सभा कक्ष में जिला पदाधिकारी गोपालगंज डॉक्टर नवल किशोर चैधरी की अध्यक्षता में जिला कार्यकारिणी समिति, सर्व शिक्षा अभियान की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में बिहार शिक्षा परियोजना परिषद के वार्षिक बजट पर समीक्षा की गयी। इस दौरान डीएम ने विद्यालयों को असैनिक मद में प्राप्त आवंटन का स्थल जांच कराकर अगली बैठक में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

वही वित्तीय वर्ष 2022-23 के स्वीकृत बजट के अनुसार व्यय करने की स्वीकृति प्रदान की गयी। साथ ही साथ 2018-19 से 2021-22 तक किये गए व्यय का अनुमोदन अंकेक्षण प्रतिवेदन के आधार पर किया गया। इस दौरान बताया गया कि प्रारम्भिक विद्यालयों में 60 बालक शौचालय,



● शिक्षा परियोजना परिषद के वार्षिक बजट की हुयी समीक्षा

90 बालिका शौचालय, 02 विद्यालयों में विद्युतीकरण, 07 भवनहीन विद्यालयो का भवन निर्माण कराया जाना है।

साथ ही माध्यमिक विद्यालयों में 06 बालक शौचालय, 01 पुस्तकालय कक्ष, 24 अतिरिक्त वर्ग कक्ष, 07 बालिका शौचालय, 05 पुराने भवन की मरम्मती कार्य कराने की स्वीकृति दी गई। बैठक में डीएम द्वारा विद्यालयों के शौचालय की स्थिति को लेकर नाराजगी व्यक्ति की गयी। उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी को शौचालय की साफ सफाई एवं भौतिक स्थिति बेहतर करने हेतु निर्देष दिया।

बैठक में उप विकास आयुक्त अभिषेक रंजन, जिला शिक्षा पदाधिकारी राजकुमार शर्मा, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी अशोक पांडेय सहित कार्यकारिणी के सभी सदस्य मौजूद थे।

### सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन ऑफ इंडिया राष्ट्रीय स्तर पर शुरू करेगा आंदोलन

**आरा।** भारतीय रेलवे द्वारा वरीय नागरिकों को रेल यात्रा में मिलने वाले 40% की छूट को पिछले 2 वर्षों से बंद करने के विरोध में सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन ऑफ इंडिया राष्ट्रीय स्तर पर 20 राज्यों में चरणबद्ध आंदोलन शुरू करेगा। यह बातें एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरेंद्र प्रसाद सिंह ने वरीय नागरिकों को बताया की करोना काल से ही यात्रियों को यात्रा में मिलने वाली छूट समाप्त कर दिया गया है। वर्षों तक रेल यात्रा में छूट मिलने से वरीय नागरिकों को यात्रा में सुविधा प्राप्त होती थी, लेकिन कोरोना काल मे बंद करने से रेल यात्रियों में भारी आक्रोश है। पिछले संसद में कई संसद सदस्यों के द्वारा यह छूट की मांग उठाई गई। सिंह ने बताया की 31 जुलाई को आरा बमबम पैलेस में राष्ट्रीय कार्यसमिति की एवं भोजपुर जिला कार्यसमिति की संयुक्त बैठक बुलाई गई है। जिसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। आंदोलन की रूपरेखा उक्त बैठक में तय की जाएगी। उन्होंने बताया की शीघ्र वरीय नागरिकों के लिए चिकित्सा शिविर लगाई जाएगी। संगठन विस्तार तथा पत्रिका प्रकाशन का भी अंतिम रूप दिया जाएगा।

# लंगटनाथ धाम में महाशिवरात्रि के अवसर पर लगा श्रद्धालुओं का तांता

उदवंतनगर, प्रात :किरण संवाददाता

महाशिवरात्रि के मौके पर देवाधिदेव महादेव के जलाभिषेक के लिए शिव मंदिरों में भक्तों की भीड उमड़ पड़ी। इस दौरान हर हर महादेव के जयघोष से पूरा माहौल गूंज उठा। ऐतिहासिक बाबा लंगटनाथ धाम स्थित शिव मंदिर में दूर दूर से हजारों शिव भक्त जलाभिषेक के लिए पहुंचे। सुबह तीन बजे मंदिर का कपाट खुलते ही जयकारे से वातावरण गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने बाबा लंगटनाथ का जलाभिषेक किया। मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्यों ने बताया कि मंगलवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर अन्य दिनों की अपेक्षा अधिक भीड़ रही। दूसरी सोमवारी व प्रदोष के दिन भी हजारों की संख्या में शिवभक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया था। यहां आने वाले भक्तों की सुविधा को ध्यान में रखकर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से सभी आवश्यक इंतजाम किए गए थे। मंगलवार को महाशिवरात्री होने के कारण प्रदोष व सोमवारी को दूर दराज से आए कई



शिवभक्त मंदिर परिसर में ही ठहर गए व मंगलवार को अहले सुबह जलाभिषेक किया। बाबा लंगटनाथ के अलावा तमाम शिवालयों व देवालयों में भी लोगों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। खासकर महिलाओं ने महाशिवरात्रि का व्रत रखा। सोमवार को प्रदोष होने के कारण अधिकतर श्रद्धालुओं ने दोनों दिन व्रत रखा। महाशिवरात्रि के दिन शिव के जलाभिषेक के साथ ही व्रत रखने की परम्परा है। बाबा लंगटनाथ मंदिर में जलाभिषेक के लिए श्रद्धालु कतार में खड़े रहे। मंदिरों में साज सजावट देखी गई। इस मौके पर जगह जगह भजन संध्या, शिव आध्यात्मिक चर्चा सहित हरिनाम संकीर्तन भी आयोजित किए गए।

# जिला पदाधिकारी ने ऑडिटोरियम सम्राट अशोक भवन के कार्य का किया निरीक्षण

औरंगाबाद , प्रात :किरण संवाददाता

कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि ऑडोटोरियम भवन की चारदीवारी का कार्य पूर्ण हो चुका है। भवन के साथ के सार्वजनिक शौचालय भी बनाया गया है को जनता के लिए उपयोगी रहेगा एवं इसके अतिरिक्त कुछ छोटे कमरे भी बनाए गए है। भवन में प्लिंथ तक कार्य हो चुका है पीछे के खाली स्थान का प्रयोग पार्किंग के लिए किया जा सकेगा।

भवन दो मंजिला होगा जिसमे ग्राउंड फ्लोर पर ऑडिटोरियम रहेगा। ऊपर के फ्लोर पर अन्य कमरे एवं कार्यालय कक्ष रहेंगे। अभियंता द्वारा बताया गया कि यह ऑडिटोरियम 500 व्यक्तियों के लिए बनेगा जिसमे विभिन्न कार्यक्रम संपन्न किए जा सकेंगे। शहर के मध्य में होने के कारण इसका प्रयोग विभिन्न विद्यालय, आम नागरिक गण, संस्थाएं इत्यादि निर्धारित राशि का प्रयोग कर कर सकेंगे। टाउन हॉल के बाद शहर में यह दूसरा महत्वपूर्ण सेमिनार हॉल



● ऑडिटोरियम 500 व्यक्तियों के लिए बनेगा जिसमे विभिन्न कार्यक्रम संपन्न किए जा सकेंगे

होगा। कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि भवन के लिए राशि पिछले 6 वर्ष से आई हुई थी किंतु जगह उपलब्ध नही होने के कारण निर्माण कार्य प्रारंभ नही हो सका था। जिला स्तर से भूमि मिलते ही वर्तमान में कार्य तेजी से चल रहा है और अगले 2 माह में पूर्ण होने के संभावना है। जिला पदाधिकारी द्वारा इंडोर स्टेडियम की तर्ज भवन के बाहरी चारदीवारी के निकट के स्थल को भी साफ रखने, पेबर ब्लॉक लगाने और बाहरी दीवार पर पेंटिंग करने का निर्देश दिया। साथ ही भवन के सामने के अतिक्रमण को भी हटाने का निर्देश दिया। अभियंता द्वारा बताया गया कि भवन में 4 बड़े गेट होंगे। मुख्य द्वार नगर परिषद के दूसरी ओर से होगा। कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि कृषि कार्यालय के निकट होने के कारण इसका प्रयोग कृषि विभाग द्वारा किसानों के प्रशिक्षण के लिए भी किया जा सकेगा एवम् नागरिकों को निजी कार्यक्रम आयोजित करने के लिए भी अनुमति रहेगी। भविष्य में यह शहर के लिए एक महत्वपूर्ण स्थल रहेगा।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया महाविद्यालय का स्थापना दिवस

नरकटियागंज, प्रात :किरण संवाददाता

टी.पी.वर्मा. कॉलेज में मंगलवार को 51वाँ स्थापना दिवस धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसकी जानकारी प्राचार्य डॉ लक्ष्मीकांत राय ने दी। सर्वप्रथम दाता परिवार तारकेश्वर प्रसाद वर्मा एवं आलोक प्रसाद वर्मा उर्फ ओम बाबू के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। प्राचार्य की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि विधायक रश्मि वर्मा, पदमश्री विधायक भागीरथी देवी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। अतिथियों को बुके एवं अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। वहीं मंच का संचालन प्रो.अतुल कुमार एवं ई. चुन्नू तिवारी ने किया। कार्यक्रम के दौरान छात्र/छात्राओं द्वारा अलग अलग तरह के प्रोग्राम की प्रस्तुति दी गई जिसमें स्वागत गान में- रानी कुमारी, मैहजबी प्रवीण, अनु कुमारी, संध्या कुमारी, सुष्मिता कुमारी, गुनगुन वर्मा, तृप्ति वर्मा। गणेश वंदना में - दीपशिखा राय। सत्यम शिवम सुन्दरम - गुनगुन वर्मा। भाषण में- बी.एड सत्यम कुमार। शिव ताँडव में-ब्रजकिशोर प्रसाद नाग। बी. एड संकाय द्वारा शिक्षा पर नाटक में- अनु कुमारी, सत्यम कुमार, मैहजबी प्रवीण, ब्रजकिशोर प्रसाद नाग, रानी कुमारी, सुष्मिता कुमारी, संध्या कुमारी। भारतीय रेल पर जननायक एक्सप्रेस मे सफर पर हास्य नाटक पर अखिल स्नेह श्रीवास्तव द्वारा पेस किया गया जिसमे श्रोतागण झूम उठे एवं तालियो की गडगडाहट ने चार चांद लगा दिया। वहीं पिछले वर्ष के सभी संकायों का टॉपर (प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय को पुरस्कृत किया गया)। साथ ही सम्मानित कार्यक्रम के दौरान बी.एड-प्रदीप्ति वर्मा, घोष नबोनिता, नूतन कुमारी, एन.एस.एस- अभिनव कुमार, बेबी कुमारी प्रदीप्ति वर्मा, इंटर (विज्ञान)- अक्षरा कुमारी, अरबाज आलम शाहबाज अख्तर, इंटर (कला)- निर्जला कुमारी, आिदि सभी लोग उपस्थित रहे।

# नीतीश सरकार ने गरीब व वंचित समाज को मुख्यधारा में किया शामिल:आदित्य

गोपालगंज, प्रात : किरण संवाददाता

गोपालगंज जदयू जिलाध्यक्ष आदित्य शंकर शाही ने कहा कि गरीब और दबे कुचले वंचित समाज अगर मुख्यधारा में आ रहा है तो यह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की देन है। इसका जिता जागता उदहारण आदिवासी समाज से आने वाली द्रौपदी मुर्मू है।

जिनको राष्ट्रपति बनाकर एक इतिहास रचने का काम किया गया। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव की तैयारी अभी से शुरू कर दे। कार्यकर्ता और पदाधिकारी जनता के बीच जाकर



● विकास कार्यो को जन-जन तक पंहुचाए कार्यकर्ता

रात्रि प्रवास करें, चैपाल लगाएं और नीतीश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की चर्चा गांव-गांव में करें। जिलाध्यक्ष ने कार्यकताओं से कहा कि प्रत्येक दिन कम से कम 10 परिवारों से संपर्क कर सरकार द्वारा चलाई जा रही विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पिछले 18 वर्षो से लगातार हर क्षेत्र में समाज के सभी वर्गो के लिए काम कर रहे हैं।

अब विकास एवं जनकल्याण के इन कामों को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता है। अगर पार्टी की नीतियों और सरकार के विकास योजनाओं जन कल्याणकारी कामों को आम लोगों तक पहुंचाने में सफल हो जाते हैं तो लोकसभा चुनाव 2024 व विधानसभा चुनाव 2025 में इसका शत-प्रतिशत लाभ मिलेगा।

# दहेज परताड़ना के अभियुक्त सहित दो शराबी गिरफ्तार



मझौलिया, प्रात :किरण संवाददाता

मंगलवार के दिन समकालीन अभियान के तहत मझौलिया पुलिस ने थाना क्षेत्र के विभिन्न ठिकानों से एक दहेज प्रताड़ना के अभियुक्त सहित दो पियकड को गिरफ्तार कर भेजा न्यायिक हिरासत में भेजा । यह जानकारी थाना अध्यक्ष अशोक साह ने दी । उन्होंने बताया कि पूर्व के थाना कांड संख्या 59/22 दिनांक 21/1/22 धारा 498(ए) ,406,34 भा.द.वी. एवं 3/4दहेज अधिनियम के अभियुक्त प्रवेज अंसारी पिता सहिम अंसारी साकिन नवका टोला वार्ड नं.9 थाना रक्सौल जिला पूर्वी चंपारण वहीं थाना कांड संख्या 546/22 दिनांक 26/6/22 धारा 37 बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम 2022 के प्राथमिकी नामजाद अभियुक्त राहुल कुमार पिता बालकिशोर पटेल साकिन महोदीपुर ,सूरज कुमार पिता राजू साह साकिन सरिसवा पंचायत के बनकट मुसहरी टोला वार्ड नं.3 निवासी को मझौलिया पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इन तीनों अभियुक्त को मेडिकल जांच उपरांत बेतिया न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस पुलिसिया कार्रवाई है पूर्व के प्राथमिकी अभियुक्त हो या पियक्कड़ सभी में हड़कंप सा व्याप्त है।

# 29 को मनाई जाएगी पूर्व विधायक की पुण्यतिथि

आरा, प्रात :किरण संवाददाता

अखिल भारतीय स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी महासंघ एवं रामजी प्रसाद सिंह ग्रामीण विकास सामाजिक एवं आर्थिक शोध संस्थान के कार्यसमिति एवं आमंत्रित सदस्यों की एक बैठक गांधीनगर में संस्थान के अध्यक्ष प्रो. पारसनाथ सिंह के अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में आगामी 29 जुलाई 2022 को स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व विधायक स्वर्गीय रामजी प्रसाद सिंह के पुण्यतिथि के अवसर पर आरा क्लब आरा में दिन के 2:00 बजे से आयोजित श्रद्धांजलि सभा एवं उक्त अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार को सफलतापूर्वक आयोजित करने पर विचार विमर्श हुआ एवं समारोह को अंतिम रूप दिया गया। अखिल भारतीय स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी

● भारत का स्वतंत्रता संग्राम एवं स्वतंत्र भारत का निर्माण विषय पर होगा राष्ट्रीय सेमिनार

महासंघ के महासचिव डॉ शशि कुमार सिंह ने बताया कि विगत 22 वर्षों से स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व विधायक स्वर्गीय रामजी प्रसाद सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर 29 जुलाई आरा को राष्ट्रीय स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं। इस बार भी 29 जुलाई को दिन के 2:00 बजे से आरा क्लब, आरा में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है तथा उत्सव पर भारत का स्वतंत्रता संग्राम एवं स्वतंत्र भारत का निर्माण विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित किया गया है।

सेमिनार के अवसर पर संस शोध पत्रिका वैचारिकी का ₹भारत का स्वतंत्रता संग्राम एवं स्वतंत्र भारत का निर्माण₹ विशेषांक का प्रकाशन एवम लोकार्पण किया जाएगा। डॉ शशि कुमार सिंह ने बताया कि उपरोक्त विषय पर आयोजित सेमिनार में राष्ट्रीय स्तर के वक्ता एवं बुद्धिजीवी भाग लेंगे। बैठक को संबोधित करते हुए संस्थान के अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधानाचार्य प्रो. पारस नाथ सिंह ने कहा कि स्वर्गीय रामजी बाबू ने अपना सारा जीवन जरूरतमंदों की सेवा और गरीबों की भलाई में बिताई। स्वतंत्रता आंदोलन के प्रखर सेनानी रहने के साथ-साथ स्वतंत्र भारत में तीन तीन बार विधायक रहे इसके बाद भी वह सर्वसाधारण और सबके लिए सुलभ रूप से उपस्थित रहते थे। उनका जीवन सादगी भरा था और ऐसे व्यक्ति की पुण्यतिथि आयोजित कर शाहाबाद के नौजवानों वर्तमान पीढ़ियों तथा सभी को सकारात्मक संदेश देने में सेमिनार सफल होगा।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com
@Pratahkiran
epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran



## संक्षिप्त खबरें



### कोगोस ने पोर्टर के एफएमसीजी कारोबार का किया अधिग्रहण

मुंबई। लॉजिस्टिक्स स्टार्टअप कोगोस टेक्नोलॉजीज ने लॉजिस्टिक फर्म पोर्टर के एफएमसीजी कारोबार का अधिग्रहण किया है। पोर्टर शहरों के अंदर छोटे वाणिज्यिक वाहनों का परिचालन करने वाले असंगठित परिचालकों को संगठित करने वाला ऐप आधारित ऑनलाइन मंच है। पोर्टर ने इस अधिग्रहण सौदे के मूल्य का खुलासा नहीं करते हुए कहा, इस कदम का उद्देश्य कोगोस के कारोबार मॉडल के साथ पोर्टर के व्यापार कार्यक्षेत्र की निरंतरता को सुनिश्चित करना और मुख्य व्यवसाय समाधान पर ध्यान केंद्रित करना है। हालांकि इस अधिग्रहण सौदे में सर्विस टीम भी शामिल है जो दोनों कंपनियों के कारोबार मॉडल के आधार पर कुल कार्यबल का पांच प्रतिशत है। पोर्टर ने कहा कि उसने अपनी व्यावसायिक प्राथमिकताओं का फिर से मूल्यांकन किया है और कोगोस के हाथों एफएमसीजी कारोबार की बिक्री इसी प्रक्रिया के अनुरूप है।

### सोना 28 रुपये नरम, चांदी में 203 रुपये की गिरावट

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को सोना 28 रुपये की गिरावट के साथ 51,192 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 51,220 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 203 रुपये की गिरावट के साथ 55,297 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 55,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना सुस्ती के साथ 1,727 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। वहीं चांदी बिना किसी घट-बढ़ के 18.64 डॉलर प्रति औंस पर स्थिर रही। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक (जिंस) दिलीप परमार ने कहा, अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमतों में नरमी से दिल्ली में 24 कैरेट सोने के भाव में 28 रुपये प्रति 10 ग्राम की गिरावट रही।

### आशीष कुमार चौहान ने बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के प्रमुख पद से दिया इस्तीफा

नई दिल्ली। देश के सबसे बड़े बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी आशीष कुमार चौहान ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। चौहान को सभी दायित्वों से मुक्त कर दिया गया है। चौहान को अब नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के एमडी और सीईओ की नई जिम्मेदारी दी गई है। बीएसई ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा कि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के एमडी और सीईओ के तौर पर नई जिम्मेदारी संभालने जा रहे हैं। बीएसई ने कहा कि आशीष कुमार चौहान को एक दिन पहले ही बीएसई के सभी दायित्वों एवं भूमिकाओं से मुक्त कर दिया गया है। चौहान वर्ष 2012 से ही बीएसई के एमडी एवं सीईओ तौर पर कार्यरत थे। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के मुताबिक नए प्रबंध निदेशक एवं सीईओ की नियुक्ति होने तक स्टॉक एक्सचेंज की कार्यकारी प्रबंध समिति ही इसके कामकाज का संचालन देखेगी। इस समिति में मुख्य नियामकीय अधिकारी नीरज कुलश्रेष्ठ, मुख्य वित्तीय अधिकारी नयन मेहता, मुख्य सूचना अधिकारी करसी तवाडिया, मुख्य कारोबार अधिकारी समीर पाटिल और व्यापार परिचालन प्रमुख गिरीश जोशी शामिल हैं।

# भारत को स्वच्छ ऊर्जा निर्यातक बनाने में मदद करेगा 70 अरब डॉलर का निवेश: गौतम अडाणी

नई दिल्ली, एजेंसी



देश के सबसे अमीर उद्यमी गौतम अडाणी ने मंगलवार को कहा कि अडाणी समूह भारत में निवेश से न तो कभी पीछे हटा है और न ही कभी निवेश को धीमा किया है क्योंकि समूह अपनी वृद्धि को देश की आर्थिक प्रगति से जोड़कर देखता है। अडाणी ने अपने समूह की कंपनियों के शेयरधारकों की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि नए ऊर्जा कारोबार में 70 अरब डॉलर के निवेश की पहले की गई घोषणा से भारत को कच्चे तेल के आयातक की जगह हरित हाइड्रोजन का निर्यातक बनाने में मदद मिलेगी।

अडाणी समूह के मुखिया ने कहा, भविष्य में हमारे भरोसे एवं यकीन को दशार्ने वाला सबसे अच्छा सबूत भारत के हरित बदलाव को संभव बनाने के लिए किया जाने वाला 70 अरब डॉलर का हमारा निवेश है। समूह की नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी अडानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड वर्ष 2030 तक 45 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता हासिल करना चाहती है। इसके लिए वह हर साल दो गीगावाट सौर क्षमता विकसित करने के लिए 20 अरब डॉलर का निवेश कर रही है। बाकी राशि का इस्तेमाल हरित हाइड्रोजन के उत्पादन के लिए विनिर्माण सुविधाएं बनाने में किया जाएगा। अडाणी ने कहा, नवीकरणीय ऊर्जा में हमारी ताकत हमें हरित हाइड्रोजन को भविष्य का ईंधन बनाने में समर्थन देगी। हम भारत को तेल एवं गैस के आयात पर अत्यधिक निर्भर देश से स्वच्छ ऊर्जा के शुद्ध निर्यातक देश में बदलने की पहल में सबसे आगे हैं। उन्होंने कहा कि अदाणी समूह की सफलता भारत की विकास गाथा के साथ तालमेल पर आधारित है। अडाणी ने कहा, हमने कभी भी भारत में अपने निवेश को न तो धीमा किया है और न ही निवेश से अपने कदम पीछे खींचे हैं। अडानी ने कहा कि समूह भारत के बुनियादी ढांचे के निमार्ता के रूप में विकसित हो रहा है जो बड़े सड़क निर्माण अनुबंध हासिल कर रहा है और बंदरगाहों एवं लॉजिस्टिक से लेकर बिजली पारेषण एवं वितरण और शहरी गैस आपूर्ति तक के कारोबार का विस्तार कर रहा है। उन्होंने कहा, यह निकटता पर आधारित हमारे कारोबारी मॉडल का एक बेहतरीन उदाहरण है। इसके अलावा हमने डेटा सेंटर, डिजिटल सुपर ऐप और औद्योगिक क्लाउड से लेकर रक्षा और वैमानिकी, धातु और सामग्री तक के क्षेत्रों में भी मौजूदगी दर्ज कराई है। अडाणी ने कहा कि उनका समूह देश में हवाईअड्डों का सबसे बड़ा परिचालक बनकर उभरा है और होल्सिम के अधिग्रहण के साथ समूह ने अब सीमेंट कारोबार में भी अपने कदम रख दिए हैं। इसके अलावा अडाणी समूह 5जी स्पेक्ट्रम की नीलामी में भी बोली लगा रहा है। अडाणी समूह की शुरूआत वर्ष 1988 में जिंस कारोबार के साथ हुई थी। धीरे-धीरे यह समुद्री बंदरगाह, कोयला, ऊर्जा वितरण, हवाईअड्डा, डेटा केंद्र और सीमेंट और तांबे के उत्पादन में भी उतर चुका है। उन्होंने कहा, हमारा मानना है कि हमारे कारोबार का पैमाना, कारोबार की विविधता और हमारा पिछला प्रदर्शन हमें बाजार की विभिन्न स्थितियों में अच्छा प्रदर्शन जारी रखने के लिए बहुत मजबूत स्थिति में रखता है। उन्होंने कहा, हमारे विकास और सफलता को दुनिया भर में मान्यता मिली है। कई विदेशी सरकारें अब अपने भौगोलिक क्षेत्रों में काम करने और अपने बुनियादी ढांचे के निर्माण में मदद करने के लिए हमसे संपर्क कर रही हैं। हालांकि उन्होंने इसके बारे में विस्तार से नहीं बताया। अड़ाणी ने कहा, अपने सभी पोर्टफोलियो में परिचालन उत्कृष्टता पर ध्यान देने और अभिवृद्धि क्षमता में बढ़ोतरी ने एबिटा आय को 26 प्रतिशत बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई। हमारे पोर्टफोलियो की एबिटा आय 42,623 करोड़ रुपये रही।अडाणी समूह की छह सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण इस साल 200 अरब डॉलर से अधिक हो चुका है।

### अडाणी समूह भारत में निवेश से कभी पीछे नहीं हटा: अडाणी

**नई दिल्ली।** देश के सबसे अमीर उद्यमी गौतम अडाणी ने मंगलवार को कहा कि अडाणी समूह कभी भी भारत में निवेश से पीछे नहीं हटा है क्योंकि समूह की वृद्धि देश की आर्थिक प्रगति से जुड़ी हुई है। अडाणी ने समूह के शेयरधारकों की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि उनका समूह देश में एक नए ऊर्जा कारोबार पर 70 अरब डॉलर का निवेश कर रहा है। उन्होंने कहा कि इसकी मदद से भारत कच्चे तेल के आयातक की जगह हरित हाइड्रोजन का निर्यातक बन जाएगा। अडाणी ने कहा, हमने कभी भी भारत में अपने निवेश को न तो धीमा किया है और न ही निवेश से अपने कदम पीछे खींचे हैं। अडाणी के मुताबिक, समूह की सोच है कि उसकी सफलता भारत की वृद्धि के साथ जुड़ी हुई है। अडाणी ने कहा कि उनका समूह देश में हवाईअड्डों का सबसे बड़ा परिचालक बनकर उभरा है और होल्सिम के अधिग्रहण के साथ समूह ने अब सीमेंट कारोबार में भी अपने कदम रख दिए हैं।

# अबतक 3 करोड़ से ज्यादा आईटीआर दाखिल

नई दिल्ली, एजेंसी

- आईटीआर भरने के लिए सिर्फ 5 दिन बाकी, चूके तो नुकसान के साथ लगेगा जुमार्ना

आयकर रिटर्न दाखिल करने की आखिरी तारीख 31 जुलाई है। अब तक करीब आधे करदाताओं ने आईटीआर फाइल नहीं किया है। सरकार ने साफ कर दिया है कि पिछले दो साल की तरह इस बार आईटीआर भरने की डेडलाइन नहीं बढ़ने वाली है। आयकर विभाग करदाताओं से बार-बार ट्वीट कर इसको समय पर पूरा करने की अपील कर रही है।

आयकर विभाग ने जारी एक बयान में कहा कि आकलन वर्ष 2022-23 और वित्त वर्ष 2021-22 के लिए ई-फाइलिंग पोर्टल के जरिए 3 करोड़ से ज्यादा रिटर्न दाखिल किए जा चुके हैं। विभाग ने अपने ट्वीट में कहा कि ह्यआकलन वर्ष 2022-23 के लिए 25 जुलाई, 2022 तक 3 करोड़ से अधिक आयकर रिटर्न दाखिल किए गए हैं। ऐसे में विभाग ने लोगों से कहा है कि यदि उन्होंने अभी तक अपना आईटीआर फाइल नहीं किया है, तो वे इसे जल्द से जल्द दाखिल करें।

विभाग के मुताबिक पिछले वित्त वर्ष 2020-21 में विस्तारित तारीख 31 दिसंबर, 2021 तक कुल 5.89 करोड़ आईटीआर दाखिल किए गए थे। हालांकि, मौजूदा आकलन वर्ष 2022-23 और वित्त वर्ष 2021-22 के लिए 25 जुलाई तक 3 करोड़ से ज्यादा आयकर रिटर्न (आईटीआर) भरे गए हैं। ऐसे में आयकर विभाग ने करदाताओं से अपील की है कि यदि अभी तक रिटर्न दाखिल नहीं किया है तो इनकम टैक्स डॉट जीओवी डॉट ईन पर जाकर अपना आईटीआर अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना दाखिल करें। उल्लेखनीय है कि आयकर रिटर्न की अंतिम तारीख 31 जुलाई, 2022 उन व्यक्तिगत करदाताओं (इंडिविजुअल टैक्सपेयर्स) के लिए है, जिन्हें अपने खातों का ऑडिट कराने की जरूरत नहीं है। अगर आप तय समय-सीमा तक आईटीआर नहीं दाखिल करते हैं, तो आपको जुमार्ना भरना पड़ सकता है। इसके अलावा आपको कई तरह की दिक्कतें भी आ सकती हैं।

# 5जी स्पेक्ट्रम की नीलामी शुरू, देश की दो दिग्गज कंपनियां आमने-सामने

नई दिल्ली, एजेंसी

देश के लोगों को 5जी सर्विस उपलब्ध कराने की दिशा में काम तेजी से चल रहा है। 5जी स्पेक्ट्रम की ऑनलाइन नीलामी प्रक्रिया की शुरूआत मंगलवार से हो गई है। इस नीलामी प्रक्रिया में रिलायंस जियो, भारती एयरटेल, वोडाफोन आइडिया और अडाणी समेत समेत चार प्रमुख कंपनियां भाग ले रही हैं। ऑनलाइन प्रक्रिया में 4.3 लाख करोड़ रुपये मूल्य के 72 गीगाहट्र्ज 5जी स्पेक्ट्रम की नीलामी के लिए बोली लगेगी। यह प्रक्रिया सुबह 10 बजे से शुरू हुई है, जो शाम छह बजे तक जारी रहेगी। 5जी स्पेक्ट्रम नीलामी की प्रक्रिया का आगे भी जारी रहना आने वाली बोलियों और बोलीकताओं की रणनीति पर निर्भर करेगा। 5जी स्पेक्ट्रम की नीलामी के लिए निजी क्षेत्र की दिग्गज टेलीकॉम कंपनी रिलायंस जियो ने 14 हजार करोड़ रुपये की राशि दूरसंचार विभाग के पास जमा कराई है, जबकि अडाणी एंटरप्राइजेज



ने 100 करोड़ रुपये की राशि जमा की है। दूरसंचार विभाग को 5जी स्पेक्ट्रम की नीलामी से 70 हजार करोड़ रुपये से लेकर एक लाख करोड़ रुपये तक का राजस्व मिलने की उम्मीद है। दरअसल, देश में 5जी मोबाइल सर्विस की शुरूआत होने से अत्यधिक तीव्र गति वाली इंटरनेट सेवाएं देने का रास्ता साफ हो पाएगा। मौजूदा 4जी सेवाओं की तुलना में 5जी की सेवा करीब 10 गुना तेज होगी। 5जी सेवा की कमर्शियल लांचिंग के बाद इंटरनेट इस्तेमाल करने का अनुभव बहुत हद तक बदल जाएगा। इसके साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में भी 5जी सेवाओं की शुरूआत से एक नई क्रांति आने की उम्मीद है।

# भारत छोड़कर नहीं जा रहे, ब्रांड मजबूत करेंगे : फ्रैंकलिन टेंपलटन

मुंबई, एजेंसी

परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनी फ्रैंकलिन टेंपलटन ने भारत छोड़ने की खबरों को खारिज करते हुए मंगलवार को कहा कि वह मुश्किलों से घिरे अपने ब्रांड को नए सिरे से खड़ा करेगी। कंपनी की भारतीय इकाई के अध्यक्ष अविनाश सतवालेकर ने यहां संवाददाताओं से कहा, मैं यह साफतौर पर कह सकता हूं कि हम भारत छोड़कर नहीं जा रहे हैं। भारत से जाना मूर्खतापूर्ण कदम होगा। हालांकि, सतवालेकर ने यह स्वीकार किया कि कई दूसरी विदेशी कंपनियों के भारतीय बाजार से निकलने के बाद फ्रैंकलिन टेंपलटन के भी भारत से निकलने की अटकलें लगाई जा रही हैं। लेकिन उन्होंने यह साफ किया कि कंपनी की ऐसी कोई योजना नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत में 26 साल से मौजूद कंपनी के पास 20 लाख निवेशकों की 56,000 करोड़ रुपये की प्रबंधन-अधीन परिसंपत्तियां हैं और इसका परिचालन बेहद मुनाफे में चल रहा है। बाजार नियामक सेबी ने कंपनी पर पांच करोड़ रुपये का जुमार्ना लगाया था। कंपनी ने अप्रैल, 2020 में अपनी छह योजनाओं को बंद कर दिया था। इन योजनाओं में तीन लाख निवेशकों के 25,000 करोड़ रुपये जमा थे। इस आदेश के खिलाफ कंपनी ने प्रतिभूति अपीलीय अधिकरण (सैट) में अपील की हुई है। सतवालेकर ने कहा कि वह कंपनी के ब्रांड को नए सिरे से खड़ा करेंगे। इसके लिए सभी संबद्ध पक्षों से संपर्क साधा जाएगा। उन्होंने कहा कि कंपनी अगले छह-12 महीनों में नियमित रूप से उत्पाद पेश करेगी।

### फ्लिपकार्ट ने पॉकेट एफएम के साथ साझेदारी की

**मुंबई।** ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट ने ऑनलाइन ऑडियो मंच पॉकेट एफएम के साथ साझेदारी कर ऑडियोबुक श्रेणी में कदम रखा है। मंगलवार को कंपनी की तरफ से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया कि इस साझेदारी के तहत फ्लिपकार्ट अपने 40 करोड़ से अधिक ग्राहकों को पॉकेट एफएम के जरिये विशिष्ट एवं अधिकृत ऑडियोबुक मुहैया कराएगी। एक अनुमान के मुताबिक, भारत में लगभग 2.5 करोड़ लोग ऑडियोबुक्स सुनते हैं। फ्लिपकार्ट में दैनिक उपभोग के सामान (एफएमसीजी), घरेलू एवं सामान्य व्यापार की कारोबार प्रमुख कंचन मिश्रा ने कहा कि महामारी के दौरान ऑडियोबुक को प्रमुखता मिली है। इस साझेदारी से लेखकों को ऑडियोबुक की सहायता से अपने मंच पर अपने काम का प्रचार-प्रसार करने में मदद मिलेगी। पॉकेट एफएम ने आधिकारिक तौर पर मार्च 2022 में अपना ऑडियोबुक मंच शुरू किया था। विज्ञप्ति के मुताबिक, पॉकेट एफएम हर महीने 1.20 लाख से अधिक ऑडियोबुक बेचती है।

# पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बावजूद देश में मंगलवार को तेल विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया। देश में करीब दो माह से ईंधन की कीमतों में कोई परिवर्तन नहीं होने से आम-आदमी के लिए यह राहत बनी हुयी है। सार्वजनिक क्षेत्र की देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसीएल) के अनुसार, दिल्ली में आज पेट्रोल के दाम 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर बिक रहा है। मुंबई में पेट्रोल और डीजल के दाम क्रमशः 106.31 रुपये प्रति लीटर और 94.27 रुपये प्रति लीटर पर हैं।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में लंदन ब्रेंट क्रूड आज 1.26 प्रतिशत चढ़कर 106.47 डॉलर प्रति बैरल और अमेरिकी क्रूड 1.19 प्रतिशत की बढ़त के साथ 97.85 डॉलर प्रति



बैरल पर कारोबार कर रहा। देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें मूल्य वर्धित कर (वैट) और माल ढुलाई शुल्क के आधार पर सभी राज्यों में अलग-अलग हैं। पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की प्रतिदिन समीक्षा की जाती है। देश के चार बड़े महानगरों में आज पेट्रोल और डीजल के दाम इस प्रकार रहेः-

| महानगर | पेट्रोल | डीजल |
|---|---|---|
| | (रुपए प्रति लीटर) | |
| दिल्ली | 96.72 | 89.62 |
| मुंबई | 106.31 | 94.27 |
| कोलकाता | 106.03 | 92.76 |
| चेन्नई | 102.63 | 94.24 |

# सार्वजनिक इकाइयों की उधारी को राज्य सरकार में न जोड़ा जाए: केरल

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

केरल के वित्त मंत्री के एन बालगोपाल ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से यह अनुरोध किया है कि राज्यों की शुद्ध उधारी क्षमता तय करते समय उनके सार्वजनिक खाते में मौजूद राशि और उनकी इकाइयों द्वारा ली गई उधारियों को शामिल न किया जाए।

बालगोपाल ने सीतारमण को लिखे एक पत्र में कहा है कि केरल के समक्ष मौजूद गहरे वित्तीय संकट को देखते हुए उधारी सीमा तय करने के दौरान अगस्त 2017 से पहले की तरह ही सार्वजनिक खाते की राशि और इकाइयों द्वारा ली गई उधारियों को शामिल नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा है कि राज्य के वैधानिक निकायों एवं स्वामित्व वाली कंपनियों पर मौजूद देनदारियां राज्य के कर्ज की परिभाषा के दायरे में नहीं आती



हैं। ऐसी स्थिति में इन इकाइयों पर मौजूद ऋण बोझ को राज्य सरकार की देनदारी के साथ जोड़ना संविधान के प्रावधानों के विपरीत है।

उन्होंने गत 22 जुलाई को लिए इस पत्र में कहा है कि ऐसा करने से राज्यों की उधार लेने की शक्तियां खतरे में पड़ जाएंगी और उनकी विकास योजनाएं भी प्रभावित होंगी। हालांकि सीतारमण ने 25 जुलाई को लोकसभा में एक लिखित जवाब में कहा है कि राज्यों की सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों एवं विशेष उद्देश्य से गठित कंपनियों द्वारा ली गई उधारी को भी उस राज्य सरकार की उधारी के रूप में ही माना जाएगा।

# क्रिप्टो करेंसी मार्केट में गिरावट का रुख, ईथर में 7 प्रतिशत की गिरावट

## एक सप्ताह के निचले स्तर पर पहुंचा बिटकॉइन

नई दिल्ली, एजेंसी

क्रिप्टो करेंसी मार्केट में मंगलवार को एक बार फिर गिरावट का रुख नजर आ रहा है। दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन की कीमत इस गिरावट की वजह से पिछले 1 सप्ताह के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई है। दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी और इथेरियम ब्लॉकचेन से जुड़ी ईथर की कीमत में भी पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान करीब 7 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है।

भारत में काम कर रहे क्रिप्टो करेंसी एक्सचेंज वजीर-एक्स के मुताबिक बिटकॉइन आज 21 हजार से लेकर 22 हजार डॉलर के दायरे में कारोबार कर रहा है। भारतीय समय के मुताबिक ग्लोबल मार्केट में सुबह 5 बजे बिटकॉइन पिछले 24 घंटे के सर्वोच्च स्तर 21,980 डॉलर के स्तर पर कारोबार कर रहा था। भारतीय समय के मुताबिक दोपहर 12 बजे ये क्रिप्टो करेंसी सोमवार को खत्म हुए कारोबारी 24 घंटे की तुलना में करीब 4 प्रतिशत गिरकर 21,069 डॉलर के स्तर पर आ गई थी।

इसी तरह इथेरियम ब्लॉकचेन से जुड़ी दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी ईथर पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान 7 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,418 डॉलर के स्तर पर कारोबार कर



रही है। नवंबर 2021 के बाद से ईथर की कीमत में जबरदस्त गिरावट दर्ज की गई है। नवंबर 2011 में ईथर 4,878 डॉलर के सर्वोच्च स्तर पर कारोबार कर रहा था। उसके बाद के अगले 8 महीने के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी मार्केट में आई गिरावट के कारण ईथर की कीमत में भी जोरदार कमजोरी आ गई है। बिटकॉइन और ईथर के साथ ही दूसरी ज्यादातर क्रिप्टो करेंसी की कीमत में भी पिछले 24 घंटे के दौरान गिरावट का रुख बना रहा है। शीबा इनु में आज 6.5 प्रतिशत की कमजोरी नजर आ रही है। इसके अलावा छोटी क्रिप्टोकरेंसीज में से डोगेकॉइन, एक्सआरपी, यूनीस्वैप, स्टेलर, लाइटकॉइन, पॉलीगॉन, ट्रॉन, चेनलिंक, टीथर और बीएनबी में भी पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान 2 से 10 प्रतिशत तक की कमजोरी दर्ज की गई है। दूसरी ओर एपेकॉइन, पोल्काडॉट और सोलाना में पिछले 24 घंटे के कारोबार में 2 से 4.5 प्रतिशत तक की तेजी बनी हुई है।

क्रिप्टो करेंसी बाजार में पिछले 24 घंटों के दौरान वैश्विक स्तर पर आई गिरावट के बावजूद ग्लोबल क्रिप्टो करेंसी मार्केट का मार्केट कैप अभी भी 1 ट्रिलियन डॉलर के ऊपर बना हुआ है। वजीर-एक्स के आंकड़ों के मुताबिक भारतीय समय के मुताबिक दोपहर 12 बजे ग्लोबल क्रिप्टो करेंसी मार्केट का टोटल मार्केट कैपिटलाइजेशन 1.01 ट्रिलियन डॉलर था। मार्केट एक्सपर्ट मयंक मोहन का मानना है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों में बढ़ोतरी करने का संकेत दिए जाने की वजह से वैश्विक स्तर पर क्रिप्टो करेंसी बाजार में दबाव की स्थिति बन गई है। ज्यादातर निवेशक ब्याज दर बढ़ने की स्थिति में क्रिप्टो करेंसी मार्केट से अपना निवेश निकाल सकते हैं। इस आशंका की वजह से ही ज्यादातर क्रिप्टो करेंसीज में पिछले कुछ दिनों से ज्यादातर समय गिरावट का रुख बना हुआ नजर आ रहा है।

# गोदरेज एंड बॉयस ने 5 वर्षों के दौरान मैनग्रोव संरक्षण में निवेश को बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई

मुंबई, एजेंसी

- डिब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया के सहयोग से मैजिकल मैनग्रोव मुहिम के जरिये भारत के तटीय राज्यों में 18000 लोगों को मैनग्रोव के महत्व के बारे में बताया गया है

प्रत्येक वर्ष 26 जुलाई को मनाए जाने वाले मैनग्रोव ईकोसिस्टम के संरक्षण के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस अवसर पर, गोदरेज ग्रुप की प्रमुख कंपनी गोदरेज एंड बॉयस ने मैनग्रोव के संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत किया है। कंपनी विक्रोली मैनग्रोव का संरक्षण कर रही है, जो देश के सबसे बड़े निजी स्वामित्व वाले मैनग्रोव वन हैं। ये मैनग्रोव भारत के प्रथम आईएसओ 14001 प्रमाणित वन हैं। मुद्दों पर अधिक ध्यान देने के लिए, गोदरेज एंड बॉयस ने कंपनी में एक डेडिकेटेड वेटलैंड्स मैनेजमेंट सर्विसेज का गठन किया है, जिसने समुदायों, विशेष रूप से तटीय राज्यों में रहने वाले लोगों के सहयोग से देश भर में कई संरक्षण और नवीकरण संबंधी नए कदम उठाए हैं। गोदरेज एंड बॉयस ने जो स्ट्रेटजी अपनाई है वो मैनग्रोव ईकोसिस्टम के संरक्षण के लिए अनुसंधान, जागरूकता और सहयोग पर आधारित है। कंपनी ने संयुक्त रूप से भारत के 9 तटीय राज्यों में मैनग्रोव के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया के साथ, मैजिकल मैंग्रोव्स नामक एक मुहिम चलाई है। मुहिम ने मुहिम वालंटीयर के रूप में 150 से अधिक युवकों को प्रशिक्षित किया है। इन वालंटीयर, या मैनग्रोव एंबेसडर, उन्हें इस नाम से भी पुकारा जाता है, ने वर्चुअल सेशन में 18,000 से अधिक भारतीयों को जागरूक किया है। गोदरेज एंड बॉयस की तेजश्री जोशी, हेड, इन्वयारमेंटल सस्टेनिबिलिटी, ने मैनग्रोव संरक्षण के सामूहिक प्रयासों पर कहा, तटीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए क्लाइमेट चेंज और एक्सट्रीम वैदर गंभीर चिंता का विषय है। भारत के कुछ प्रमुख महानगर तटों पर स्थित हैं और हमने इन नगरों को विनाशकारी घटनाओं से जूझते हुए देखा है। समुद्र तट के रक्षक और ब्लू कार्बन सिस्टम के रूप में मैनग्रोव का महत्व पहले से विदित है। वर्तमान क्लाइमेट संकट एक ऐसा ईकोसिस्टम बनाने पर बल देता है जो मैनग्रोव को संरक्षित करने के सामान्य लक्ष्य के साथ विभिन्न हितधारकों के प्रभाव का लाभ उठाने में समर्थ बन सकें। इसलिए यह जरूरी है कि हम न केवल मैनग्रोव के बारे में अधिक जानें, बल्कि उनके संरक्षण में कंपनियों और नागरिकों की भागीदारी को भी बढ़ाया जाए। मैनग्रोव के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले के रूप में अनुसंधान के योगदान को मानते हुए, कंपनी ने विक्रोली मैनग्रोव की विविध वनस्पतियों और जीवजंतुओं को प्रलेखित और निगरानी के लिए कई अध्ययन शुरू किए हैं। वर्तमान अनुसंधान के प्रमुख भाग के रूप में विक्रोली मैनग्रोव में 82 मकड़ी प्रजातियों का प्रलेखन किया गया था, जिनमें से अब तक 37 की पहचान की जा चुकी है।

# रुपया शुरूआती कारोबार में डॉलर के मुकाबले संकीर्ण दायरे में नजर आया

मुंबई, एजेंसी

कच्चे तेल की कीमतों में मजबूती आने और अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के सख्त रुख जारी रखने की आशंकाओं के बीच मंगलवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले शुरूआती घंटे में एक संकीर्ण दायरे में कारोबार करता दिखा। अंतर-बैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 79.73 के भाव पर खुला और एक संकीर्ण दायरे में कारोबार करता हुए दिखा। शुरूआती सौदों में रुपये ने डॉलर के मुकाबले 79.79 का निचला स्तर भी छुआ। सोमवार को रुपया 12 पैसे की मजबूती के साथ 79.78 रुपये प्रति डॉलर के भाव पर बंद हुआ था। मुद्रा कारोबारियों के मुताबिक, मंगलवार को कारोबार की शुरूआत रुपये ने मजबूती के साथ की। लेकिन घरेलू शेयर बाजारों में सुस्ती और विदेशी पूंजी की निकासी जारी रहने का असर रुपये पर पड़ा और वह थोड़ा कमजोर होने लगा। रिलायंस सिक्योरिटीज के वरिष्ठ शोध



विश्लेषक श्रीराम अय्यर ने कहा कि निवेशक अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक का इंतजार कर रहे हैं लिहाजा वे अभी एहतियात बरत रहे हैं। लेकिन कच्चे तेल के दाम बढ़ने और वैश्विक वृद्धि को लेकर आशंका गहराने से डॉलर की स्थिति प्रभावित हो सकती है। दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को परखने वाला डॉलर सूचकांक 0.10 प्रतिशत गिरकर 106.37 पर आ गया। वहीं अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 1.31 प्रतिशत की मजबूती के साथ 106.61 डॉलर प्रति बैरल हो गया। शेयर बाजारों से मिले आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने सोमवार को 844.78 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की बिकवाली की।

# पीवीआर ने सिनेमा एडवरटाईज़िंग में अपना लेटेस्ट इनोवेशन प्रस्तुत किया

गुरुग्राम, एजेंसी

भारत की सबसे बड़ी सिनेमा प्रदर्शनी और देश की सबसे बड़ी इन-सिनेमा एडवरटाईज़िंग कंपनी, पीवीआर सिनेमाज ने आज महामारी के बाद अपना कमबैक करने के बाद इन-सिनेमा एडवरटाईज़िंग स्पेस में लेटेस्ट इनोवेशन की घोषणा की। कंपनी ने भारत में पहली बार 270-डिग्री ऑन-स्क्रीन एक्सपीरियंशल इन-सिनेमा एडवरटाईज़िंग प्रस्तुत की, ताकि ब्रांड्स के प्रति लोगों की उत्सुकता बढ़ाई जा सके। मारुति सुजुकी सिनेमा में ऑल-न्यू 2022 मारुति सुजुकी ब्रेज्जा का लॉन्च करने के लिए इस प्लेटफॉर्म का उपयोग करने वाला पहला एडवरटाईजर बन गया है। इस उत्पाद के एक्सपीरियंशल व्यू का प्रदर्शन दिल्ली, गुरुग्राम, मुंबई और बैंगलोर में चुनिंदा पीवीआर सिनेमाज में एक हफ्ते के लिए किया जा रहा है।

एक ओओएच मीडिया कंपनी, एक्सपीरिया ग्रुप के साथ गठबंधन में पीवीआर साईड वॉल्स पर हाईब्रिड टेक्नॉलॉजिकल इंटीग्रेशन के साथ 3डी प्रोजेक्शन मैपिंग का इस्तेमाल करता है। प्रोजेक्शन मैपिंग से सामान्य कमर्शियल अत्यधिक आकर्षक कमर्शियल बन जाते हैं और कंटेंट को जीवंत बना देते हैं। इस घोषणा के बारे में श्री गौतम दत्ता, सीईओ, पीवीआर लिमिटेड ने कहा, हम देश के सर्वश्रेष्ठ कार निमार्ताओं में से एक के साथ गठबंधन करने के लिए उत्साहित हैं और उनके नए लॉन्च किए गए उत्पाद का प्रदर्शन थिएटर्स के अंदर आगंतुकों के लिए कर रहे हैं। इनोवेशन पीवीआर के मूल में है और हम अपने ग्राहकों एवं एडवरटाईजर्स को कुछ ऐसा प्रस्तुत करने के लिए आशान्वित हैं, जो उनकी उम्मीदों से परे हो, और हमें इन-सिनेमा एडवरटाईज़िंग के क्षेत्र में प्रवेश करने की खुशी है। हमें विश्वास है कि एडवरटाईज़िंग की यह इनोवेटिव विधि, जो उत्पादों के लॉन्च के लिए उत्तम है, ब्रांड्स को थिएटर जाने वालों के मस्तिष्क में एक स्थायी प्रभाव छोड़ने में मदद करेगी। पीवीआर इन-सिनेमा एडवरटाईज़िंग के लिए अन्य ब्रांड्स एवं एडवरटाईजर्स के साथ सहयोग करने के लिए आशान्वित है। महामारी के बाद पीवीआर एडवरटाईज़िंग और फिल्म प्रमोशन की शिथिलता एवं जड़त्व को समाप्त करने में अद्वितीय रहा। इस प्रक्रिया में मूवीज और ब्रांड्स के साथ शक्तिशाली साझेदारियां की गईं। दोबारा खुलने के बाद पीवीआर ने अपने कस्टमर केयर प्रोग्राम (पीवीआर केयर्स) के लिए अपने हाईजीन पार्टनर के रूप में अग्रणी पर्सनल केयर ब्रांड डेटॉल के साथ गठबंधन किया। दुनिया में सिनेमा के इतिहास में पहली बार पीवीआर और एसएस राजामौली एक साथ आए और पीवीआर ने अपने ब्रांड की पहचान व लोगो की पीवीआरआरआर के रूप में पुर्नकल्पना की तथा मूवी के पीवीआर आर आर एनएफटी आईकोनिक डिजिटल कलेक्टिबल्स लॉन्च किए। किफायती खरीद से लेकर उत्तम अनुभवों पर खर्च करने की ओर ग्राहकों के रूझान से कोटक पीवीआर मूवी डेबिट कार्ड लॉन्च करने की प्रेरणा मिली, जो भारत का पहला को-ब्रांडेड मूवी डेबिट कार्ड है।

## संक्षिप्त खबरें

### कोहली दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक : रॉबिन उथप्पा

मुंबई। भारत के क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा ने मंगलवार को कहा है कि टी20 और टेस्ट क्रिकेट में जहां लोगों की दिलचस्पी बढ़ी है, तो वहीं वनडे क्रिकेट से प्रशंसकों ने दूरी बनाई है। उथप्पा ने क्रिकचैट पावर्ड बाय परिमैच पर कहा, हालांकि टी20 और टेस्ट क्रिकेट जारी रह सकता है, लेकिन वनडे मैचों का होना थोड़ा मुश्किल लग रहा है। 2007 आईसीसी टी20 विश्व कप के दौरान भारत की जीत में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले उथप्पा ने भी वनडे मैचों में उद्घाटन और समापन सत्र के महत्व पर चर्चा की और मौजूदा वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज में संजू सैमसन की विकेटकीपिंग क्षमताओं की सराहना की। भारत ने मेजबान टीम के खिलाफ सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। हाल ही में इस मुद्दे पर बहस हुई थी कि क्या विराट कोहली को खेल से ब्रेक लेना चाहिए क्योंकि वह खराब फॉर्म से गुजर रहे हैं, तो उथप्पा ने कहा, हमारे पास उनकी स्थिति या खेल जीतने की उनकी क्षमता पर सवाल उठाने का न तो अधिकार है और न ही कोई आधार है। उन्होंने आगे कहा, वह (कोहली) मैच विजेता हैं और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक हैं। अनुभवी क्रिकेटर ने यह भी कहा कि भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह एक महान टेस्ट कप्तान होंगे।

### लवलीना की कोच संध्या गुरुंग को एक्रीडिटेशन मिला

बर्मिंघम। स्टार मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन की निजी कोच संध्या गुरुंग को मंगलवार को राष्ट्रमंडल खेलों के लिए एक्रीडिटेशन (मान्यता) मिल गया। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना ने दावा किया था कि उनके कोच के लगातार उत्पीड़न के कारण राष्ट्रमंडल खेलों के लिए उनकी तैयारियां प्रभावित हो रही हैं। संध्या भारतीय टीम की सहायक कोच भी हैं। उन्हें प्रतियोगिता से कुछ ही दिन पहले भारतीय दल में शामिल किया गया। रविवार को यहां पहुंचने पर उन्हें खेल गांव में प्रवेश की स्वीकृति नहीं मिली क्योंकि उनके पास एक्रीडिटेशन नहीं था जिससे विवाद पैदा हो गया। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के अधिकारी ने पीटीआई को बताया, संध्या को आज सुबह मुक्केबाजी खेल गांव लाया गया और एक्रीडिटेशन दिया गया। वह अब टीम के साथ हैं। संध्या को खेल गांव में कमरा भी दिया गया है। लवलीना ने सोमवार को सोशल मीडिया पर लंबी पोस्ट डालकर कहा था कि उन्हें लग रहा है कि उनका मानसिक उत्पीड़न हो रहा है क्योंकि उन्हें अपनी कोच को टीम में शामिल कराने के लिए जूझना पड़ रहा है।

### काउंटी में सैनी का शानदार प्रदर्शन जारी

नई दिल्ली। टीम इंडिया के युवा तेज गेंदबाज नवदीप सैनी ने अपनी शानदार फॉर्म को दूसरे मैच में भी जारी रखा है। कैंट की ओर से खेल रहे इस तेज गेंदबाज ने लंकाशर के खिलाफ बारिश से प्रभावित मैच में पहले दिन का खेल खत्म होने तक 3 विकेट अपने नाम किए। बारिश के कारण पहले दिन केवल 34.2 ओवर का खेल ही हो पाया। सैनी ने 11 ओवर फेंके और 45 रन देकर 3 विकेट लिए। लंकाशर ने दिन का खेल समाप्त होने तक 4 विकेट पर 112 रन बनाए थे। पहले दिन का खेल समाप्ति की घोषणा तक भारतीय ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर (6) जबकि कप्तान स्टीवन क्राफ्ट (21) रन बनाकर खेल रहे थे।

# वेस्टइंडीज के खिलाफ इतिहास रचने उतरेगी टीम इंडिया

**पोर्ट ऑफ स्पेन, एजेंसी**



**विश्व रिकॉर्ड**

- भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे प्रारूप में लगातार 12वीं श्रृंखला जीतकर नया विश्व रिकॉर्ड बनाया था

श्रृंखला पहले ही अपने नाम कर चुकी भारतीय टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ आज यहां होने वाले तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में किसी तरह की ढिलाई नहीं बरत कर क्लीन स्वीप करने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगी। भारत ने रविवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे प्रारूप में लगातार 12वीं श्रृंखला जीतकर नया विश्व रिकॉर्ड बनाया था। यह किसी एक टीम का किसी एक प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। भारतीय कोच राहुल द्रविड़ इस मैच में कुछ नए खिलाड़ियों को आजमा सकते हैं लेकिन वह जीत की लय बरकरार रखने के लिए टीम संतुलन बनाए रखने पर जोर देंगे।

बल्लेबाजी विभाग में शुभमन गिल पर रुतुराज गायकवाड को प्राथमिकता मिलने की संभावना नहीं है। गिल ने पिछले दो मैचों में 64 और 43 रन की दो उपयोगी पारियां खेली थी। गायकवाड को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पूरी श्रृंखला में खेलने का मौका मिला था जहां वह तेज गेंदबाजों के सामने संघर्ष करते हुए नजर आए थे। श्रेयस अय्यर और संजू सैमसन ने भी पिछले मैच में अर्धशतक जमाए थे जबकि सूर्यकुमार यादव को पहले दो मैचों में नाकामी के बावजूद एक और मौका दिया जा सकता है। ऐसे में ईशान किशन को बाहर ही बैठना पड़ेगा। रविंद्र जडेजा को इस श्रृंखला के लिए शिखर धवन के साथ उप कप्तान बनाया गया था और ऑलराउंडर के रूप में वह पहली पसंद थे लेकिन घुटने की चोट के कारण व पहले दो मैचों में नहीं खेल पाए थे।

यह भी सुनिश्चित नहीं है कि जडेजा तीसरे मैच में खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे या नहीं क्योंकि उनकी अनुपस्थिति में अक्षर पटेल ने दूसरे मैच में 64 रन की नाबाद पारी खेलकर भारत को जीत दिलाई थी। पटेल के इस प्रदर्शन को टीम प्रबंधन नजरअंदाज नहीं कर सकता है। यदि धवन बाएं हाथ के दो स्पिनरों को उतारने की योजना बनाते हैं तो फिर युजवेंद्र चहल को बाहर बैठना पड़ सकता है। लेकिन इससे भारतीय गेंदबाजी में विविधता का अभाव देखने को मिल सकता है। तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को इंग्लैंड में वनडे के दौरान जांघ की मांसपेशियों में परेशानी हुई थी लेकिन अब वह फिट हैं और बाएं हाथ का तेज गेंदबाज होने के कारण उन्हें आवेश खान की जगह टीम में लिया जा सकता है। आवेश ने दूसरे वनडे में छह ओवर में 54 रन लुटाए थे और उन्हें कोई विकेट नहीं मिला था।

आवेश और प्रसिद्ध कृष्णा की गेंदबाजी शैली एक तरह की है और ऐसे में इनमें से किसी एक को ही अंतिम एकादश में रखा जा सकता है। जहां तक वेस्टइंडीज का सवाल है तो उनके पास क्षमतावान खिलाड़ी हैं लेकिन वह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में नाकाम रहे हैं। वह अभी तक शाई होप, निकोलस पूरण, रोवमैन पावेल या रोमेरियो शेफर्ड पर निर्भर रहे हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि टीम ने अभी तक अहम मौकों पर अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है। श्रृंखला के आखिरी मैच में वेस्टइंडीज जेसन होल्डर को अंतिम एकादश में शामिल कर सकता है। वेस्टइंडीज का लक्ष्य वनडे में अपनी हार का क्रम तोड़ना होगा क्योंकि इससे पहले उसे बांग्लादेश से 0-3 से हार का सामना करना पड़ा था। टीम इस प्रकार हैंः वेस्टइंडीजः निकोलस पूरण (कप्तान), शाई होप (उप-कप्तान), शमर ब्रूक्स, कीसी कार्टी, जेसन होल्डर, अकील होसेन, अल्जारी जोसेफ, ब्रैंडन किंग, काइल मेयर्स, कीमो पॉल, रोवमैन पॉवेल और जेडन सील्स, हेडन वॉल्श।

भारतः शिखर धवन (कप्तान), रुतुराज गायकवाड़, शुभमन गिल, दीपक हुड्डा, सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, ईशान किशन (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), शार्दुल ठाकुर, युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल, आवेश खान, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह।

## कनेरिया ने की तारीफः अक्षर विंडीज के खिलाफ दूसरे एकदिनी में शेर की तरह खेले

**नई दिल्ली, एजेंसी**



वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय मैच में भारत को शानदार जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले ऑलराउंडर अक्षर पटेल ने 64 रन की नाबाद पारी खेलकर रविवार को पोर्ट ऑफ स्पेन में रिकॉर्ड 312 रनों के लक्ष्य का पीछा करने में मदद की। इसके चलते पाकिस्तान के पूर्व स्पिनर दानिश कनेरिया ने सोमवार को अक्षर पटेल की जमकर प्रशंसा की है।

दानिश कनेरिया भारतीय टीम से पूरी तरह प्रभावित दिखे और उन्होंने भारत के पहले बहुभाषी माइक्रो-ब्लॉगिंग मंच, कू ऐप पर लाइव सत्र के दौरान मेहमान टीम के बारे में विस्तार से बात की। उन्होंने अपनी कू पोस्ट में कहा, मैच फिनिशर बन रहे अक्षर पटेल की शानदार बल्लेबाजी के साथ भारत ने वेस्टइंडीज में चमत्कार किया है, क्या शानदार पारी थी। क्या शानदार क्रिकेट का रत्न है। अक्षर पटेल शेर की तरह खेले। कनेरिया यहीं नहीं रुके, उन्होंने आगे कहा, शानदार ढंग से मैं उसे खेल का आनंद ले रहा था, जिसने भी मैच देखा है वास्तव में उन्हें खेल से प्यार करना चाहिए था, जबर्दस्त क्रिकेट हुआ है, संजू सैमसन ने अपना अर्धशतक बनाया और वह शानदार खेल रहे थे लेकिन दुर्भाग्य से वह रनआउट हो गए। अक्षर पटेल को लेकर वह आगे बोले, उन्होंने परिपक्व और समझदार तरीके के साथ बल्लेबाजी की, लेकिन वो 'अक्षर पटेल' थे, जिन्होंने भारत की तरफ से शानदार बल्लेबाजी की थी। जब अक्षर बल्लेबाजी के लिए आए तो टीम इंडिया काफी पीछे थी लेकिन उन्होंने व्यवस्थित ढंग से बल्लेबाजी करके इसे आसान बना दिया।

पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर ने कहा, शानदार पारी खेलते हुए, उन्होंने अपने करियर का पहला अर्धशतक बनाया और भारत को शानदार जीत दिलाने के लिए 64 रन की बेहतरीन पारी खेली। और शिखर धवन के नेतृत्व में एक और श्रृंखला जीती। कनेरिया ने संजू सैमसन की भी तारीफ की, जिन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ अक्षर के कहर बरपाने वाली पारी से पहले अर्धशतक बनाया।

# ऑस्ट्रेलियाई चयनकताओं के पूर्व अध्यक्ष लॉरी सावले का 96 वर्ष की आयु में निधन

**मेलबर्न, एजेंसी**

ऑस्ट्रेलियाई चयनकताओं के पूर्व अध्यक्ष लॉरी सावले का निधन हो गया है। पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट संघ (डब्ल्यूएसीए) ने मंगलवार को उक्त जानकारी दी। 19 अगस्त 1925 को ईस्ट फ्रेमेंटल में जन्मे सावले का 96 वर्ष की आयु में 25 जुलाई को रात में निधन हो गया।

वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट एसोसिएशन ने एक बयान में कहा, वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट के महान खिलाड़ी लॉरी सावले के निधन से डब्ल्यूए क्रिकेट बहुत दुखी है और हम उनके परिवार और दोस्तों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं। सावले पश्चिमी ऑस्ट्रेलियाई और ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट प्रशासन के दूरदर्शी थे, जिन्होंने 20 वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में देश में क्रिकेट को आगे बढ़ाया। उन्हें आमतौर पर द कर्नल के रूप में जाना जाता है। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान 7 वीं ऑस्ट्रेलियाई इन्फैंट्री बटालियन में सेवा करने के बाद-सावले का 1962 और 1980 के बीच राज्य चयनकर्ता के रूप में गहरा प्रभाव पड़ा। उन्होंने डेनिस लिली, रॉड मार्श, किम ह्यूजेस, टेरी एल्डरमैन, बॉब मैसी, रॉस एडवर्ड्स और जॉन इनवेरारिटी को प्रथम श्रेणी में पदार्पण कराया।

सावले बाद में 1982-1995 के बीच ऑस्ट्रेलिया के चयन पैनल के सदस्य बन गए। उन 11 वर्षों में, सावले राष्ट्रीय चयनकताओं के एक बुद्धिमान लेकिन सख्त अध्यक्ष थे, जिन्होंने स्टीव वॉ, मार्क वॉ, मार्क टेलर, इयान हीली, शेन वार्न, ग्लेन मैकग्राथ, डेमियन मार्टिन, जस्टिन लैंगर और मैथ्यू हेडन को टेस्ट डेब्यू कराया। मैदान पर, डब्ल्यूए के लिए बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज सावले ने 35 प्रथम श्रेणी मैचों में 28.83 की औसत से 1701 रन बनाए। जिसमें एक शतक शामिल है। मार्च 2009 में, सावले को डब्ल्यूए क्रिकेट गैलरी ऑफ ग्रेट्स में शामिल किया गया था। अपने प्रशासनिक करियर के समाप्त होने के बाद भी, सावले वाका ग्राउंड शेफील्ड शील्ड खेलों में नियमित रूप से शामिल होते थे। सावले की विरासत को आने वाले अनगिनत वर्षों तक याद किया जाएगा।

डब्ल्यूए क्रिकेट सीईओ क्रिस्टीना मैथ्यूज ने कहा, लॉरी सावले दशकों से पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया में क्रिकेट के ताने-बाने के लिए बहुत बड़े थे। वह एक अविश्वसनीय रूप से प्रतिभाशाली और समर्पित प्रशासक थे जो खुद को और दूसरों को समर्थन देने के लिए हमेशा तैयार रहते थे। क्रिकेट के लिए उनका जुनून कभी कम नहीं हुआ। उनकी सेवानिवृत्ति के वर्षों बाद भी, हम उन्हें नियमित रूप से डब्ल्यूएसीए ग्राउंड पर देखते थे। डब्ल्यूए क्रिकेट समुदाय इस कठिन समय में उनके तीन बच्चों मैरीने, कार्मेल और मार्क और करीबी दोस्तों के प्रति संवेदना व्यक्त करता है।

## नीरज चोपड़ा मांसपेशियों में खिंचाव के कारण राष्ट्रमंडल खेलों से हटे

**बर्मिंघम, एजेंसी**



भाला फेंक के स्टार खिलाड़ी नीरज चोपड़ा फिटनेस संबंधी दिक्कतों के कारण राष्ट्रमंडल खेलों से हट गए हैं। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। चोपड़ा ने रविवार को यूजीन में विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में ऐतिहासिक रजत पदक जीता था लेकिन इस प्रतियोगिता के दौरान उनके पांव की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था। आईओए महासचिव राजीव मेहता ने कहा कि मौजूदा ओलंपिक चैंपियन चोपड़ा को एक महीने के विश्राम की सलाह दी गई है। उन्होंने कहा, भारतीय टीम के भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा की आज सुबह अमेरिका से फोन पर मुझसे बात हुई और उन्होंने फिटनेस चिंताओं के कारण बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में भाग लेने में असमर्थता जताई। मेहता ने कहा, यूजीन में विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भाग लेने के बाद चोपड़ा ने सोमवार को एमआरआई कराया था और उनकी चिकित्सा टीम ने उन्हें एक महीने विश्राम करने की सलाह दी है। यह 24 वर्षीय खिलाड़ी विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने वाला दूसरा भारतीय एथलीट बना था। उनसे पहले अंजू बॉबी जॉर्ज ने 2003 विश्व चैंपियनशिप में लंबी कूद में कांस्य पदक जीता था चोपड़ा के गुरुवार से शुरू होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों में भारत का ध्वजवाहक बनने की संभावना थी। भारतीय दल के दल प्रमुख राजेश भंडारी ने पीटीआई से कहा, हमारी अब बैठक होगी जिसमें नए ध्वजवाहक का चयन किया जाएगा।

## सीडब्ल्यूजी के बाद ही होगी आईओए कार्यकारी समिति बैठक : राजीव मेहता

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) द्वारा भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) को जल्द से जल्द चुनाव कराने को कहा गया है। इस पर महासचिव राजीव मेहता ने कहा कि कार्यकारी समिति की बैठक बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के बाद ही हो सकती है। मेगा इवेंट 28 जुलाई को उद्घाटन समारोह के साथ शुरू होगा और 8 अगस्त को समाप्त होगा। मेहता ने कहा है कि चूंकि आईओए के कई अधिकारी बर्मिंघम में होंगे, इसलिए खेलों के बाद कार्यकारी समिति की बैठक आयोजित करना संभव होगा। आईओसी ने हाल ही में आईओए को एक पत्र जारी कर राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (एनओसी) से जल्द से जल्द चुनाव कराने को कहा था। पिछले साल दिसंबर में होने आईओए चुनाव वाले थे। दिल्ली हाईकोर्ट में चल रहे एक मामले के कारण स्थगित कर दिए गए थे। जहां पर राष्ट्रीय खेल संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाया गया है। इनसाइड द गेम्स डॉट कॉम ने मेहता के हवाले से कहा, अगला आदेश 26 जुलाई से 3 अगस्त के बीच आने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि चूंकि हम में से कुछ लोग बर्मिंघम की यात्रा कर रहे हैं, हमें अगला कदम क्या है, यह देखने के लिए राष्ट्रमंडल खेलों के खत्म होने तक इंतजार करना होगा। मंगलवार को आईएएनएस से बात करते हुए मेहता ने कहा कि वह इस समय नई दिल्ली में हैं, लेकिन राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान बर्मिंघम जाएंगे। मेहता ने मंगलवार को कहा, खेल के दौरान कभी-कभी मैं बर्मिंघम की यात्रा करूंगा। नरिंदर बत्रा ने हाल ही में व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए तत्काल प्रभाव से अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) और आईओए के प्रमुख के रूप में इस्तीफा दे दिया था।

# साइकिलिंग, जिमनास्टिक में भारतीयों के सामने खुद को साबित करने की चुनौती

**बर्मिंघम, एजेंसी**



**आयोजन**

- देश की साइकिलिंग टीम चार साल के अंतराल पर होने वाले इस आयोजन से पदकों के सूखे को खत्म करने उतरेगी

भारतीय जिमनास्ट राष्ट्रमंडल खेलों (सीडब्ल्यूजी) की तैयारियों के दौरान हुए विवादों को पीछे छोड़कर अच्छे प्रदर्शन से प्रशंसकों का ध्यान फिर से इन खेलों की तरफ खींचना चाहेंगे तो वहीं देश की साइकिलिंग टीम चार साल के अंतराल पर होने वाले इस आयोजन से पदकों के सूखे को खत्म करने उतरेगी।

इन दोनों खेलों में जो बात सामान्य है वह यह कि दोनों के कोच को हाल के दिनों में बदला गया है। जिमनास्टिक में महिला टीम के नामित कोच के साथ मुख्य कोच रोहित जायसवाल को पिछले सप्ताह राष्ट्रमंडल खेलों की टीम से हटा दिया गया था। जायसवाल के खिलाफ जिमनास्ट अरुणा बुड्डा रेड्डी ने बिना सहमति के उनकी वीडियोग्राफी करने का आरोप लगाया था। साइकिल टीम की महिला चालक ने स्लोवेनिया के विदेशी दौरे के दौरान मुख्य कोच के खिलाफ अनुचित व्यवहार का आरोप लगाया था जिसके बाद उन्हें बर्खास्त कर दिया गया। जायसवाल के हटने के बाद अनुभवी कोच बिश्वेश्वर नंदी को जिम्नास्टिक टीम की जिम्मेदारी दी गयी। नंदी की देखरेख में दीपा करमाकर रियो ओलंपिक में मामूली अंतर से पदक से चूक कर चौथे स्थान पर रही थी। एशियाई चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली 27 साल की प्रणति नायक महिला वर्ग में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगी। तोक्यो ओलंपिक में निराशाजनक प्रदर्शन करने पर आलोचना झेलने वाली प्रणति यहां त्सुकाहारा 720-डिग्री मोड़ और हैंड्सप्रिंग स्ट्रेट बॉडी 540-डिग्री मोड़ के साथ, दो बेहद मुश्किल माने जाने वाले वाल्ट में स्पर्धा करेंगी। महिला टीम में नंदी की शिष्या 18 साल की प्रतिष्ठा सामंता भी है। वह इस साल विश्व कप में चौथे स्थान पर रही है। पुरुषों की टीम में बंगाल के सत्यजीत मंडल, योगेश्वर सिंह और महाराष्ट्र के रहने वाले नौसेना के सैफ तंबोली शामिल हैं। मंडल पिछले महीने विश्व चैलेंज कप में अपने अंतरराष्ट्रीय पदार्पण पर वॉल्ट स्पर्धा में पांचवें स्थान पर रहे थे। नंदी को भारतीय टीम से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। उन्होंने कहा, मुझे प्रणति और प्रतिष्ठा से काफी उम्मीदें है। दोनों में से कोई भी फाइनल में पहुंच सकता है। पहली चुनौती फाइनल के लिए क्वालीफाई करना है। भारतीय जिम्नास्टिक खिलाड़ियों ने राष्ट्रमंडल खेलों में अब तक तीन पदक जीते है। जिसमें दिल्ली खेलों में आशीष कुमार का रजत पदक टीम का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है। साइकिलिंग में 13 सदस्यीय टीम एशियाई ट्रैक चैम्पियनशिप (एटीसी) के अच्छे प्रदर्शन को राष्ट्रमंडल खेलों में जारी रखकर अपना पहला पदक जीतने के लिए जोर लगायेगी।

# राष्ट्रमंडल खेल : भारतीयों को खूब रास आई है ब्रिटिश धरती

**नई दिल्ली, एजेंसी**



राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन जब भी ब्रिटिश धरती पर किया गया तब भारतीय खिलाड़ियों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और उम्मीद की जा रही है कि निशानेबाजी खेल शामिल नहीं किये जाने के बावजूद बर्मिंघम में 28 जुलाई से शुरू होने वाले खेलों में भी वे नये रिकॉर्ड स्थापित करेंगे। भारत ने अब तक ब्रिटिश धरती पर पांच बार राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा लिया और केवल ग्लास्गो 2014 को छोड़कर उसने हर बार अपने पिछले प्रदर्शन से बेहतर परिणाम हासिल किए।

भारत ने पहली बार राष्ट्रमंडल खेलों में 1934 में हिस्सा लिया था जिनका आयोजन लंदन में किया गया था। भारत ने तब केवल दो खेलों एथलेटिक्स और कुश्ती में हिस्सा लिया। पहलवान राशिद अनवर ने 74 किग्रा में कांस्य पदक जीतकर भारत को इन खेलों का पहला पदक दिलाया था। वेल्स के कार्डिफ में 1958 में हुए खेलों में भारत पहली बार दो स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहा था। भारत को यह स्वर्ण पदक उड़न सिख मिल्खा सिंह और पहलवान लीला राम ने दिलाए थे। पहलवान लक्ष्मी कांत पांडे ने रजत पदक जीता था। भारत इससे पहले सिडनी (1938) और वेंकूवर (1954) में कोई पदक नहीं जीत पाया था। इसके बाद ब्रिटेन में 1970 में स्कॉटलैंड के एडिनबर्ग में राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन किया गया जिसमें भारत ने 12 पदक जीते थे। इनमें पांच स्वर्ण पदक शामिल हैं। भारत ने अपने पांचों स्वर्ण और तीनों रजत पदक कुश्ती में जीते थे। भारत की तरफ से तब पहलवान वेद प्रकाश, सुदेश कुमार, उदय चंद, मुख्तियार सिंह और हरिश्चंद्र बिराजदार ने सोने के तमगे हासिल किए थे। एडिनबर्ग में ही 1986 में राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन किया गया था जिनमें भारत ने हिस्सा नहीं लिया था। इसके बाद मैनचेस्टर में 2002 में ब्रिटिश धरती पर राष्ट्रमंडल खेल खेले गये और भारत ने तब अपना उस समय तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था। मैनचेस्टर 2002 में भारत 30 स्वर्ण पदक सहित कुल 69 पदक जीतने में सफल रहा था।

भारत ने तब ऑस्ट्रेलिया, मेजबान इंग्लैंड और कनाडा के बाद चौथा स्थान हासिल किया था। भारत ने मैनचेस्टर में 14 स्वर्ण पदक निशानेबाजी में जीते थे लेकिन बर्मिंघम 2022 में इस खेल को शामिल नहीं किया गया है जिसका भारत को सबसे अधिक नुकसान होगा। मैनचेस्टर में ही भारतीय महिला हॉकी टीम ने फाइनल में इंग्लैंड को 3-2 से हराकर सोने का तमगा जीतकर इतिहास रचा था।

# शाहिद अफरीदी ने वनडे क्रिकेट को बताया बोरिंग

**नई दिल्ली, एजेंसी**

इंग्लैंड क्रिकेट टीम के दिग्गज ऑलराउंडर खिलाड़ी बेन स्टोक्स ने हाल ही में वनडे फॉर्मेट से संन्यास का ऐलान कर दिया। उनके संन्यास के बाद वनडे क्रिकेट को लेकर बहस छिड़ गई। कई पूर्व खिलाड़ियों का कहना है कि वनडे फॉर्मेट अब खत्म होने की ओर है। इससे पहले टेस्ट फॉर्मेट को लेकर यही बात चली थी। अब इसको लेकर पाकिस्तान के पूर्व खिलाड़ी शाहिद अफरीदी ने प्रतिक्रिया दी है। अफरीदी ने बताया है कि कैसे वनडे फॉर्मेट को बचाया जा सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अफरीदी ने वनडे फॉर्मेट को लेकर कहा, "वनडे क्रिकेट अब थोड़ा बोरिंग हो गया है। मैं सुझाव देना चाहूंगा कि वनडे फॉर्मेट को 50 से 40 ओवरों का कर देना चाहिए। इससे यह मनोरंजक बना रहेगा।"

अफरीदी के इस बयान को लेकर भारतीय टीम के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने भी कहा था कि अगर वनडे फॉर्मेट को छोटा करके बचाया जा सकता है तो ऐसा कर देना चाहिए। शास्त्री का कहना है कि पहले यह 60 ओवरों का था, इसके बाद इसे 50 ओवरों का कर दिया गया था। गौरतलब है कि दुनिया भर में टी20 फॉर्मेट के कई टूनामेंट खेले जाते हैं। इसमें इंडियन प्रीमियर लीग भी शामिल हैं। जबकि वनडे फॉर्मेट इंटरनेशनल क्रिकेट में ही खेला जाता है।

# स्क्वाश : बर्मिंघम में एकल का मिथक तोड़ने उतरेगा भारत

**बर्मिंघम, एजेंसी**



सभी वर्गों में पदक जीतने के लक्ष्य के साथ भारतीय स्क्वाश टीम राष्ट्रमंडल खेलों के लिये बर्मिंघम पहुंच गई है जिसमें सौरभ घोषाल और जोशना चिनप्पा एकल में पदक जीतने का मिथक तोड़ने के लिए अपना आखिरी प्रयास करेंगे।

दीपिका पल्लीकल, जोशना और सौरभ की तिकड़ी पिछले 15 वर्षों से भारतीय स्क्वाश टीम का जिम्मा अपने कंधों पर उठाए हुए हैं। इन तीनों ने इस बार खेलों के लिए कड़ी मेहनत की है क्योंकि यह उनके आखिरी राष्ट्रमंडल खेल भी हो सकते हैं। स्क्वाश को राष्ट्रमंडल खेलों में पहली बार 1998 में शामिल किया गया था और तब से लेकर अभी तक भारत केवल तीन पदक जीत पाया है। इनमें आठ साल पहले ग्लास्गो में जोशना और दीपिका द्वारा जीता गया ऐतिहासिक स्वर्ण पदक भी शामिल है। वे फिर से खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में ब्रिटिश धरती पर पहुंच गए हैं। उन्होंने इस साल के शुरू में विश्व खिताब भी जीता था। अब जुड़वा बच्चों की मां दीपिका ने घोषाल के साथ मिलकर अप्रैल में विश्व युगल चैंपियनशिप में मिश्रित युगल का खिताब जीतकर शानदार वापसी की है। मिस्र को छोड़कर स्क्वाश खेलने वाली चोटी की सभी टीमें राष्ट्रमंडल खेलों का हिस्सा है। भारत अभी तक एकल में पदक नहीं जीत पाया है लेकिन जोशना और घोषाल इस बार कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। दीपिका ने वापसी के बाद अभी एकल में खेलना शुरू नहीं किया है। घोषाल से जब पूछा गया कि क्या भारत के पास 2022 में एकल में पदक जीतने का सर्वश्रेष्ठ मौका रहेगा उन्होंने कहा, ऐसी उम्मीद है।

20 साल पहले जब हमने खेलना शुरू किया था तब से हमने काफी प्रगति की है। हमने खिलाड़ियों के रूप में भी अच्छी प्रगति की है। राष्ट्रमंडल खेलों में चुनौती कड़ी होती है। यहां पदक जीतना आसान नहीं होता है। घोषाल को पिछली बार राष्ट्रमंडल खेलों में तीसरी वरीयता दी गई थी लेकिन वह शुरू में ही बाहर हो गए थे। वह इस बारे में सोच कर अपने पर अतिरिक्त दबाव नहीं बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा, मैं ड्रा के बारे में नहीं सोच रहा हूं पिछली बार मैंने ऐसी गलती की थी। मैं एक बार में एक मैच पर ध्यान देना चाहता हूं। भारत ने बर्मिंघम रवाना होने से पहले चेन्नई में विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी ग्रेगरी गॉल्टियर की देखरेख में अभ्यास किया था।

भारतीय महिला टीम में 14 वर्षीय अनहत सिंह भी शामिल है। उनके प्रदर्शन पर सभी की निगाहें रहेंगी। पिछले महीने एशियाई जूनियर स्क्वाश चैंपियनशिप में उन्होंने लड़कियों के अंडर-15 वर्ग में खिताब जीता था। अनहत अभी तक 46 राष्ट्रीय सर्किट और दो राष्ट्रीय खिताब जीत चुकी है। उनके नाम पर अभी तक आठ अंतरराष्ट्रीय खिताब दर्ज हैं। उनके अलावा सुनयना कुरुविला, अभय सिंह और वी सेंथिलकुमार भी पहली बार राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा लेंगे।

# राष्ट्रमंडल खेल 2022 से बाहर हुईं मारिजैन कप्प

**बर्मिंघम, एजेंसी**

दक्षिण अफ्रीका की स्टार ऑलराउंडर मारिजैन कप्प बर्मिंघम में आयोजित आगामी राष्ट्रमंडल खेल 2022 से बाहर हो गई हैं। कप्प हाल ही में दक्षिण अफ्रीका के इंग्लैंड दौरे को छोड़कर घर लौटना पड़ा था, क्योंकि उनके देवर की दुर्घटना के शिकार हो गए थे। प्रोटियाज को उम्मीद थी कि कप्प एजबेस्टन में 10-दिवसीय टूनामेंट के लिए मैदान में लौट आएंगी, लेकिन दक्षिण अफ्रीका के कोच हिल्टन मोरेंग ने 32 वर्षीय खिलाड़ी के वापस न लौटने की खबर पर अंतिम मुहर लगा दी है। हालांकि मोरेंग ने संकेत दिया है कि कप्तान सुने लुस और अनुभवी तेज गेंदबाज शबनम इस्माइल शनिवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ राष्ट्रमंडल खेलों में अपने शुरूआती मैच के लिए दक्षिण अफ्रीका की टीम में वापसी करने के लिए फिट होंगी। यह जोड़ी सोमवार को डर्बी में इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के अंतिम टी20 मैच से बाहर हो गई थी, लेकिन मोरेंग को उम्मीद है कि दोनों खिलाड़ी व्हाइट फर्न्स के खिलाफ खेलेगी। मोरेंग ने एक बयान में कहा, दोनो खिलाड़ी अच्छी तरह से फिट है और पहले मैच में चयन के लिए उपलब्ध होंगी। सुने निश्चित रूप से गेंदबाजी करने में सक्षम होगी। मारिजैन के संबंध में, वह राष्ट्रमंडल खेल से बाहर हो जाएंगी। दक्षिण अफ्रीका ने अभी तक कप्प के स्थान पर किसी खिलाड़ी को शामिल नहीं किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### फ्रांस में मंकीपॉक्स टीकाकरण केंद्र खुला

पेरिस। फ्रांस की राजधानी पेरिस में मंगलवार से उच्च क्षमता वाला मंकीपॉक्स टीकाकरण केंद्र जनता के लिए खोल दिया गया है। स्वास्थ्य मंत्री फ्रेंकोइस ब्रौन ने सोमवार घोषणा की थी कि मंगलवार से पेरिस में उच्च क्षमता वाला मंकीपॉक्स टीकाकरण केन्द्र जनता के लिए खोल दिया जायेगा। पब्लिक हेल्थ फ्रांस के अनुसार, राजधानी क्षेत्र में 726 मंकीपॉक्स के मामले दर्ज किए गए है जो कि पिछले सप्ताह फ्रांस में पुष्टि किए गए 1,567 मामलों में से करीब आधे है। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि देश में मंकीपॉक्स के पुष्ट मामलों की संख्या 1700 से अधिक है। उन्होंने कहा कि देश में मंकीपॉक्स के मामलों की संख्या में वृद्धि को देखते हुए अभी तक 100 से अधिक टीकाकरण केन्द्र हैं। उल्लेखनीय है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 23 जुलाई को मंकीपॉक्स के प्रकोप को वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया।

### दक्षिण कोरिया में कोरोना के 99,327 नये मामले

सियोल। दक्षिण कोरिया में कोरोना वायरस महामारी के 99,327 नए मामले सामने आए हैं, इसके साथ ही देश में इस बीमारी से प्रभावितों की संख्या बढ़कर 19,346,764 हो गई है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। कोरिया रोग नियंत्रण और रोकथाम एजेंसी (केडीसीए) के अनुसार नये मामलों में 353 बाहर से आये लोगों के मामले शामिल हैं। इसी के साथ इस बाहर से आये लोगों के मामलों की संख्या अब 42,196 हो गयी है। केडीसीए के अनुसार देश में इस बीमारी के गंभीर रोगियों की संख्या 168 हैं। उन्होंने बताया कि इस दौरान महामारी से 17 और लोगों की मौत हुई है। कोविड -19 से अब देश में 24,907 लोगों की मौत हो चुकी। वर्तमान में कुल मृत्यु दर 0.13 प्रतिशत है।

### ईरान ने अपने युद्धपोतों को स्टेल्थ तकनीकी से किया लैस

तेहरान। ईरान के इस्लामिक रेवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स ने अपने तेज युद्धपोतों को स्टेल्थ तकनीक से लैस कर दिया है। अर्ध सरकारी फारस न्यूज एजेंसी ने यह रिपोर्ट दी है। फारस न्यूज ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि आईआरजीसी के नौसेना कमांडर अलीरेजा तांगसिरी ने दक्षिण ईरान के बंदरगाह शहर बंदर अब्बास में एक समारोह से इतर कहा कि आईआरजीसी अगले चरण में घरेलू रूप से उत्पादित पतवारों का उपयोग करना चाहता है। उन्होंने कहा कि घरेलू स्तर पर विकसित प्रौद्योगिकियों, घरेलू उत्पादों और ईरानी विशेषज्ञों की इन पर आईआरजीसी नौसेना को पकड़ है। उन्होंने कहा कि आईआरजीसी नौसेना एक व्यापक रणनीतिक नौसैनिक बल है। इसमें टैंक से लेकर फिक्स्ड-विंग एयरक्राफ्ट और ड्रोन तक अन्य सशस्त्र बलों की पहुंच वाले सभी उपकरण हैं और इस क्षेत्र में इसकी उपस्थिति ने दुश्मन में भय उत्पन्न कर दिया है।

### इजराइल ने संदिग्ध फलस्तीनी हमलावरों के घरों को ढहाया

यरूशलम। इजराइली सेना ने वेस्ट बैंक की एक बस्ती में इजराइली सुरक्षा गार्ड की हत्या के दो फलस्तीनी संदिग्धों के घरों को ध्वस्त कर दिया। व्याचेस्लाव गोलेव नाम का इजराइली सुरक्षा गार्ड 29 अप्रैल को वेस्ट बैंक में एक यहूदी बस्ती के प्रवेश द्वार पर हुई गोलीबारी की घटना में मारा गया था। फलस्तीनी उग्रवादी संगठन हमास ने इस हमले की जिम्मेदारी ली थी। इजराइली सेना ने बाद में हमले को अंजाम देने के संदेह में दो फलस्तीनियों को पकड़ लिया था। इजराइली सेना ने मंगलवार को कहा कि उसने उत्तरी वेस्ट बैंक इलाके में स्थित करावत बानी हसन गांव में संदिग्धों आवासों को ध्वस्त कर दिया है। सेना ने कहा कि इस कार्रवाई के दौरान सुरक्षाबलों को हिंसक विरोध का सामना करना पड़ा, जिसमें सैनिकों पर पेट्रोल बम और जलते हुए टायर फेंके गए।

# द.अफ्रीका के बिजली संकट को दूर करने के लिए व्यापक योजनाएं

जोहानिसबर्ग, एजेंसी



दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने देश में जारी ऊर्जा संकट से निपटने के लिए, मौजूदा कानून में बदलाव समेत बड़े पैमाने पर सुधारों की घोषणा की है। रामफोसा ने सोमवार शाम राष्ट्र के नाम संबोधन में कहा, पिछले तीन हफ्तों के दौरान, बिजली की अत्यधिक कटौती ने हमारे पूरे जीवन को बाधित कर दिया है और हमारी अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान पहुंचाया है। दैनिक बिजली कटौती (कई बार छह-छह घंटे तक) हम अनुभव कर रहे हैं, जिससे लाखों घरों में असुविधा हुई है और भारी नुकसान हुआ है तथा व्यवसायों के लिए चुनौतियां पैदा हो गई हैं।

उन्होंने कहा, भरोसेमंद बिजली आपूर्ति न होने के कारण दक्षिण अफ्रीका के लोगों की निराशा और गुस्सा उचित है। वे तंग आ चुके हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि सरकारी स्वामित्व वाली बिजली कंपनी एस्कॉम को बिजली ग्रिड को ढहने से रोकने और हमें कभी भी पूरी तरह से बगैर बिजली के नहीं रहना पड़े, यह सुनिश्चित करने के लिए बिजली कटौती करनी पड़ रही है।

उन्होंने कहा, बिजली की कमी आर्थिक विकास और रोजगार सृजन के लिए एक बड़ी बाधा है। यह निवेश को रोकती है और हमारी अर्थव्यवस्था की प्रतिस्पर्धा को कम करती है। रामाफोसा ने कहा कि वह जिन फैसलों की घोषणा कर रहे हैं, उन तक पहुंचने के लिए उन्होंने पिछले 10 दिनों में व्यापक विचार-विमर्श किया है। उन्होंने कहा, हम जिस संकट का सामना कर रहे हैं, उसके लिए हमें बिजली की कमी को दूर करने के लिए साहसिक और निर्णायक कार्रवाई करनी होगी।

रामाफोसा ने जिन व्यापक योजनाओं की घोषणा की, उनमें एस्कॉम के बिजली स्टेशनों के मौजूदा बेड़े के प्रदर्शन में सुधार, नयी पीढ़ी की क्षमता की खरीद में तेजी, उत्पादन क्षमता में बड़े पैमाने पर निजी निवेश में वृद्धि, व्यवसायों और घरों को रूफटॉप सौर ऊर्जा उत्पादन में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित करना और बिजली क्षेत्र में मौलिक सुधार करना और इसे भविष्य में टिकाऊ बनाना शामिल है। राष्ट्रपति ने पुराने बुनियादी ढांचे, नए बिजली स्टेशनों की स्थापना में देरी, बिजली की व्यापक चोरी, धोखाधड़ी और तोड़फोड़ को लगातार बिजली कटौती का कुछ प्रमुख कारण बताया।

### जापान: तोक्यो में सात लोगों की हत्या करने के दोषी को फांसी

**तोक्यो।** जापान में तोक्यो के एक जिले में 2008 में भीड़ पर गाड़ी चढ़ाने और चाकू से हमला कर सात लोगों की हत्या करने के दोषी व्यक्ति को मंगलवार को फांसी दी गई। न्याय मंत्री योशीहिसा फुरुकावा ने संवाददाताओं से कहा कि तोमोहिरो कातो को मंगलवार को तोक्यो जेल में फांसी दी गई। जापान ने मृत्युदंड को बरकरार रखा है। फुरुकावा ने कहा कि जघन्य और हिंसक अपराध करने के दोषियों के लिए मृत्युदंड एक उचित प्रतिक्रिया है और इसे खत्म करना इस समय उचित नहीं है। फुरुकावा ने कहा कि कातो ने सामूहिक हत्याओं को अंजाम देने के लिए पूरी तैयारी की थी, एक नृशंस कृत्य जिसके बेहद गंभीर परिणाम हुए और समाज पर एक बहुत अधिक असर पड़ा। जून 2008 में हमले में कातो ने अपने ट्रक को अकिहाबारा इलेक्ट्रॉनिक्स शॉपिंग क्षेत्र में सड़क पर ले गया जिससे भीड़ उसकी चपेट में आ गई और तीन पैदल यात्रियों की मौत हो गई। इसके बाद वह वाहन से उतरा और चार लोगों की चाकू मारकर हत्या कर दी। उसने 10 अन्य को घायल भी कर किया। फुरुकावा ने इस बात से इनकार किया कि कातो की फांसी इस महीने की शुरूआत में पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की गोली मारकर हत्या किए जाने की घटना से संबंधित है।

# अंतरिक्ष स्टेशन पर उतरे चीनी अंतरिक्ष यात्रियों का प्रयोगशाला के मॉड्यूल में प्रवेश



बीजिंग, एजेंसी

चीन के निर्माणाधीन अंतरिक्ष स्टेशन में मौजूद उसके तीन अंतरिक्ष यात्री सोमवार को अपने देश की प्रयोगशाला के मॉड्यूल में सफलतापूर्वक प्रवेश कर गए। आधिकारिक मीडिया की खबर में यह जानकारी दी गई है। चीन ने वेंटियन नामक अपनी अंतरिक्ष प्रयोगशाला रविवार को शुरू की। चीन देश के अब तक के सबसे बड़े अंतरिक्ष यान को तियांगोंग नामक अंतरिक्ष स्टेशन का हिस्सा बनने के लिए पृथ्वी की कक्षा में भेज रहा है जो वर्तमान में निर्माणाधीन है।

नियोजित कक्षा में प्रवेश करने के बाद सोमवार को तड़के अंतरिक्ष स्टेशन के सामने वाले हिस्से के साथ वेंटियन मॉड्यूल को संबद्ध किया गया। पहली बार चीन के दो 20-टन-स्तर के अंतरिक्ष यान ने कक्षा में संबद्ध होते हुए डॉकिंग प्रक्रिया का संचालन किया है। यह भी पहली बार है कि अंतरिक्ष यात्रियों के अंतरिक्ष स्टेशन में प्रवास के दौरान अंतरिक्ष में मुलाकात और डॉकिंग प्रक्रिया संपन्न हुई। चाइना मेन्ड स्पेस एजेंसी (सीएमएसए) ने आधिकारिक मीडिया को यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की खबर के अनुसार, डॉकिंग के बाद, अंतरिक्ष स्टेशन का निर्माण कर रहे तीन अंतरिक्ष यात्रियों ने प्रयोगशाला में प्रवेश किया।

मिशन के योजनाकारों ने कहा कि आने वाले हफ्तों में, वेंटियन की एक रोबोट उपकरण के माध्यम से जगह बदली जाएगी और नयी जगह पर आने के बाद यह वहीं रहेगी तथा दीर्घकालिक संचालन के लिए तैयार होगी। चाइना डेली की खबर में बताया गया है कि नया लैब मॉड्यूल कोर मॉड्यूल के बैकअप और एक शक्तिशाली वैज्ञानिक प्रयोग मंच के रूप में काम करेगा।

# अमेरिका में कई भारतीयों पर भेदिया कारोबार का आरोप

न्यूयॉर्क, एजेंसी




अमेरिका में भारतीय मूल के कई लोगों पर दो अलग-अलग कथित योजनाओं में भेदिया कारोबार करने का आरोप लगाया गया है। आरोप है कि इसके जरिए उन्होंने अवैध रूप से 50 लाख डॉलर से अधिक का मुनाफा कमाया।

ल्यूमेंटम होल्डिंग्स के पूर्व मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी अमित भारद्वाज और उनके दोस्तों धीरेन कुमार पटेल (50), श्रीनिवास ककेरा (47), अब्बास सईदी (47) और रमेश चित्तोर (45) पर प्रतिभूति एवं विनिमय आयोग (सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन) ने सोमवार को ये आरोप लगाए। एसईसी ने आरोप लगाया कि कैलिफोर्निया में रहने वाले इन लोगों ने ल्यूमेंटम होल्डिंग्स द्वारा दो कॉर्पोरेट अधिग्रहण घोषणाओं से पहले निवेश के जरिए अवैध रूप से 52 लाख डॉलर का मुनाफा कमाया।

एसईसी ने इन्वेस्टमेंट बैंकर बृजेश गोयल (37) और उनके दोस्त अक्षय निरंजन (33) पर भी भेदिया कारोबार का आरोप लगाया। दोनों न्यूयॉर्क के रहने वाले हैं। एसईसी का आरोप है कि इन दोनों ने 2017 में चार अधिग्रहण घोषणाओं से पहले अवैध रूप से व्यापार करके 2,75,000 डॉलर से अधिक की कमाई की। एसईसी के प्रवर्तन विभाग के निदेशक गुरबीर एस. गरेवाल ने कहा, हम कदाचार को जड़ से खत्म करने के लिए अपने सभी विशेषज्ञों तथा उपकरणों का इस्तेमाल करने और सभी दोषियों को जवाबदेह ठहराने के लिए तैयार हैं, चाहे वे किसी भी उद्योग या पेशे से नाता रखते हों।

# पोप फ्रांसिस ने कनाडा में ईसाई मिशनरियों के दुर्व्यवहार के लिए माफी मांगी

मास्क्वासिस, एजेंसी



पोप फ्रांसिस ने कनाडा के आवासीय स्कूलों में दशकों पहले हजारों बच्चों के साथ हुए ईसाई मिशनरियों के दुर्व्यवहार के लिए माफी मांगी। उन्होंने रविवार को कनाडा की यात्रा शुरू करने से पहले संकेत भी दिया था कि यह प्रायश्चित तीर्थयात्रा है। यह मूल निवासियों के बच्चों की पीढ़ियों को जबरन मौजूदा पीढ़ी के साथ मिलाने में कैथोलिक मिशनरियों की भूमिका का प्रायश्चित करने के लिए है। पोप फ्रांसिस ने कनाडा के इंडिजेनस रेजिडेंशियल स्कूल की कष्टकारी नीति में कैथोलिक चर्च के सहयोग देने पर सोमवार को ऐतिहासिक माफीनामा जारी किया। उन्होंने कहा कि मूल निवासियों को जबरन ईसाई समाज में शामिल किया गया।

इससे उनकी संस्कृति नष्ट हो गई। अलग हुए परिवारों और हाशिये पर रहने वाले लोगों के कष्ट का अनुभव आज भी किया जा रहा है। पोप ने कहा, उन्हें इसका खेद है। मूल निवासियों के खिलाफ अनगिनत ईसाइयों ने जो गलत काम किया, उसके लिए मैं विनम्रतापूर्वक माफी मांगता हूं। उन्होंने कहा-मैं उन सभी अत्याचारों के लिए माफी मांगता हूं जो कई ईसाइयों ने मूल निवासियों पर ढाए। फ्रांसिस के माफी मांगने का गवाह बनने के लिए अल्बर्टा में बड़ी संख्या में उत्पीड़न के शिकार पूर्व छात्र और स्थानीय समुदाय के सदस्य एकत्र हुए। कनाडा आने के पहले ही दिन पोप ने माफी मांगकर संदेश देने का प्रयास किया कि वे इसे कितना महत्व देते हैं। पोप सात दिन की धार्मिक यात्रा पर कनाडा पहुंचे हैं। लंबे समय से मांग की जा रही थी कि कैथोलिक रेजिडेंशियल स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों से दुर्व्यवहार और सांस्कृतिक दमन के लिए पोप माफी मांगें। 19वीं और 20वीं सदी में डेढ़ लाख से अधिक स्थानीय विद्यार्थियों को सरकारी ईसाई स्कूलों में पढ़ने के लिए बाध्य किया गया था।

कनाडा सरकार स्वीकार कर चुकी है कि 19वीं शताब्दी से 1970 के दशक तक संचालित सरकारी वित्त पोषित ईसाई स्कूलों में शारीरिक और यौन शोषण बड़े पैमाने पर हुआ था। लगभग 1,50,000 मूल निवासी समुदाय के बच्चों को उनके परिवारों से दूर ले जाया गया। इससे पहले रविवार को अल्बर्टा हवाई अड्डे पर उनका स्वागत स्थानीय समुदाय के प्रतिनिधियों, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और स्थानीय समूह इनुक की सदस्य एवं देश की पहली जातीय गवर्नर जनरल मेरी साइमन ने किया। फ्रांसिस को फ्रॉग लेक फर्स्ट नेशंस के आवासीय स्कूल की एक पीड़ित एल्डर अल्मा डेसजर्लिस को मिलवाया गया। उन्होंने डेसजर्लिस का हाथ चूमा।

# हिमलिंग के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का नया जत्था अमरनाथ रवाना

श्रीनगर, एजेंसी



केन्द्र शासित जम्मू-कश्मीर में पहलगाम और बालटाल मार्गों से मंगलवार को पांच हजार 500 से अधिक तीर्थयात्रियों का नया जत्था पवित्र गुफा में बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए रवाना हुआ।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि गुफा मंदिर में सुबह 11 बजे तक एक हजार 297 तीर्थ यात्रियों ने पूजा-अर्चना की। तीस जून को तीर्थयात्रा शुरू होने के बाद से अब तक दो लाख 72 हजार 081 तीर्थयात्रियों ने पवित्र गुफा के दर्शन किये हैं।

शुष्क और साफ मौसम के बीच मंगलवार को श्रद्धालुओं के नए जत्थों को दक्षिण कश्मीर में पारंपरिक नुनवान पहलगाम आधार शिविर और गांदरबल जिले के दुमैल के रास्ते सबसे छोटे मार्ग बालटाल से आगे बढ़ने की अनुमति दी गई। इनमे 682 महिलाओं, 40 साधुओं और 10 बच्चों सहित कुल दो हजार 143 तीर्थयात्री दिन में बालटाल से डोमेल होते हुए रवाना हुए। इसी तरह आज 11 बजे तक 557 तीर्थयात्रियों को भी बालटाल से पूजा करने के लिए हेलीकॉप्टर से पहुंचाया गया।

तीन हजार से अधिक तीर्थयात्रियों को पहलगाम में पारंपरिक नुनवान आधार शिविर से और दक्षिण कश्मीर में चंदनवारी और पंचतरणी के पड़ाव बिंदुओं पर जाने की अनुमति दी गई थी। एक स्वतंत्र मौसम वेधशाला ने भविष्यवाणी की है कि पवित्र गुफा के पहलगाम और सोनमर्ग मार्गों पर दोपहर और शाम के बीच बारिश हो सकती है।

# ट्रंप के दामाद जेरेड कुशनर को व्हाइट हाउस में ही थायरॉइड कैंसर का पता चला था: रिपोर्ट

न्यूयॉर्क, एजेंसी

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दामाद जेरेड कुशनर जब अपने ससुर के कार्यकाल के दौरान व्हाइट हाउस में वरिष्ठ सलाहकार के पद पर कार्यरत थे तब उन्हें थायराइड कैंसर का पता चला था। एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी मिली। न्यूयॉर्क टाइम्स ने सोमवार को अपनी रिपोर्ट में कहा कि अगले महीने प्रकाशित होने वाले कुशनर के संस्मरण ब्रेकिंग हिस्ट्रीः ए व्हाइट हाउस मेमॉयर के अनुसार, कुशनर का कैंसर का इलाज किया गया था, लेकिन उन्होंने अपनी बीमारी की बात बेहद गोपनीय रखी थी।

न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट में कहा गया है कि अक्टूबर 2019 में कुशनर को थायरॉयड कैंसर होने का पता चला था, जब वह चीन के साथ एक व्यापार समझौते पर चर्चा में शामिल थे। कुशनर (41) ने संस्मरण में लिखा है कि कैंसर जल्दी पकड़ में आ गया था, लेकिन मेरे थायरॉयड के कुछ हिस्से को निकाले जाने की आवश्यकता थी। उन्हें यह भी चेतावनी दी गई थी कि उनकी आवाज को क्षति पहुंच सकती है। कुशनर ने संस्मरण में लिखा है, सुबह जब मैं लुई वुइटन कारखाने के उद्घाटन में भाग लेने के लिए टेक्सास गया, तो व्हाइट हाउस के चिकित्सक सीन कॉनली ने मुझे एयर फोर्स वन के मेडिकल केबिन में खींच लिया।

कॉनली ने कुशनर से कहा कि उनकी जांच रिपोर्ट आ गई है और ऐसा लगता है कि आपको कैंसर है। हमें तुरंत एक सर्जरी करने की आवश्यकता है। कुशनर ने कॉनली से अनुरोध किया कि वह किसी को भी विशेषकर उनकी पत्नी इवांका ट्रंप या उनके ससुर को बीमारी और उसके इलाज के बारे में नहीं बताएं।

कुशनर ने किताब में इस बारे में बहुत कम लिखा है कि उन्होंने जानकारी को सार्वजनिक क्यों नहीं किया। कुशनर ने संस्मरण में लिखा है कि यह एक व्यक्तिगत समस्या थी।

उन्होंने लिखा है इवांका, उनके सहायक अव्राम एवी बर्कोविट्ज, ट्रंप के सहयोगी कैसिडी हचिंसन और व्हाइट हाउस के तत्कालीन चीफ ऑफ स्टाफ मिक मुलवेनी को छोड़कर मैंने व्हाइट हाउस में तत्कालीन राष्ट्रपति सहित किसी को भी कुछ नहीं बताया। मैंने अपने काम पर ध्यान केंद्रित किया और इलाज चलता रहा। बहरहाल, ट्रंप को कुशनर की बीमारी की बात पता चल गई और सर्जरी के पहले उन्होंने इस बारे में अपने दामाद से बात की थी। कुशनर के अनुसार, जब उन्होंने ट्रंप से पूछा कि उन्हें उनकी बीमारी का पता कैसे चला तो ट्रंप का जवाब था मैं राष्ट्रपति हूं। मैं सब जानता हूं। मुझे पता है कि आपने इसे गोपनीय रखा है। मैं भी यही चाहता हूं। आप बिलकुल ठीक हो जाएंगे। आप बिल्कुल चिंता न करें।

# भारतीय-अमेरिकी नागरिक 'इंटरनेशनल पैरेंटल किडनैपिंग' का दोषी करार

न्यूयॉर्क, एजेंसी

- **मामले में दायर दस्तावेजों और मुकदमे के साक्ष्य के अनुसार, बच्चे की मां और पटेल के बीच संबंध थे**

अमेरिका की एक अदालत ने एक भारतीय-अमेरिकी नागरिक को अमेरिका में जन्मे अपने बच्चे को भारत ले जाने और फिर अमेरिका में उसकी मां के पास उसे वापस ना लाने के मामले में इंटरनेशनल पैरेंटल किडनैपिंग का दोषी ठहराया है। वडोदरा के अमित कुमार कनुभाई पटेल को पिछले सप्ताह न्यूजर्सी में कैमडेन संघीय अदालत में अमेरिकी जिला न्यायाधीश रेनी मैरी बंब ने पांच दिन तक चली सुनवाई के बाद इंटरनेशनल पैरेंटल किडनैपिंग का दोषी ठहराया गया था। पटेल पहले न्यू जर्सी के एडिसन में रहते थे।

इंटरनेशनल पैरेंटल किडनैपिंग का दोषी पाए जाने पर अधिकतम तीन साल की सजा और अधिकतम 2,50,000 डॉलर का जुमार्ना लगाने का प्रावधान है। पटेल को मामले में इस साल नवंबर में सजा सुनाई जाएगी। अमेरिकी अटार्नी फिलिप आर. सेलिंगर ने सोमवार को बताया कि पटेल को बच्चे का अपहरण करने, बच्चे की मां के अधिकारों को बाधित करने और अमेरिका में बच्चे को वापस लाने में विफल रहने का दोषी ठहराया गया है। इस मामले में दायर दस्तावेजों और मुकदमे के साक्ष्य के अनुसार, बच्चे की मां और पटेल के बीच संबंध थे और दोनों अगस्त 2015 से जुलाई 2017 तक न्यूजर्सी में साथ रहते थे। दोनों ने कभी शादी नहीं की। नवंबर 2016 में उनका एक बच्चा हुआ। बच्चे की मां के अनुसार, पटेल बच्चे को भारत ले जाकर अपने परिवार से मिलवाना चाहते थे और डीएनए जांच करवाना चाहते थे। पटेल का कहना था कि उनकी पारिवारिक संपत्ति हासिल करने के लिए यह जरूरी है। बच्चे की मां से पटेल ने बच्चे का भारत का वीजा लेने के लिए भी कहा। पटेल ने बच्चे की मां से कहा था कि वह अदालत के समक्ष कहे कि उनके बीच बच्चे के संरक्षण को लेकर आपसी सहमति बन चुकी है। पटेल ने कहा था कि वह अदालत में कहे कि उसके पास काम करने की अनुमति नहीं है इसलिए वह बेरोजगार है और बच्चे का ध्यान नहीं रख सकती। मई 2017 में, पटेल बच्चे की मां को न्यूजर्सी सुपीरियर कोर्ट ले गया, ताकि बच्चे के संरक्षण संबंधी सभी अधिकार केवल उसे मिल सकें।

बच्चे की मां के अनुसार, मामले की अधिकतर सुनवाई अंग्रेजी भाषा में की गई। वह भी बिना अनुवादक के..महिला का दावा है कि वह इस दौरान बेहद कम अंग्रेजी बोली। मां ने पटेल के निर्देशानुसार ही सभी सवालों के जवाब दिए। सुनवाई के दौरान उनका प्रतिनिधित्व करने के लिए कोई वकील भी नहीं था। न्यूजर्सी सुपीरियर कोर्ट ने बच्चे की मां की सहमति के आधार पर केवल पटेल को बच्चे के संरक्षण संबंधी सभी अधिकार (सोल कस्टडी) दे दिए थे, लेकिन साथ ही मां के लिए भविष्य में संयुक्त संरक्षण हासिल करने के वास्ते अनुरोध करने का विकल्प खुला रखा था। अदालत के आदेश के बाद पटेल ने अपने और बच्चे के लिए भारत का वीजा लिया और मां को यह कहकर भारत चला गया कि वह दो सप्ताह या एक महीने में लौट आएगा। पटेल जुलाई 2017 में बच्चे को भारत ले गया और कुछ दिन बाद मां को फोन करके कहा कि वह बच्चे को अब कभी अमेरिका वापस नहीं लाएगा। इसके बाद बच्चे की मां ने कानूनी सलाह ली और दोबारा न्यूजर्सी सुपीरियर कोर्ट का रुख किया। न्यूजर्सी सुपीरियर कोर्ट ने अक्टूबर 2018 में पटेल को तत्काल बच्चे को अमेरिका लाने का निर्देश दिया। मां के वकील ने पारिवारिक अदालत का आदेश पटेल को ई-मेल किया, लेकिन वह बच्चा लेकर अमेरिका नहीं आया। अक्टूबर 2020 में पटेल और बच्चा भारत से ब्रिटेन रवाना हुए। वहां पहुंचते ही अमेरिका के गिरफ्तारी अनुरोध के आधार पर पटेल को गिरफ्तार कर लिया गया। हेग कन्वेंशन के तहत लंदन की एक अदालत ने सुनवाई के बाद आदेश दिया कि यह बच्चे के सर्वोत्तम हित में है कि उसे भारत में उसके दादा-दादी के पास भेज दिया जाए। पटेल को सितंबर 2021 में अमेरिका प्रत्यर्पित कर दिया गया, ताकि उनके खिलाफ सुनवाई पूरी की जा सके।

**निर्देश** | नवंबर 2019 में मंत्रालय ने पत्र सूचना कार्यालय में एक तथ्यान्वेषी इकाई भी स्थापित की जिसने फर्जी समाचारों का भंडाफोड़ किया है।

# 2021 से 2022 की अवधि में 94 यूट्यूब समाचार चैनलों को ब्लॉक करने के निर्देश दिये : सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी



सरकार ने मंगलवार को कहा कि 2021 से 2022 की अवधि में फर्जी खबरों तथा देश के लिए अहितकर सामग्री प्रकाशित करने के लिए 94 यूट्यूब आधारित समाचार चैनलों और 19 सोशल मीडिया खातों, वेबसाइटों एवं ऐप को ब्लॉक करने के निर्देश जारी किये हैं।

सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने लोकसभा में पशुपति नाथ सिंह और जनार्दन सिग्रीवाल के प्रश्नों के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। ठाकुर ने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के तहत सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 के अनुसार प्रकाशकों के लिए आवश्यक है कि वे ऐसी सामग्री प्रकाशित नहीं करें जो गलत, भ्रामक, मिथ्या और अर्द्धसत्य हो।

उन्होंने यह भी बताया कि नवंबर 2019 में मंत्रालय ने पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) में एक तथ्यान्वेषी इकाई (एफयूसी) भी स्थापित की जिसने फर्जी समाचारों का भंडाफोड़ किया है। ठाकुर ने कहा कि सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने 2021 से 2022 की अवधि के दौरान सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 69क के अनुसार फर्जी समाचारों तथा भारत की संप्रभुता, अखंडता, रक्षा, सुरक्षा और दूसरे देशों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंधों आदि के हित में नहीं पाई जाने वाली सामग्री प्रकाशित करने के लिए 94 यूट्यूब आधारित समाचार चैनलों और 19 सोशल मीडिया खातों, वेबसाइटों एवं ऐप को ब्लॉक करने के निर्देश जारी किये हैं।

मंत्री ने उत्तर में बताया कि इसी तरह इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने भी सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 की धारा 69क के तहत सामग्री के संबंध में 2021 से 2022 तक सोशल मीडिया मध्यस्थों संबंधी 747 यूआरएल को ब्लॉक करने के निर्देश जारी किये हैं।

### भारत में तीन साल में 329 बाघों की मौत : सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार ने बताया कि भारत में पिछले तीन साल में 329 बाघों की मौत शिकार, प्राकृतिक और अप्राकृतिक कारणों से हो गयी। उसने यह भी कहा कि इसी अवधि में शिकार, बिजली का करंट लगने, जहरीले पदार्थ का सेवन करने और ट्रेन हादसों की वजह से 307 हाथियों की मृत्यु हो गयी। केंद्रीय पर्यावरण राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने सोमवार को लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 2019 में 96 बाघों की मौत हो गयी, 2020 में 106 तथा 2021 में 127 बाघ मारे गये। चौबे के अनुसार इनमें 68 बाघ प्राकृतिक कारणों से, पांच अप्राकृतिक कारणों से और 29 बाघ शिकारियों के हमलों में मारे गये। मंत्री के जवाब में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार शिकार के मामलों की संख्या में कमी आई है जो 2019 में 17 से 2021 में घटकर चार रह गयी है।

# यूएनआरडब्ल्यूए ने फलस्तीनी शरणार्थियों के लिए भारत से मिल रही मदद की सराहना की

यरूशलम, एजेंसी

फलस्तीनी शरणार्थियों के लिए राहत कार्य करने वाली संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी यूएनआरडब्ल्यूए ने भारत से मिली 25 लाख डॉलर की मदद के लिए उसकी सराहना की।

यह राशि फलस्तीनी शरणार्थियों की सहायता के लिए संगठन द्वारा संचालित विद्यालयों, स्वास्थ्य सेवा केंद्रों और अन्य मूलभूत सेवाओं को सीधे मुहैया कराई जाएगी।

यूएनआरडब्ल्यूए की प्रवक्ता तमारा अल्फीराई ने कहा, हमें भारत की ओर से मिलने वाली सालाना मदद (कुल 50 लाख डॉलर) की आधी राशि (25 लाख डॉलर) मिल गई है, जिसके लिए हम उसके आभारी हैं। भारतीय योगदान से यूएनआरडब्ल्यू के मुख्य बजट में मदद मिलती है, यानी यह राशि फलस्तीनी शरणार्थियों के लिए संचालित हमारे विद्यालयों, स्वास्थ्य सेवा केंद्रों और अन्य मूलभूत सेवाओं में सीधे जाती है।

उन्होंने कहा, भारत सरकार ने 2018 से यूएनआरडब्ल्यूए को दो करोड़ डॉलर की सहायता दी है।

विदेश मंत्रालय में पश्चिम एशिया एवं उत्तर अफ्रीका (डब्ल्यूएएनए) प्रभाग के निदेशक सुनील कुमार ने पिछले शुक्रवार को यरूशलम में यूएनआरडब्ल्यूए अधिकारियों को भारत की ओर से चैक प्रदान किया।

यूएनआरडब्ल्यूए में डिपार्टमेंट ऑफ एक्स्टर्नल रिलेशंस में साझेदारी निदेशक करीम आमेर ने भारत की सराहना करते हुए कहा, समय पर दिया गया यह योगदान यूएनआरडब्ल्यू के काम के प्रति भारत के दृढ़ सहयोग और फलस्तीनी शरणार्थियों के कल्याण के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

कई साल तक संगठन में सेवाएं दे चुके एक अन्य वरिष्ठ अधिकारी ने पीटीआई से कहा, भारत सरकार जैसे मददगारों के लगातार सहयोग के कारण ही एजेंसी लगातार चुनौतियों के बीच पश्चिम एशिया में फलस्तीनी शरणार्थियों को अहम सेवाएं मुहैया करा पा रही है। भारत वैश्विक महामारी में भी हमें नहीं भूला।

विदेश राज्य मंत्री वी मुरलीधरन ने 23 जून, 2020 में आयोजित हुए यूएनआरडब्ल्यूए के असाधारण मंत्रिस्तरीय प्रतिज्ञा सम्मेलन के दौरान घोषणा की थी कि भारत अगले दो वर्षों में एजेंसी को एक करोड़ डॉलर का योगदान देगा।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद

(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129, 9430990555